आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी 10:20 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 1 जुलाई 2025
वर्ष 3, अंक 317, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भोपाल गैस त्रासदी का काला अध्याय खत्म 14

वित्तीय स्थिरता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण 12

# एम्स हमारी चिकित्सा क्षमता का प्रतीक : राष्ट्रपति

## गोरखपुर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में द्रौपदी मुर्मू ने डॉक्टरों की तुलना भगवान से की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि एम्स भारत की चिकित्सा क्षमता का प्रतीक है। यहां हर मरीज को उम्मीद की नई किरण दिखाई देती है। राष्ट्रपति ने डॉक्टरों की तुलना पीड़ित के लिए भगवान से करते हुए विद्यार्थियों को संवेदनशील बनने की सीख दी। कहा कि एक संवेदनशील डॉक्टर न केवल दवा, बल्कि अपने व्यवहार से भी मरीज को जल्द ठीक करने में मदद करता है। सहानुभूतिपूर्ण देखभाल से मरीज की हालत में तेजी से सुधार होता है। चिकित्सा एक प्रोफेशन नहीं, बल्कि सेवा है।

राष्ट्रपति सोमवार को गोरखपुर एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) के पहले दीक्षांत समारोह में बोल रही थीं। उन्होंने विद्यार्थियों को उपाधि व मेडल प्रदान किया। राष्ट्रपति ने कहा कि कभी रात में थके हारे सोए हैं, लेकिन आधी रात में किसी ने फोन किया तो आपको जगना पड़ता है। आपके जगने से कई जिंदगी बचती है। खाने का एक निवाला अंदर गया, तभी टेलीफोन आ गया, लेकिन आप खाना खाकर रेस्ट करके भी नहीं जा सकते हैं। यह इमरजेंसी सर्विस है, इसलिए लोग डॉक्टरों को भगवान मानते हैं। हम भगवान को देखे नहीं, लेकिन जिसके कदमों के पास अपने मरीजों को भेजते हैं,



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में मेडिकल छात्र को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल उपस्थित रहे। अमृत विचार

- **मुर्मू ने कहा- संवेदनशील डॉक्टर न सिर्फ दवा, बल्कि व्यवहार से भी ठीक करता है मरीज**

वे चलते-फिरते भगवान होते हैं, उनसे कहते हैं कि डॉक्टर साहब इसे बचाओ। उनके पास आर्थिक व्यवस्था है कि नहीं, बिन यह सोचे आपको जिंदगी बचानी पड़ेगी, क्योंकि यही मानवता है। मुर्मू ने कहा कि एम्स का नाम सुनते ही मन में विश्वस्तरीय इलाज, उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा, आधुनिक टेक्निक व समर्पित डॉक्टर की छवि आंखों के सामने उभरती है। यह संस्थान भारत की चिकित्सा क्षमता का प्रतीक है। यहां हर मरीज को उम्मीद की नई किरण दिखाई देती है। एम्स ने नवाचार को कार्यशैली का हिस्सा बनाया है। पूर्वी उप्र, सीमावर्ती बिहार व नेपाल के लोगों के लिए उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा के केंद्र के रूप में गोरखपुर एम्स प्रसिद्ध हो रहा है।

समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, गोरखपुर के सांसद रवि किशन, एम्स गोरखपुर के अध्यक्ष देशदीपक वर्मा, एम्स की कार्यकारी निदेशक मेजर जनरल डॉ. विभा दत्ता आदि मौजूद रहे।

### कई देशों की तुलना में भारत में कम है इलाज का खर्च

राष्ट्रपति ने कहा कि विदेशों से भी मरीज भारत में इलाज के लिए आते हैं, क्योंकि यहां इलाज न केवल सुलभ, बल्कि गुणवत्तापूर्ण भी है। भारत में इलाज का खर्च कई देशों की तुलना में बहुत कम है। यह भारत के लिए गौरव की बात है। मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने में एम्स जैसे संस्थाओं की निर्णायक भूमिका रही है।

### एम्स के लिए लड़नी पड़ी सड़क से संसद तक लड़ाई- योगी

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले गोरखपुर में एम्स का बनना सपना था। गोरखपुर एम्स से आज जब प्रथम मैच निकल रहा है तो हम सबके चेहरे पर चमक, उत्साह और उमंग है। एम्स की स्थापना के लिए किए गए संघर्ष को याद करते हुए सीएम योगी ने कहा कि एम्स गोरखपुर आज वटवृक्ष का रूप ले रहा है। इस पूरी यात्रा में मैं एकमात्र व्यक्ति हूं जो इस समय यहां के दीक्षांत मंच पर उपस्थित हूं। उन्होंने कहा कि एम्स के लिए हुए संघर्ष को उन्होंने नजदीक से देखा है। सड़क से संसद तक की लड़ाई लड़ी है।

## पशुओं के कल्याण की भावना से कार्य करें : राष्ट्रपति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित 11वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सक या शोधकर्ता के रूप में जो भी कार्य करें, उस समय मन में बेजुबान पशुओं के कल्याण की भावना होनी चाहिए। पशु और मानव का रिश्ता परिवार का है। पशु के बिना किसान आगे नहीं बढ़ सकते। पशु हमारे जीवन का धन हैं। हमारी संस्कृति सभी जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है। राष्ट्रपति ने गांवों में घरेलू पशु नहीं दिखने को लेकर चिंता व्यक्त की।

दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने 2021 से 2024 के बीच के स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के 576 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने आगाह किया कि उपभोग आधारित संस्कृति मानव, जीव-जंतुओं व पर्यावरण को अकल्पनीय क्षति पहुंचा सकती है। राष्ट्रपति ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज गांवों में घरेलू पशु नहीं दिखते हैं।



आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में छात्रा को उपाधि प्रदान करतीं राष्ट्रपति।

- **राष्ट्रपति ने आईवीआरआई के 11वें दीक्षांत समारोह में 576 विद्यार्थियों को प्रदान कीं मेडल और उपाधियां**

यह पशु खेती में सहयोग करते हैं। टेक्नोलॉजी युग तो आया, लेकिन जमीन में खेती के साथी केंचुआ आदि समाप्त हो रहे हैं। इससे जमीन बंजर हो रही है। जमीन की उर्वरता बचाने के लिए किसानों, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों व आमजन को सोचना चाहिए। पशु संपदा का संरक्षण व विकास हमारा कर्तव्य होना चाहिए।

समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी आदि मौजूद रहे।

## तेलंगाना : दवा फैक्ट्री में विस्फोट, 12 की मौत

संगारेड्डी (तेलंगाना), एजेंसी

- **संगारेड्डी जिले में हुए हादसे में 34 घायल, केमिकल रिएक्शन को माना जा रहा वजह**

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार को एक दवा उत्पादन संयंत्र में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार विस्फोट पशम्यलारम औद्योगिक क्षेत्र में सिगाची दवा कंपनी के संयंत्र के एक रिएक्टर में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया (केमिकल रिएक्शन) के कारण हुआ।

विस्फोट के समय फैक्ट्री में 150 लोग थे जबकि उस क्षेत्र में करीब 90 लोग थे जहां विस्फोट हुआ है। उन्होंने बताया कि विस्फोट सुबह 9.28 से 9.35 बजे के बीच हुआ।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि करीब 10 अग्निशमन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के कर्मी भी बचाव अभियान में लगे हुए हैं। करीब 10 श्रमिक एक कमरे में फंसे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि विस्फोट के समय कितने श्रमिक काम कर रहे थे, उन्होंने कहा कि सटीक संख्या का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### पीएम ने जताया दुख, दो दो लाख देने की घोषणा

प्रधानमंत्री मोदी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया और इस घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में मृतकों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की।



संगारेड्डी : विस्फोट के बाद घटनास्थल पर राहत कार्य में जुटे बचावकर्मी। ● अमृत विचार

### एक नजर

#### प्रदेश में आज से खुलेंगे स्कूल-कॉलेज

**लखनऊ।** परिषदीय स्कूलों के साथ ही राज्य में आज से सभी विद्यालय खुल जाएंगे। परिषदीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं का स्वागत रोली-चंदन और माला पहनाकर होगा। इसी के साथ ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण एक से 15 जुलाई तक चलेगा। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा है कि समस्त परिषदीय विद्यालयों को स्वच्छ, सुंदर और उत्सवमय रूप में सजाया जाएगा।

#### पांच फीसदी महंगी हुई प्राकृतिक गैस

**नई दिल्ली।** वाहन के लिए सीएनजी और खाना पकाने के लिए पीएनजी बनाने में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस की कीमत जुलाई के लिए पांच प्रतिशत बढ़ाई गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम नियोजन और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के अनुसार, मासिक संशोधन के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा संचालित पुराने क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस की कीमत 6.41 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 6.75 अमेरिकी डॉलर प्रति इकाई कर दी गई है।

## जीएसटी संग्रह 5 साल में 22.08 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- **वित्त वर्ष 2020-21 में था 11.37 लाख करोड़ रुपये संग्रह**

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पांच साल में दोगुना होकर वित्त वर्ष 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 11.37 लाख करोड़ रुपये था।

सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार सकल जीएसटी संग्रह 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के अपने उच्चतम स्तर को छू गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 9.4 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में औसत मासिक संग्रह 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 2023-24 में 1.68 लाख करोड़ रुपये और 2021-22 में 1.51 लाख करोड़ रुपये था।

जीएसटी के आठ वर्षों पर एक सरकारी बयान में कहा गया कि इसके लागू होने के बाद से, माल और सेवा कर ने राजस्व संग्रह और कर आधार बढ़ाने में मजबूत वृद्धि दिखाई है।





### लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए पीपीएफ और एनएससी सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। यह लगातार छठी तिमाही है जब लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को यथावत रखा गया है।

## किशोरी को आतंकी गतिविधियों में शामिल करने की कोशिश

**अमृत विचार, प्रयागराज :** प्रयागराज जिले की पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर केरल ले जाने, उसका धर्म परिवर्तन कराने और आतंकी गतिविधियों में शामिल करने की कोशिश के आरोप में दरकशा बानो और मोहम्मद कैफ को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता को केरल से प्रयागराज लाकर वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है।

गंगा नगर के पुलिस उपायुक्त कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि 26 जून को पीड़िता की मां ने फूलपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि बानो उनकी 15 वर्षीय बेटी को आठ मई को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गई थी। मोहम्मद कैफ ने नाबालिग को मोटरसाइकिल से प्रयागराज जंक्शन पहुंचाया। बानो उसे ट्रेन से पहले दिल्ली ले गई फिर वहां से केरल जहां उसने नाबालिग को कुछ संदिग्ध लोगों से मिलवाया। संदिग्धों ने उसे रुपयों का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया और आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के लिए दबाव बनाया था।

## अमरनाथ यात्रा के लिए आज से ऑफलाइन पंजीकरण

जम्मू, एजेंसी

अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए मंगलवार से ऑफलाइन पंजीकरण भी शुरू होगा। इसके लिए यहां टोकन वितरण केंद्र सोमवार को चालू कर दिया गया। वहीं, अधिकारियों ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। 38 दिवसीय वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी। यह यात्रा दो मार्गों से संपन्न होगी। तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग तथा गांदरबल जिले में छोटे, लेकिन अधिक खड़े ढलान वाले 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर तक जा सकते हैं।

श्रद्धालुओं का पहला जत्था दो जुलाई को जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना होगा। अधिकारियों ने सोमवार को जम्मू के सरस्वती धाम में टोकन वितरण केंद्र खोला, बारिश के बावजूद पंजीकरण के वास्ते टोकन लेने के लिए केंद्र पर श्रद्धालु उमड़ पड़े। लंबी कतारें लग गईं। जम्मू (दक्षिण) के उपसंभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) मनु हंसा ने यहां बताया कि आज से टोकन वितरण शुरू हो गया है। सरस्वती धाम में एक टोकन केंद्र स्थापित किया गया है। टोकन लेने के बाद तीर्थयात्री मंगलवार को पंजीकरण करा सकते हैं और दो जुलाई को जम्मू में भगवती नगर आधार शिविर से शुरू होने वाली तीर्थयात्रा पर जा सकते हैं।

**अमरनाथ यात्रा के मार्गों पर सुरक्षा बढ़ाई गई : श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा से पहले दक्षिण कश्मीर के पवित्र गुफा मंदिर की ओर जाने वाले मार्गों पर उच्च तकनीक वाले उपकरणों की तैनाती समेत कई उच्च स्तरीय सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर रणनीतिक स्थानों पर चेहरा पहचानने वाली प्रणाली लगाई गई है। इसके अतिरिक्त, कश्मीर घाटी से गुजरने वाले पूरे यात्रा मार्ग को नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है।

वहीं जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा के लिए काफी बेहतर व्यवस्था की गई है।



पंजीकरण टोकन के लिए काउंटर पर श्रद्धालुओं की लगी भीड़।

- **यात्रा 3 जुलाई से होगी शुरू टोकन के लिए लगी कतार**

### यहां कराएं पंजीकरण

दक्षिण जम्मू के एसडीएम मनु हंसा ने बताया कि पंजीकरण मंगवार को तीन केंद्रों – वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में शुरू होगा। यह एकमात्र केंद्र है, जहां से श्रद्धालु टोकन प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र सुबह सात बजे खुलता है। एसडीएम ने कहा कि टोकन और पंजीकरण का प्रतिदिन का कोटा दो-दो हजार है और काउंटर तब तक खुले रहेंगे, जब तक कि दैनिक कोटा समाप्त नहीं हो जाता।

स्मरण कर आपका, श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।
सदैव रहे आपका आशीर्वाद, प्रभु से प्रार्थना करते हैं।।



26वीं पुण्यतिथि

बाबू केदार नाथ सिंह जी
पूर्व मंत्री- भारत सरकार

दिनांक - 1 जुलाई 2025 | समय - प्रातः 7 बजे | स्थान - के एन आई परिसर

हवन एवं पूजन कार्यक्रम में आप सादर आमन्त्रित हैं।

वे हमारे बीच आज नहीं हैं, उनकी कीर्ति, उनके विकास के कार्य सुलतानपुर ही नहीं, प्रदेश की गौरवगाथा हैं। ऐसे सपूत की पुण्यतिथि पर हम उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। उनके सृजन एवं यशस्वी कृतियाँ वर्तमान व भावी पीढ़ी के लिए यादगार प्रेरणास्रोत हैं।

निवेदक
कमला नेहरु संस्थान परिवार
शुभचिन्तक, सहयोगी एवं समस्त स्वजन

अभिषेक कम्प्यूटर्स, सुल. '9918717272'

# 'डॉक्टर्स डे' पर जन-जन के स्वस्थ रहने के लिये मंगलकामनायें

भारत देश के चिकित्सा पेशेवरों की अथक सेवा, समर्पण और करुणा को पहचानने के लिए हर साल 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाता है। यह दिन डॉक्टरों द्वारा समुदायों के उपचार, सुरक्षा और समर्थन में अक्सर बड़ी व्यक्तिगत कीमत पर निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करता है।


डॉक्टर्स डे पर सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं

बेल व्यू हॉस्पिटल
BELLE VUE HOSPITAL
Fibroid, Ovarian Cyst, Pregnancy, Infertility, PCOS, Prolapse, Menopause, Family Planing)
(Medical & Surgical)

- गर्भाशय एवं अण्डाशय की गांठों का दवा द्वारा यथा संभव इलाज।
- गर्भाशय एवं अण्डाशय के सभी प्रकार के गांठों का चीरे द्वारा तथा दूरबीन द्वारा ऑपरेशन की सुविधा।
- घात एवं ल्यूकोरिया का दवा द्वारा समुचित इलाज।
- कैंसर परीक्षण की सभी आवश्यक तकनीक उपलब्ध ।
- 24 घण्टे इमरजेन्सी।
- नार्मल डिलीवरी की सुविधा।
- ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी की सुविधा।
- Infertility निसंतानता का समुचित इलाज।
- बन्द ट्यूब का Hydrotubation विधि द्वारा इलाज।



डॉ. शालिनी चौहान
MBBS, MS, (Gold Medalist) DGO, MRCOG
स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ
I-Sons Tower Near Panchsheel Hotel, Devkali Ayodhya, Mob: 8081273058

आप सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ.एम एस विष्णु
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, अयोध्या।

आप सभी को "डॉक्टर्स डे" की हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. विक्रांत यादव
प्रतिष्ठित न्यूरो सर्जन
एमबीबीएस, एमएस, एमसीएच
एक वर्ष में 400 से अधिक सर्जरी करने की उपलब्धि
इन सर्जरी में विशेष दक्षता
- ब्रेन ट्यूमर • हेड इंजरी • स्पाइनल ट्यूमर • स्पाइन इंजरी • हाइड्रोसिफ़लस • मायलोमेनिंगोसील

Available 24x7 Emergency
OPD- 2 PM-5PM daily

चिरंजीवी हॉस्पिटल, नाका, अयोध्या, मो0: 9936089797

कलावती एवं न्यू कलावती मेडिकल सेंटर
की ओर से
"डॉक्टर्स डे" की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं





श्रीमती सुमन वर्मा
प्रोपराइटर

सुविधायें
- मेडिसिन- OPD, IPD
- 24x7 फार्मेसी • 24x7 सभी प्रकार की जाँच की सुविधा • 24x7 इमरजेंसी सेवा
- लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
- 24x7 नार्मल एवं सिजेरियन डिलिवरी
- सर्जरी OPD
- महिला एवं प्रसूति रोग OPD



डॉ0 वीरेन्द्र वर्मा
(MBBS, MPH)
(शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर)

विशेषज्ञ
डॉ0 शादमा खान (MS. Gynae & Obs)
डॉ0 ए0 अहमद खान MS. (सर्जरी)
डॉ0 विनीत सिंह MS. Mch. न्यूरोसर्जरी

पता-देवकाली बाईपास, अयोध्या, मो0- 7007877840, 9453179500



पल्स हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर

अच्छा स्वास्थ्य आपके हाथ में है।

हमारी सेवाएँ
- प्रसूति स्वास्थ्य देखभाल
- बाल स्वास्थ्य सेवाएँ
- डायग्नोस्टिक जाँच
- आपातकालीन देखभाल



डॉ. सईदा रिज़्वी
बी.एस.सी., एम.बी.बी.एस., पी.एम.एस.डब्लू
(वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ)

डॉ. दीपशिखा चौधरी
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (गाईनी एवं ऑब्स) पी.जी.डी.एस.
(स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ)

3/2/18-सी मुकेरी टोला रिकाबगंज निकट-अलका टॉवर-अयोध्या
सम्पर्क करें: +919369838388, +917388700180

**आज का मौसम**

आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहने व वर्षा होने की संभावना है।

34.0° अधिकतम तापमान | 25.5° न्यूनतम तापमान

**आज के कार्यक्रम**



- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विवि के ललित कला विभाग में कार्यशाला सुबह 10 :00 बजे से।
- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर निविदा संविदा कर्मियों का धरना सुबह 10 :00 बजे से।
- सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर कृष्णापुर रसूलाबाद में साइकिल वितरण सुबह 10 :30 बजे से
- जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में अपराह्न 12 :00 बजे से।

## साकेत कॉलेज के स्नातक में प्रवेश शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** कासु साकेत महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के स्नातक प्रथम सेमेस्टर बीए, बीएस-सी, बीकॉम व बीसीए में प्रवेश प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होगी। मीडिया प्रभारी प्रो. आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि बीएससी बायो ग्रुप का प्रवेश भौतिक विज्ञान विभाग में, बीएससी मैथ वर्ग का गणित विभाग, बीए प्रथम वर्ष का प्रवेश प्रथम प्रवेश समिति द्वारा मुख्य भवन के कक्ष संख्या एक व द्वितीय प्रवेश समिति द्वारा कक्ष संख्या चार में, बीकॉम का वाणिज्य विभाग में और बीसीए का प्रवेश बीसीए विभाग में होगा।

# बारिश ने खोली दावों की पोल, रामपथ के साथ गलियां भी तालाब में तब्दील

## रामपथ पर डक्ट जाम, जगह-जगह डिवाइडर के बराबर भरा पानी

**अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग के पोर्च में बना डक्ट उफनाया**

**श्रीराम अस्पताल, जलवानपुरा समेत अन्य इलाकों में जलभराव**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में एक घंटे की झमाझम बारिश ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। रामपथ, गलियों और प्रमुख स्थानों पर जलभराव की स्थिति ने स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी में डाल दिया। राम मंदिर के पास जलवानपुरा, श्रीराम अस्पताल और अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के पोर्च तक पानी घुस गया, जिससे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं, मतगजेंद्र चौराहे पर स्थित पलटू दास अखाड़े के शिखर पर बिजली गिरने की घटना ने सभी को चौंका दिया, हालांकि इसमें कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

रविवार सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई तेज बारिश ने अयोध्या के रामपथ को तालाब में बदल दिया। रामपथ पर डक्ट जाम होने के कारण जल निकासी पूरी तरह ठप हो गई। सड़कों पर डिवाइडर के बराबर पानी भर गया, जिससे आवागमन में भारी दिक्कतें हुईं। रामपथ पर जगह-जगह डक्ट जाम होने के कारण श्रीराम अस्पताल से लेकर लता चौक तक कई जगहों पर डिवाइडर के बराबर पानी भर गया। राम मंदिर जाने वाले प्रमुख मार्ग श्रीरामजन्मभूमि पथ के सामने रामपथ पर घुटनों के बराबर पानी भरा रहा, जबकि भक्ति पथ के प्रवेश द्वार, श्रृंगार हाट, छोटी देवकाली समेत कई जगहों पर घंटों पानी भरा रहा। इसके चलते श्रद्धालुओं ने जलभराव से बचने के लिए रामपथ पर दोनों ओर बने फुटपाथ का सहारा लिया। हाल यह रहा कि कई बाइक व सीएनजी ऑटो में पानी भर जाने के कारण वह बीच सड़क पर ही खराब हो गई।

यही हाल गलियों का भी रहा। सीवर व नाली जाम होने के कारण जगह-जगह जलभराव हो गया। रायगंज जैन मंदिर से रेलवे स्टेशन मार्ग पर दो से तीन फीट पानी भर गया। छोटी छावनी, तुलसी स्मारक भवन, श्रीराम अस्पताल, जलवानपुरा, बड़ी छावनी के पीछे, रामघाट समेत अन्य इलाकों में घंटों जलभराव रहा। अयोध्या निवासी मनोज वर्मा, प्रदीप गुप्ता आदि ने बताया कि सीवर निर्माण के बाद से कभी इसकी सफाई नहीं हुई, दोनों तरफ की नालियां भी पहले से चोक है। अगर इसे जल्द साफ न कराया गया तो आने वाली बरसात में और बुरी स्थिति का सामना करना पड़ेगा। आलोक निगम, अवध बिहारी का कहना है कि राम मंदिर के निर्माण और अयोध्या के सौंदर्यीकरण पर भारी-भरकम बजट खर्च होने के बावजूद बारिश ने प्रशासन की तैयारियों की हकीकत उजागर कर दी।



श्रीरामजन्मभूमि पथ के सामने रामपथ पर जलभराव। अमृत विचार



सब्जी मंडी के सामने जलभराव से होकर गुजरते श्रद्धालु। अमृत विचार



अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर बना डक्ट उफनाया, साफ-सफाई करता कर्मी।

### अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का डक्ट ओवरफ्लो

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग के सामने पोर्च में बने डक्ट बरसात के चलते ओवरफ्लो हो गए। इसके चलते चैंबर से पानी निकलकर बाहर आ गया। कुछ ही देर में चारों ओर पानी ही पानी हो गया। आनन-फानन में रेल अधिकारियों ने सफाईकर्मियों को बुलाकर चैंबर साफ कराया। उसमें से ढेरों पन्नियां व अन्य कचरा निकला। इसके बाद लंबे पोर्च की सफाई कराई गई। वहीं प्लेटफार्म नंबर एक पर बने कॉनकोर्स के नीचे भी पानी निकासी के लिए लगी पाइप से पानी बहकर प्लेटफार्म पर आने लगा। स्टेशन अधीक्षक विजय कुमार चौबे ने बताया कि चेंबर आदि की सफाई करा ली गई है। नई बिल्डिंग में पानी नहीं गया था।

### पलटू दास अखाड़े के शिखर पर गिरी बिजली



बिजली गिरने से क्षतिग्रस्त हुआ पलटू दास अखाड़े का शिखर (लाल घेरे में)।

मतगजेंद्र चौराहे के पास स्थित प्राचीन पलटू दास अखाड़े के शिखर पर सोमवार करीब 12 बजे बिजली गिरने की सूचना है। इस मंदिर में करीब 50 साधु-संत व विद्यार्थी रहते हैं। हालांकि जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन मंदिर का शिखर क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना को स्थानीय लोग भगवान की कृपा मान रहे हैं। मंदिर के महंत धर्मेंद्र दास महाराज ने बताया कि बिजली शिखर के एक हिस्से में छेद करते हुए अंदर तक आई। इससे गुंबद का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। मंदिर के अंदर ढेरों मलबा गिरा हुआ है।



निरीक्षण करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार।




### नयाघाट स्थित पीएनबी में घुसा पानी, काम बाधित

अयोध्या के नयाघाट स्थित महापौर आवास के पीछे स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में अंदर पानी घुस गया, जिससे कई घंटों काम काज बाधित रहा। बैंक मैनेजर सत्येंद्र मिश्रा ने बताया कि कई बार सड़क निर्माण के चलते बैंक सड़क से नीचे हो गया, इसके चलते सड़क पर बह रहा पानी बैंक में अंदर आ गया। फिलहाल साफ सफाई कराकर काम काज शुरू कर दिया गया है।



पंजाब नेशनल बैंक में भरा पानी।

> नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ जल जमाव से प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया और तत्काल पंप लगवा कर जलनिकासी सुनिश्चित कराई। जनौरा बाइपास, नाका खादी आश्रम, अयोध्याधाम के कौशलेश कुंज एवं जलवानपुरा क्षीरसागर के आसपास निरीक्षण कर जलनिकासी का प्रबंध कराया।
> – गिरीशपति त्रिपाठी, महापौर

# राम मंदिर परिसर के 10 एकड़ में विकसित हो रहा है पंचवटी वन

अयोध्या कार्यालय

**180 से अधिक प्रजातियों के लगेंगे पौधे**

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि परिसर में मंदिर के दक्षिण दिशा की ओर 10 एकड़ भूमि पर पंचवटी वन विकसित किया जा रहा है, जिसमें त्रेतायुगीन पौधे लगाए जाएंगे। लगभग 180 से अधिक प्रजातियों के पौधों को लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके अलावा इस वन में पशु पक्षी और बंदरों के लिए एक अभ्यारण व बीच एक जलाशय भी तैयार किया जाएगा।

राम मंदिर परिसर में सौन्दर्यीकरण करने वाली संस्था जीएमआर द्वारा पंचवटी को विकसित करने के लिए यहां रामायण कालीन दुर्लभ प्रजाति के वनस्पतियों व पुष्पों के साथ पूरे परिक्षेत्र को हरियाली में परिवर्तित किया जा रहा है। यहां वनचर व जलचरों के साथ विशेष प्रजाति के पक्षियों के लिए एक अभ्यारण्य भी विकसित किया जा रहा है। जलाशय का निर्माण स्वीमिंग पूल की तरह ही होगा। इसमें मोटर पम्प के जरिए पानी भरने और फिर निकालने की व्यवस्था होगी। यह योजना रामायण के कुछ प्रमुख प्रसंग पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि लगभग 10 एकड़ में पंचवटी बन रहा है। यह वन पक्षी, मोर और बंदरों के लिए एक घर जैसा होगा, जहां पानी की भी सुविधा होगी।

# आज से हनुमानगढ़ी पर चढ़ेंगे शुद्ध देसी घी के बने लड्डू

अयोध्या कार्यालय

**मंदिर प्रशासन व प्रसाद विक्रेताओं के बीच हुई बैठक में लिया गया फैसला**

**अमृत विचार :** सावन माह के प्रारम्भ होने से पहले रामनगरी अयोध्या में हनुमानगढ़ी पर चढ़ने वाला लड्डू प्रसाद के विक्रेताओं के लिए नया फरमान जारी हो गया। देसी घी के अलावा यदि मिलावटी प्रसाद की बिक्री की जाएगी तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इसके लिए प्रसाद विक्रेता अपनी दुकान के नाम को लड्डू के डिब्बों पर अंकित करना होगा, जिससे मिलावट करने वाले का पहचान हो सके।

सोमवार को अयोध्या के सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी मंदिर के पंचों व प्रसाद विक्रेता व्यापारियों के बीच बैठक हुई। इसमें एक जुलाई से बजरंगबली को लगने वाले भोग प्रसाद के विक्रेताओं को शुद्ध देसी घी के ही लड्डू बेचने की अनुमति दी गई है। इसके लिए हनुमानगढ़ी और व्यापारी के बीच एक आठ सदस्य समिति को तैयार किया गया है, जो मिलावट करने वाले व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। समिति में संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास, गद्दीनशीन के शिष्य डॉ महेश दास, हरिद्वार पट्टी के उत्तराधिकारी राजेश दास और महंत रामशंकर दास व व्यापारी नेता पंकज गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, सुरेश गुप्ता, बबलू गुप्ता शामिल हैं।

व्यापारी नेता पंकज गुप्ता ने बताया कि एक जुलाई से इस नियम को लागू कर दिया गया है। नंदलाल गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र में कुछ नए व्यापारी भी आए हुए हैं जो तरह-तरह के लड्डू को तैयार कर रहे हैं। भगवान को लगने वाले भोग शुद्ध देसी घी से ही बने, और मिलावट सामग्रियों से तैयार करने वाले लड्डू विक्रेताओं पर लगाम लगाया जा सके, इसके लिए समिति बनाई गई है। संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास ने बताया कि अखाड़े के अंतर्गत जितने भी दुकान आती हैं, सभी व्यापारियों का अपना एक लोगो होगा और हर एक व्यापारी अपने दुकान के नाम के साथ प्रोपराइटर का नाम शो करना होगा।



हनुमान मंदिर के पास स्थित लड्डू प्रसाद की दुकान। अमृत विचार

## डॉ. अंशुमान और डा. इंद्रजीत का तबादला

**गोसाईगंज, अमृत विचार:** गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात चिकित्सक डॉ. इंद्रजीत वर्मा का एक बार फिर तबादला कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बानियान ने डॉ. वर्मा को खंडासा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है। बता दें कि 16 जून को उनका तबादला पूरा बाजार सीएचसी के लिए हुआ था, लेकिन किसी तरह गोसाईगंज में ही उन्होंने पुनः तैनाती पा ली थी। अब सीएमओ ने फिर खंडासा में कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया है। मया सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी अंशुमान यादव का तबादला बीकापुर सीएचसी कर दिया गया है।

# दहेज हत्या में पति को आठ साल की सजा

**अयोध्या, अमृत विचार :** दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने के मामले में कोर्ट ने पति को दोषी पाते हुए आठ साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 10 हजार रुपये जुर्माना भी हुआ। फैसला अपर जिला जज सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से हुआ।



सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विजय कुमार ओझा ने बताया कि शेर बहादुर ने अपनी लड़की रूपा की शादी घटना से सात साल पहले संतोष कुमार रावत निवासी मटौली थाना पटरंगा के साथ किया था। लड़की का पति संतोष रावत आए दिन शराब पीकर मारता-पीटता था। पांच वर्ष पूर्व से बेटी को मायके नहीं जाने देता था। विवाह में शेर बहादुर ने अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले दहेज में कार की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर 3 अप्रैल 2018 को विवाहिता को मारपीट कर जबरन जहर पिला दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसकी रिपोर्ट शेर बहादुर ने केशव राम तथा पति संतोष के खिलाफ दर्ज कराई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने केशव राम को दोष मुक्त कर दिया, जबकि संतोष को दोषी पाते हुए सजा दी।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत चवरढार में सोमवार की सुबह घर के बाहर खेल रहा सत्येंद्र दुबे का पुत्र मानस (4) ट्रैक्टर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घरवाले तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर ले गए, जहां चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्चे के दादा ओंकारनाथ होमगार्ड में कार्यरत हैं। पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि घटना के संबंध में पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। यदि कोई शिकायत आती है तो मामले की जांच की जाएगी।

# गौशाला में गायें बीमार और मृत नहीं हो रहा अंतिम संस्कार: शरद

अयोध्या कार्यालय

**जिम्मेदारों के खिलाफ दर्ज कराएंगे रिपोर्ट, दो को श्रद्धांजलि सभा**

**अमृत विचार:** यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शरद शुक्ला ने कान्हा गोशाला की व्यवस्था को कटघरे में खड़ा किया। इसके जरिए नगर निगम और भाजपा सरकार पर निशाना साधा। कहा कि गौशाला में गायें बीमार मृत पड़ी है। उनका अंतिम संस्कार नहीं हो पा रहा। उन्होंने कहा कि इसका वीडियो उनके पास है।

एक होटल में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इस पर पैसा खर्च कर रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। तीन से चार महीने का सीसीटीवी फुटेज और वहां का रजिस्टर जिसमें गायों का पंजीकरण होता है उनको जब्त किया जाए। एसआईटी गठित कर जांच की जाए। जो लोग इसके जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। कई सवाल उठाए। कहा कि जरूरत पड़ी तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ वे रिपोर्ट दर्ज कराएंगे। दो जुलाई को नगर निगम के कार्यालय में मृत गायों के लिए श्रद्धांजलि सभा करेंगे। उन्होंने नगरवासियों को आमंत्रित भी किया है। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष शिवपूजन पांडेय, जिला युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय, अम्बरीष, दीपांशु, शैलेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

**हालात** | वीआईपी जिले में 60 फीसदी खाद्य वस्तुएं मानक पर खरी नहीं, पूरे साल प्रवर्तन दल की कार्रवाई में 2600 प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण

# 546 जांच रिपोर्ट, 330 खाद्य पदार्थ मानक के विपरीत

**आ रहे देश-विदेश के श्रद्धालु, लग सकता अयोध्या की साख को बट्टा**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** साल भर में 546 खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट में 330 खाद्य पदार्थ मानक के विपरीत मिले। यह आंकड़ा वीआईपी जिले में बिक रहे खाद्य पदार्थों की शुद्धता को समझने के लिए काफी है। जहां प्रतिदिन लगभग एक लाख श्रद्धालु और धार्मिक पर्यटकों का आना-जाना हो रहा है। इनमें देश-विदेश से स्थानीय शामिल है। ऐसे में अधोमानक खाद्य पदार्थ अयोध्या की साख को बट्टा लगा सकते हैं।

अयोध्या में राम मंदिर के पक्ष में फैसला आने के बाद जिले की तस्वीर बदली है। मंदिर निर्माण और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही से अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ा। दुकान और प्रतिष्ठानों की संख्या बढ़ी। लोगों को रोजगार मिले लेकिन भीड़ बढ़ने के साथ गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ा। ऐसा खाद्य विभाग की रिपोर्ट ही कह रही है। साल 2024-25 की रिपोर्ट 24 जून को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक में रिपोर्ट बड़े अफसरों के सामने पेश की। पूरे साल प्रवर्तन कार्रवाई में 2600 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। 466 छापे की कार्रवाई की गई। 600 खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए गए। 546 में जाँच रिपोर्ट आई। 330 खाद्य पदार्थ मानक के विपरीत पाए गए। यह कुल जांचे गए नमूनों का लगभग 60 फीसदी है। मतलब बिक रहे आधे से ज्यादा खाद्य पदार्थ मानक के विपरीत है। यह किसी भी स्थान के लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरे की घंटी हो सकती है। हालांकि विभाग ने इनके खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की। जुर्माने से सजा तक की कार्रवाई बताई गई लेकिन कार्रवाई से इतर सुधार ज्यादा जरूरी महसूस की जा रही है। खासतौर से अयोध्या के लिए। ऐसा बातचीत में जिले के बड़े अफसर भी स्वीकार करते हैं। कहते हैं कि प्रवर्तन के साथ दुकानदारों और आम लोगों को जागरुक किए जाने की जरूरत ज्यादा है। उपभोक्ता यदि संवेदनशील होगा तो खाद्य पदार्थों के बारे में जानकारी करके बिल लेकर खरीदेगा तो शुद्दता की मात्रा बढ़ने की उम्मीद है।



साल 2025 के मई तक के आंकडे भी कुछ इसी ओर इशारा करते हैं। समिति की बैठक में जो आंकड़े पेश किए गए उनके मुताबिक 360 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। 84 छापे की कार्रवाई की गई। 121 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए, 81 में जाँच रिपोर्ट मिली। इसमें 43 खाद्य पदार्थ मानक के विपरीत मिले। अभियोजन की कार्रवाई के तहत वाद दाखिल किए गए। अर्थदंड भी लगा। मतलब कुल जांचे गए नमूनों में लगभग 53 फीसदी अब भी मानक के विपरीत पाए गए।

इसके कारण भी कई चर्चा में आए। बगैर लाइसेंस दुकानों का संचालन। एक ही सामान का बार-बार उपयोग। मसलन कढ़ाही के तेल में कई बार सामान तैयार करने से इसकी शुद्धता प्रभावित होती है। इसी तरह तमाम मिलावटी सामानों का प्रयोग आंकड़ों को खराब कर रहा है।

बैठक में एडीएम प्रशासन जिले में कुकिंग ऑयल का बार-बार इस्तेमाल न करने के लिए खाद्य कारोबार कर्ताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। सभी चौराहों, स्ट्रीट फूड वेन्डर को सबसे पहले जानकारी देने के लिए कहा। सीडीओ केके सिंह ने ईट राईट कैंपस योजना के तहत इण्डस्ट्रिल एरिया को लेकर योजनाबद्ध तरीके से आच्छादित किए जाने का निर्देश दिया। अब जिम्मेदारी खाद्य विभाग के पास है वह अयोध्या की साख बचाने के खादय पदार्थों की शुद्धता को किस स्तर तक ले जाता है।

## सार-संक्षेप

### अयोध्या-बलरामपुर मार्ग को फोरलेन कराने की मांग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या के पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने अयोध्या-बलरामपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को फोरलेन करने और अयोध्या रिंग रोड पर आवश्यक अंडरपास निर्माण के लिए पत्र सौंपा। पूर्व सांसद ने कहा कि अयोध्या से नवाबगंज, गोंडा होते हुए बलरामपुर तक जाने वाले इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी यातायात का दबाव रहता है। धार्मिक आयोजनों, पर्व-त्योहारों और आम दिनों में भी इस मार्ग पर जाम की स्थिति रहती है, जिससे आम नागरिकों और श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इस मार्ग का चौड़ीकरण समय की जरूरत है। इसके अलावा जलालाबाद-हूंसेपुर संपर्क मार्ग पर ओवरब्रिज या अंडरपास, तिवारी का पुरवा व तुलसी तारा ददेरा के मध्य भी अंडरपास निर्माण की जरूरत बताई। पूर्व सांसद ने आग्रह किया कि जनसुविधा और यातायात सुरक्षा को देखते हुए इसे योजना में सम्मिलित किया जाए।

### वन महोत्सव की शुरुआत आज से, लगेंगे 3.74 लाख पौधे

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ाने के उद्देश्य से कुमारगंज में वन महोत्सव का शुभारंभ एक जुलाई से होगा। क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष एक पौधा मां के नाम थीम के तहत 3 लाख 74 हजार 400 छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा। यह अभियान लगभग महीने भर चलेगा, जिसके तहत क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बताया कि वन विभाग ने इस अभियान के लिए व्यापक तैयारियां की हैं।

### बारिश में भी डटे रहे निविदा संविदा कर्मचारी



मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर धरना देते निविदा संविदा कर्मचारी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** विद्युत मजदूर पंचायत अयोध्या जोन के तत्वाधान में निविदा संविदा कर्मी अपनी मांगों को लेकर मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर बारिश में भी डटे रहे। यहां आयोजित सभा में कर्मचारी नेताओं ने कहा दमन एवं शोषण इतना बढ़ गया है कि उपकेंद्रों पर 14 से 16 घंटे ड्यूटी ली जा रही है। इसके बाद भी धमकी दिया जाता है कि एक व्यक्ति से 16 घंटे ड्यूटी लिया जाए। इसके बाद कार्य पूरा ना हो तो लापरवाही काम करने वाले का नाम भेजा जाए। नेताओं ने कहा कि अवर अभियंता आदि कहते हैं की इस बेरोजगारी में तुम लोग 24 घंटे काम करोगे। इस पर सम्पूर्ण कर्मचारियों ने एक स्वर से आवाज उठाई कि इस पर भी निर्णय लिया जाना चाहिए। प्रांतीय उपमंत्री रघुवंश मिश्रा और जिलाध्यक्ष जय गोविंद ने बताया कि इसे लेकर पंचायत आगे की लड़ाई लड़ने जा रही है। धरने में बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### गोसाईगंज अस्पताल में जन औषधि केंद्र का हुआ उद्घाटन

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का सोमवार को सभासद आरती जयसवाल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. इंद्रजीत वर्मा, डॉ. राणा रवि प्रकाश, डॉ. अजय दीप, फार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। सभासद ने कहा कि जन औषधि केंद्र गरीब मरीजों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने इसके लिए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और सीएमओ का आभार जताया।

### नहीं थम रहा फोटोग्राफर्स का आपसी विवाद, केस दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** लता चौक व राम की पैड़ी पर श्रद्धालुओं से शुल्क लेकर फोटो खींचने वाले फोटोग्राफर्स की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। यह गुट बनाकर रहते हैं। अक्सर इनके बीच में मारपीट की घटना सामने आती है। रविवार को दो गुटों में हुई मारपीट में एक घायल हो गया। अयोध्या कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में गोंडा निवासी दुर्गेश शुक्ल ने बताया कि 29 जून को वह लता चौक पर फोटो खींचने का काम कर रहा था। इस दौरान वहां फोटो खींच रहे आयुष, विपुल व विकास आदि ने उसे वहां से भाग जाने को कहा। विरोध करने पर मुझे गाली दी व जमकर पीटा। शोर मचने पर वहां मेरे साथी आ गए तो वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### विवेकानंद के भित्ति चित्रण कार्यशाला में जुटा ललित कला विभाग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग द्वारा सात दिवसीय भित्ति चित्रण कार्यशाला का विवेकानंद सभागार में आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में सामवार को छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के मूर्ति शिल्प चबूतरे पर अल्पना आलेखन का अलंकारिक रेखांकन किया। कार्यशाला में 50 से अधिक छात्र-छात्राएं पूरे मनोयोग से चित्रांकन में जुटे हुए हैं। संयोजिका डॉ. रीमा सिंह ने बताया कि कार्यशाला में विवेकानंद के व्यक्ति चित्र का मोनोक्रोम पद्धति मे यथार्थ चित्रण किया जा रहा है। बंगाल शैली की अल्पना कला को बहुत ही अलंकारिक रूप से प्रेक्षागृह की दीवारों पर बनाया गया है। अभी यह कार्य निरंतर रूप से जारी है। कार्यशाला में सक्रिय रूप से भागीदारी में प्रतिभाग करने वाले विभाग की शिक्षिका एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# जिले में 85 परिषदीय विद्यालय हुए मर्ज, शिक्षकों में आक्रोश

## रुदौली और पूराबाजार समेत कई जगह प्रदर्शन

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** शिक्षक संगठनों और अभिभावकों के विरोध के बीच जिले में कुल 85 परिषदीय विद्यालयों का दूसरे स्कूलों में विलय किया गया है। वर्तमान में जिले में 1792 परिषदीय विद्यालयों को संचालित किया जा रहा था। इस समायोजन में विद्यार्थियों की सभी सुविधाओं का ध्यान रखे जाने का दावा किया गया है।

50 से कम विद्यार्थी वाले परिषदीय विद्यालयों को बंद किए जाने का आदेश पहले ही दिया जा चुका है। अन्य जिलों की अपेक्षा यहां सबसे कम परिषदीय विद्यालयों का मर्ज किया गया है। ऐसे स्कूलों को समायोजित किया गया है, जिनमें 29 छात्रों तक के स्कूल शामिल हैं। वहीं इसे लेकर सोमवार को रुदौली और पूराबाजार में प्रदर्शन के साथ बैठकें भी हुई। कड़ा विरोध जताया गया।

**▸▸ आज से काली पट्टी बांध कर काम करेंगे शिक्षक**

इसे लेकर सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में सुबह से दिन भर कवायद चलती रही। बेसिक शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार पाण्डेय अपनी टीम के साथ सूची बनवाने में लगे रहे। बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार अमानीगंज ब्लाक में 18, बीकापुर में नौ, हैरिंग्टनगंज में चार, मसौधा में तीन, मवई में एक, मया में 13, मिल्कीपुर में चार, नगर क्षेत्र में छह, पूराबाजार में आठ, रुदौली में सात, सोहावल में पांच, तारुन में पांच और नगर निगम के विस्तारित क्षेत्र के दो परिषदीय विद्यालय शामिल हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी के अनुसार जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी सुविधाओं का ध्यान रखते हुए ही मर्जर के लिए निर्देशित किया गया था। इसमें ऐसे स्कूल शामिल हैं जिनके बच्चों को नहर, रेल पटरी, नहर और हाईवे नहीं पार करना होगा। सभी एक किलोमीटर के दायरे में हैं।

## विरोध में अभिभावकों का प्रदर्शन, शिक्षक संघ की हुई बैठक

**अयोध्या, अमृत विचार :** स्कूलों के मर्जर के विरोध में रुदौली के प्राथमिक विद्यालय गद्दुहान्न की प्रबंध समिति की बैठक हुई और अभिभावकों ने विरोध जताया। खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया। वहीं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ रुदौली की बैठक प्रांतीय ऑडीटर/ जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में की गई, जिसमें जिला उपाध्यक्ष रामानुज तिवारी, तहसील प्रभारी अमरेन्द्र सिंह, ब्लॉक मंत्री सत्येन्द्र पाल सिंह, ब्लॉक कोषाध्यक्ष मो. गयास आदि मौजूद रहे। बैठक में मर्जर का कड़ा विरोध जताया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मवई में ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में बैठक में इसे आटीएक्ट का उल्लंघन और दुर्भाग्यपूर्ण बताया गया।



रुदौली के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर मर्जर के विरोध में प्रदर्शन करते अभिभावक।

> जिले में अन्य जिलों की अपेक्षा सबसे कम स्कूलों का विलय अन्य स्कूलों में किया गया है। इनकी संख्या मात्र 85 है। सभी सुविधाओं का ध्यान रखते हुए ही यह प्रक्रिया पूरी की गई है। इसे लेकर विरोध का कोई अर्थ नहीं है। **– अवनीश कुमार पांडेय, बेसिक शिक्षा अधिकारी**

विकासखंड पूरा की बैठक जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह की अध्यक्षता में की गई। जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने बताया कि मर्जर का प्रस्ताव विद्यालय प्रबंध समिति और ग्राम सभा का सहमति पर होना है, अतः मर्जर से होने वाली समस्याओं से हमें ग्राम वासियों को अवगत कराना होगा। ब्लॉक अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता ब्लॉक संघर्ष समिति के अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा शिक्षकों की विद्यालयों की पेयरिंग/ मर्जर करो या मरो मोड़ पर पहुंच गई है। इस अभियान को सशक्त रूप देने के लिए जिला अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह एवं मंत्री प्रेम वर्मा के नेतृत्व में विशेष रणनीति बनाई गई है। इसमें 1 जुलाई से लेकर 7 जुलाई तक जनपद के समस्त शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करते हुए इसका विरोध करेंगे। 3 से 15 जुलाई तक व्यापक जन-जागरण एवं संगठनात्मक कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

## एक नजर

### रजनीश कश्यप विधानसभा क्षेत्र रुदौली के बसपा के प्रभारी घोषित

**रुदौली, अमृत विचार :** बसपा ने रजनीश कश्यप को विधानसभा रुदौली का प्रभारी बनाया है।बहुजन समाज पार्टी के मंडल प्रभारी गयाशंकर कश्यप एडवोकेट ने विधानसभा स्तर की ग्राम फिरोजपुर मखदूमी में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में इसकी घोषणा की। मण्डल प्रभारी ने कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी पूरी ताकत के साथ जमीनी स्तर पर मेहनत करके 2027 के चुनाव में बहन मायावती को मुख्यमंत्री बनाने के लिए संगठन की मजबूत करें। जिला कार्यकारिणी के सहजराम बौद्ध, विधानसभा प्रभारी राकेश कुमार गौतम, विधानसभा अध्यक्ष हिम्मत सिंह सरोज, बाल गोविंद गौतम, केशव राम पासी, राजेश कुमार रावत, अजीत कुमार रावत, मुकेश कुमार, डॉ. रमाशंकर कोरी, सुखराज रावत, दुर्गेश रावत आदि थे।

## डकैती की साजिश रचते गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**अयोध्या।** नगर कोतवाली पुलिस ने डकैती की योजना बनाते हुए साइबर क्राइम के लिए कुख्यात झारखंड के जामताड़ा जिले के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के मोबाइल फोन, नकदी तमंचा व डकैती में प्रयुक्त होने वाले कई हथियार बरामद हुए हैं। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया नगर कोतवाल अश्वनी पांडेय व उनकी टीम ने शनिवार की शाम एक सूचना के आधार पर निराला नगर के पास डकैती की योजना बना रहे पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान धर्मेंद्र भारती निवासी बाबूपुर थाना तीन पहाड़ जामताड़ा झारखंड, यहीं के मेहरमा, गोड्डा निवासी वीरेंद्र महतो, मिर्जा चौकी साहिबगंज के महादेव वरन निवासी यश कुमार महोली, रामपुरा निवासी कमांडो कुमार और तीन पहाड़ थाना क्षेत्र के दरला निवासी बाबू के रूप में हुई। आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

# अजब-गजब : बड़ा नाम सुना था इसलिए सीएमओ को पूछा

अयोध्या कार्यालय

**फॉलोअप**

**▸▸ स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम ने सीएमओ से लेकर पुलिस को बना दिया चकरघिन्नी**

**▸▸ सहायक अध्यापक निकला सीएमओ को पूछने वाला, सीएमओ बोले जाने दें अब क्या कार्रवाई**

**अमृत विचार :** अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर रुदौली के निकट नेता जी के ढाबे पर शनिवार रात 11 बजे जांच टीम से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील बानियान को पूछने के मामले में सोमवार को अजब-गजब पूरा मामला खुल कर सामने आया है। खुलासा हुआ है कि युवक ने केवल सीएमओ को इसलिए पूछा था कि निजी हॉस्पिटलों की छापेमारी में उनका बड़ा नाम सुना था। पूछने वाला शख्स बाराबंकी के बनीकोडर स्थित प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक पद पर तैनात बताया गया है। यह जानकारी सोमवार को तब सामने आई जब अखबारों में खबर छपने के बाद पुलिस ने जांच की। इस दौरान पूरे 72 घंटे सीएमओ ही नहीं पुलिस भी चकरघिन्नी बनी रही। इसे लेकर सीएमओ ने बताया कि तथ्य सामने आने के बाद वह अब किसी तरह की कार्रवाई की जरुरत नहीं समझते।

हाईवे पर हुए इस घटनाक्रम को लेकर सोमवार को पुलिस सक्रिय हुई। भेलसर चौकी इंचार्ज मनीष कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि उन्होंने बाइक नंबर के आधार पर जांच की तो बाइक आजमगढ़ की निकली। सीएमओ के बारे में पूछने वाला युवक बाराबंकी में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि रवि प्रकाश यादव सहायक अध्यापक को बुला कर पूछताछ कि तो उन्होंने बताया कि शनिवार रात वह रोटी लेने ढाबे पर गए थे। कुछ लोग खाना खा रहे थे। ढाबे वाले से बातचीत में पता चला स्वास्थ्य विभाग के लोग है तो सीएमओ का नाम बहुत सुनने के कारण उत्सुकता वश पूछ लिया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि सहायक अध्यापक रुदौली बाजार में किराए पर कमरा लेकर रहते हैं और बाराबंकी आते-जाते रहते हैं। उन्होंने बताया कि गलतफहमी में घटना का तिल का ताड़ बन गया है। उन्होंने कहा कि जब भी स्वास्थ्य विभाग की टीम क्षेत्र में छापेमारी के लिए आती है सूचित करती थी इस बार नहीं किया। नेता जी ढाबे के संचालक श्याम जी पटेल ने बताया कि ऐसी कोई बात नहीं हुई थी जो आपत्तिजनक हो। युवक ने केवल सीएमओ को पूछा भर लिया था फिर रोटी लेकर चला गया। घटनाक्रम के दौरान मौजूद नोडल अधिकारी डॉ संदीप शुक्ला ने बताया कि युवक ने कुछ इस तरह से पूछा तो सीएमओ को सचेत करना उचित समझा। मुझे आभास हुआ था कि वह वीडियो भी बना रहा था, इसलिए टोका भी था कि आप कैसे किसी का वीडियो बना सकते हैं। नोडल अधिकारी ने बताया कि निरंतर छापेमारी चल रही है तो आशंकित होना स्वाभाविक है। फिलहाल पूरे घटनाक्रम को लेकर जांच टीम की रिपोर्ट से खासी खलबली मची रही। रविवार को सीएमओ ने इसके आधार पर जान का खतरा बताते हुए सोमवार को जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलने की बात मीडिया से कही थी।

> संपूर्ण घटनाक्रम की जांच के बाद यह बात प्रकाश में आई कि युवक ने मेरा काफी नाम सुना था इसलिए पूछ लिया। एसपी ग्रामीण ने भी युवक से बातचीत की है। इसलिए अब किसी कार्रवाई की आवश्यकता मैं नहीं समझता। जांच टीम ने सतर्कतावश सूचना दी थी। **–डॉ. सुशील कुमार बानियान, सीएमओ**

## स्कूलों को खत्म नहीं होने देंगे, आप करेगी संघर्ष : अनिल प्रजापति

**अयोध्या, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी ने परिषदीय विद्यालयों के मर्जर के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया है। पार्टी ने कहा है कि किसी भी कीमत पर स्कूलों को बंद नहीं होने देंगे। प्रदेश प्रवक्ता संजीव निगम और जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने इसका ऐलान सोमवार को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में किया। प्रदेश प्रवक्ता संजीव निगम ने कहा कि 27 हजार सरकारी स्कूलों को बंद किए जाने के योगी सरकार के फैसले के खिलाफ लोगों में गुस्सा है और गांव-गांव में इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि 5695 स्कूल ऐसे हैं जहां केवल एक शिक्षक है। कहा कि पूरे प्रदेश में जहां-जहां भी स्कूल बंद किए जाएंगे वहां आम आदमी पार्टी उन गांव के अंदर और जिला मुख्यालयों पर आंदोलन करेगी। आम आदमी पार्टी इसकी लड़ाई लड़ने का काम करेगी। जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने पत्रकारों के माध्यम से जनता से अपील की कि आपने देवालयों की लड़ाई बहुत लड़ी है इस बार विद्यालय के नाम पर लड़ाई लड़िए। कहा कि भाजपा की योजना है कि यह विद्यालय बंद करेंगे, हमें शिक्षा से वंचित करेंगे। महानगर अध्यक्ष कुलभूषण साहू ने भी बात रखी। प्रेसवार्ता में जिला उपाध्यक्ष संदीप पटेल भी मौजूद रहे।



गुदड़ी बाज़ार खजूर की मस्जिद से निकले तीन मोहर्रम के जुलूस में नौहाख्वानी करतीं अंजुमन।

### अकीदत और एहतराम के साथ निकला तीन मोहर्रम का कदीमी जुलूस

**अयोध्या, अमृत विचार :** तीन मोहर्रम का कदीम जुलूस कर्बला के हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की याद में इस साल भी अंजुमन इमामे जफरिया के अगुवाई में रविवार रात खजूर की मस्जिद गुदड़ी बाजार से निकाला गया। जुलूस में फैजाबाद शहर की सभी अंजुमनों ने नौहाख्वानी और सीनाजनी करते हुए शिरकत की। अंजुमन नासिरिया कदीम, अंजुम नासिरिया इमामबाड़ा, हैदरिया, अब्बासिया अंजुमन गुनचेह मजलूमिया, अंजुमन मासूमिया, अंजुमन हुसैनिया आदि सभी अंजुमनों द्वारा मातम करते हुए जुलूस मरहूम रमजान हुसैन के घर रिकाबगंज मुकेरी टोला तक पहुंचाया। जुलूस की समाप्ति के बाद इश्तियाक हुसैन ने जिला प्रशासन एवं नगर निगम का सफाई व्यवस्था एवं ट्रैफिक व्यवस्था के लिए धन्यवाद दिया। ताजियादारान कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मुनीर आबिदी साहब, वसी हैदर गुड्डू, मोहम्मद शफ्फन सलमान, सचिन मोनू मिर्जा, शारिब हुसैन, तवील अब्बास, मेराज राजा, अनवर भाई, नजमुल हसन, हसन इकबाल, सैफी, जिओ, आरिफ आब्दी समेत बड़ी तादाद में अजादार शामिल रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

**सोहावल, अयोध्या।** थाना रौनाही अंतर्गत सुचित्तागंज- संजयगंज रोड पर खिरौनी के पास सोमवार की सुबह दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

बिसुहिया नौवां का पुरवा निवासी सगे भाई रामबाबू (28) व श्याम बाबू (19) पुत्र राज बहादुर बाइक से सुचित्तागंज की ओर जा रहे थे। खिरौनी गांव के पास सामने से ट्रिपलिंग कर आ रहे सुरवारी बरई पुरवा निवासी विकास, राजा, दीपक की बाइक से उनकी आमने सामने की भिड़ंत हो गई। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने रामबाबू को मृत घोषित कर दिया। घायलों में शामिल दीपक और विकास को हालत गंभीर देखकर मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बार की बैठक में 25 लाख रुपये के लाभ का बजट पेश

रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार:** बार एसोसिएशन के आम सदन की बैठक में बार अधिवक्ता की मृत्यु के बाद सहायता धनराशि में 50 हजार रुपये इजाफा करते हुए तीन लाख कर दी गई।

बार सभागार में सोमवार को बार अध्यक्ष गोरखनाथ तिवारी ने वर्ष 2024-25 के 25 लाख 16 हजार 165 रुपये के लाभ का बजट प्रस्तुत किया। बताया कि वार्षिक व्यय 966530 रुपये किया गया। 2516165 रुपये शुद्ध बचत को वार्षिक बचत के रूप में आम सदन ने ध्वनि मत से स्वीकृत कर लिया। महामंत्री रविंद्र तिवारी ने कहा कि अधिवक्ता की मृत्यु के बाद आर्थिक सहायता राशि ढाई लाख से बढ़ाकर तीन लाख और अधिवक्ता की पुत्री के विवाह पर ग्यारह हजार रुपये की सहायता राशि दिए जाने का प्रस्ताव आम सदन ने पारित किया। की। बैठक में अधिवक्ता सुखराम को छह माह के लिए बार से निष्कासित करने की घोषणा अध्यक्ष ने की। अध्यक्ष ने नए चुनाव के लिए कार्यकारिणी को भंग कर एल्डर्स कमेटी का गठन कर दिया। एल्डर्स कमेटी में चैयरमैन साहब सरन वर्मा को व सदस्य सीताराम वर्मा, राम नरेश यादव, उमाशंकर जायसवाल, इंद्रसेन मिश्रा को नामित किया गया। बैठक में कोषाध्यक्ष नंद किशोर, पूर्व अधक्ष राम भोला तिवारी, चौधरी अजीमुद्दीन, कुलभूषण यादव, प्रमोद द्विवेदी, वेद तिवारी, गोविंद सिंह, अब्दुल जब्बार, कमरुद्दीन अहमद, ललित यादव, पुष्कर तिवारी, रियाज अंसारी, पिंटू रावत, ओम प्रकाश मिश्र आदि थे।

## बैठक में उठा एफसीआई के सामने ट्रकों से जाम का मुद्दा

**अयोध्या, अमृत विचार:** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में गद्दोपुर औद्योगिक संस्थान एवं जिंगल बेल स्कूल के जल भराव की शिकायत पर डीएम ने नगर निगम को निर्देश दिया कि तत्काल कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने उद्यमी सुरेन्द्र सिंह से धारा 24 के संबंध में दी जानकारी पर उप-जिलाधिकारी रुदौली को निर्देश दिया कि तत्काल प्रकरण को नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करें। मुख्य अग्निशमन अधिकारी और अयोध्या बाट माप विभाग से उद्यमियों के लिए अपने विभाग की जानकारी दी गई। उद्यमियों ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम भण्डार के सामने रोड पर ट्रक खड़े होने के कारण रोड जाम की स्थिति बनी रहती है। डीएम ने बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक को निर्देश दिया कि तत्काल कार्रवाई करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक, पुलिस अधिक्षक नगर, आईआईए के जिला अध्यक्ष, जिला इकाई लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष, जिले के सभी विभाग के अधिकारी और सभी इकाईयों के उद्यमी मौजूद रहे।

# बारिश आ गई पर नहीं हो पाया तोगपुर नाले का निर्माण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** बारिश आ गई, लेकिन नगर निगम क्षेत्र के तोगपुर में नाला निर्माण नहीं हो पाया। सोमवार को व्यापार बंधु की बैठक में नाले के साथ अयोध्या में माल ढुलाई, शहर के यातायात सहित अन्य मुद्दे गूंजे। अधिकारियों ने समस्याएं सुनने के बाद एक-एक करके निपटारे का निर्देश दिया।

कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, राज्य कर प्रशासन के अपर आयुक्त वीरेंद्र कुमार वर्मा के साथ संबंधित विभागों के अफसर और विभिन्न संगठनों से विश्व प्रकाश रूपन, कमल कौशल, मनोज जायसवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय गुप्ता, पंकज गुप्ता, नंद लाल, अमानत अली, प्रेम नाथ राय, नीरज जायसवाल, अंगद के साथ अन्य व्यापारी थे। कुंभ के बाद अयोध्या में व्यापारियों के सामानों की ढुलाई को बाधित होने से दिक्कत का मुद्दा उठाया। डीएम और एसएसपी ने एसपी सिटी, नगर निगम, संबंधित थानाध्यक्ष और व्यापारियों की कमेटी बनाकर रास्ता और समय तय करने के लिए कहा। रामपथ पर सिटी बसें हर समय नहीं मिलती। फिर अक्सर राम मंदिर के पास रोक दी जाती है। ऐसे में लोगों को सीधे आने जाने के लिए गोल्फ कार्ट को नया घाट से सहातगंज तक चलाने का प्रस्ताव व्यापारियों ने रखा। इंडस्ट्रियल एरिया में बिजली की ट्रिपिंग का मुद्दा उठा।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते डीएम निखिल टीकाराम फुंडे व एसएसपी गौरव ग्रोवर।

बैठक में सहादतगंज में तोगपुर नाला निर्माण का मुद्दा एक बार फिर जोर से उठा। व्यापारियों ने कहा कि बारिश आ गई पिछली बैठक में इसके निर्माण के निर्देश दिए गए थे लेकिन निर्माण नहीं पूरा हुआ। केवल 10 फीसदी निर्माण न होने से पूरा क्षेत्र जल प्रभावित होता है। इस नाले को लेकर पिछली बैठक के पहले कई बार अफसरों के सामने कागज रखे गए। लोगों ने दौड़ भाग की। नापजोख तक हुई, लेकिन निगम के स्तर पर गंभीरता से नहीं लिया गया। डीएम ने एक बार फिर इसका निर्माण पूरा कराए जाने के लिए नगर निगम को निर्देश दिया। बताया गया कि राम पथ के किनारे लगभग 60 स्थानों पर यूरीनल के निर्माण को हरी झंडी मिल गई। कई स्थानों पर निर्माण शुरू होने, गोसाईगंज में सीसीटीवी लगाए जाने, चौक में प्रस्तावित पार्किंग के निर्माण शुरू होने की जानकारी दी गई। डीएम ने कहा कि निर्माणाधीन पार्किंग के कारण विस्थापित दुकानदारों को सूचीबद्ध कर लिया गया है। फेज-एक का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद उन्हें दुकान आवंटित की जाएगी। आवासीय भवनों के संबंध में बताया कि जिनके मकान ध्वस्त किए गए हैं उन्हें पीएम आवास योजना के तहत आवास आवंटित कर दिया गया है, इसके साथ ही कई अन्य मुद्दे उठे।

**▸▸ व्यापार बंधु की बैठक में उठा माल ढुलाई, शहर के यातायात का मुद्दा**

**विकास** डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी गई, जल्द ही स्वीकृति मिलने की उम्मीद

# बनवीरपुर में 170 करोड़ से बनेगा आरओबी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर अयोध्या को जल्द ही एक और रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का तोहफा मिलेगा। यह फोरलेन होगा। बनवीरपुर में प्रस्तावित 600 मीटर लंबे आरओबी के लिए 170 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर शासन को भेजी गई है। यह ओवरब्रिज शहर की यातायात व्यवस्था को और सुगम बनाने के साथ-साथ क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति देगा।

**600 मीटर का होगा रेलवे ओवरब्रिज**

बनवीरपुर क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग संख्या 124 पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे स्थानीय लोगों और यात्रियों को असुविधा होती है। इस आरओबी के निर्माण से रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी और यातायात का प्रवाह निर्बाध होगा। 600 मीटर लंबा यह रेलवे ओवरब्रिज न केवल स्थानीय लोगों के लिए सुविधाजनक होगा, बल्कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी यात्रा को और आसान बनाएगा।

रिंग रोड परियोजना शहर में यातायात के दबाव को कम करने और बाहरी वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश किए बिना गंतव्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बनवीरपुर में ओवरब्रिज का निर्माण रिंग रोड के साथ समन्वय में होगा, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। इस परियोजना से न केवल अयोध्या, बल्कि आसपास के क्षेत्र जैसे फैजाबाद, गोंडा और बस्ती भी लाभान्वित होंगे।

### जल्द ही हरी झंडी मिलने की उम्मीद

सेतु निगम के उप परियोजना प्रबंधक रोहित अग्रवाल ने बताया कि डीपीआर में परियोजना की तकनीकी और वित्तीय आवश्यकताओं का विस्तृत विवरण शामिल है। योगी सरकार की प्राथमिकता को देखते हुए इस परियोजना को जल्द ही हरी झंडी मिलने की उम्मीद है। यह परियोजना न केवल यातायात की समस्या को हल करेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में भी योगदान देगी।



संगोष्ठी के दौरान एसोसिएट प्रो. डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय का सम्मान किया गया।

## एआई ने मीडिया के हर क्षेत्र में संभावनाओं के खोले द्वार

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में सोमवार को मीडिया में आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस (एआई) की उपयोगिता विषय पर संगोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय रहे। उन्होंने पत्रकारिता के विद्यार्थियों को बताया कि एआई ने मीडिया के हर क्षेत्र में संभावनाओं के द्वार खोले है। समाचार लेखन से लेकर ऑडियो-विजुअल कंटेंट के निर्माण, एडिटिंग और अन्य कार्यों में नई ऊंचाइयां प्रदान की है। पत्रकारिता के शिक्षक एवं पूर्व समन्वयक डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि आधुनिक समय में एआई ने मानव जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है। इससे मीडिया भी अछूता नहीं रहा है। एआई की वजह से मीडिया अधिक तेज, प्रभावी और तकनीकी रूप से सशक्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि एआई मीडिया के लिए वरदान साबित हो सकता है। साथ ही यह गलत सूचना और सामाजिक भ्रम का कारण भी बन सकता है। इसलिए तकनीकी की समझ की आवश्यकता है। महिमा, याशनी, सुमन, दयानंद, नावेन्द्र, इन्द्रजीत, संजय, विनय, अश्वनी, पवन, आदर्श, जितेन्द्र, चन्द्रिका, प्रशांत सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बसौढ़ी में मियावाकी पद्धति से लगाए जाएंगे 11 हजार पौधे

**मवई, अमृत विचार :** मवई ब्लॉक की ग्राम पंचायत बसौढ़ी में पहली बार मियावाकी पद्धति से अमृत वन बनाया गया है। पौध रोपित करने से पहले बीडीओ भावना यादव व मनरेगा तकनीकी सहायक आशीष तिवारी ने ग्राम पंचायत बसौढ़ी में बन रहे अमृत वन का निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि साकिब खान को निर्देश भी दिया। इसमें 10 जुलाई को बसौढ़ी पौधशाला नर्सरी से 10हजार 780 पौधे रोपे जाएंगे। इस अमृत वन में अकेसिया, आम, कंजी, आंवला सहित अन्य कई किस्म के पौध रोपित किए जाएंगे।

### अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाल मनोज शर्मा ने बताया कि पुलिस ने रविवार की शाम करीब नौ बजे लक्ष्मण बाल विद्या मन्दिर स्कूल के किनारे से आरोपी अनिरुद्ध तिवारी निवासी भदार दहलवा थाना तारुन को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक अवैध पिस्टल व कारतूस बरामद हुआ। उसका चालान कर दिया गया है।

### रुदौली क्षेत्र में कट रहे हरे पेड़, विभाग मौन

**मवई, अमृत विचार :** पटरंगा थाना क्षेत्र के जरायल कला गांव के समीप बीते दो दिनों से नेवतन बगिया में आम और गूलर के हरे पेड़ों पर वन माफियाओं का आरा चल रहा है। रुदौली कोतवाली क्षेत्र के भेटौरा के पास अमरौती गांव में लगभग पांच प्रतिबंधित पेड़ों के काटे जाने की बात सामने आ रही है। सूत्रों की मानें तो वन विभाग की मिलीभगत से ही प्रतिबंधित हरे पेड़ों की कटान आये दिन होती रहती है। वन क्षेत्राधिकारी रुदौली जेपी गुप्ता ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है। जानकारी मिली है तो जांच कराई जाएगी। प्रभागीय वनाधिकारी अयोध्या प्रखर गुप्ता ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। प्रतिबंधित पेड़ काटने वालों पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### मुजतबा खां बने जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष

**मवई, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने मवई ब्लॉक के संडवा गांव निवासी मो. मुजतबा खां को जिला कांग्रेस का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने इस नियुक्ति को अनुमोदित कर दिया है। उन्होंने 1998 में युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। संगठन के कई अन्य पदों पर रहे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री के करीबी माने जाने वाले 2009 से 2014 तक सांसद प्रतिनिधि भी रहे। एआईसीसी सदस्य दयानंद शुक्ला, वरिष्ठ नेता मुनीर अहमद खां, प्रताप बहादुर सिंह, पूर्व पीसीसी सदस्य कारिब करनी समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है।

### न्यायाधीश दोनों पक्षों का भला नहीं कर सकताः जिला जज

**अयोध्या, अमृत विचार :** न्यायाधीश दोनों पक्षों का भला नहीं कर सकता। वह केवल न्याय के साथ खड़ा रह सकता है। यह कहना था जिला जज रणंजय कुमार वर्मा का। वह प्रोन्नत एडीजे के विदाई समारोह को बतौर मुख्य अतिथि कचहरी स्थित आचार्य नरेंद्र देव सभागार में संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर बार एसोसिएशन ने प्रोन्नत एडीजे को विधि गार्गी सम्मान से सम्मानित किया। जिला जज ने कहा कि एक जज सबकी खैर नहीं मांग सकता। वह केवल न्याय के साथ खड़ा रह सकता है। विदाई समारोह को एडीजे शिवानी जायसवाल, सीजेएम सुधांशु शेखर उपाध्याय, एसीजेएम महेंद्र पासवान, बार अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह समेत अन्य ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंत्री गिरीश चंद्र तिवारी ने किया।

### संस्था से जुड़े 10 सक्रिय सदस्य

**अयोध्या, अमृत विचार :** पब्लिक सेवा संस्थान से 10 नए लोगों को सक्रिय सदस्य के रूप में जोड़ा गया। प्रदेश अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि अरविंद कुमार श्रीवास्तव, ओमप्रकाश दुबे, राज भूषण दुबे व अमिताभ पांडे आदि सभी सदस्य काफी समय से संस्था के कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। सभी को औपचारिक रूप से सक्रिय सदस्य बनाया गया। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा यादव, जिला अध्यक्ष तथास्तु सिंह, मुख्य सलाहकार नीति श्रीवास्तव, महासचिव बबीता यादव, जिला को-ऑर्डिनेटर रामकुमार व मुख्य ट्रस्टी राकेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होताः कुलसचिव

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के श्रीराम शोधपीठ में इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह का सोमवार को विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कुलसचिव विनय कुमार सिंह, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, पूर्व मेयर ऋषिकेष उपाध्याय, चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसएस मिश्र ने प्रो. अजय को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अधिकांशतः मुख्य कुलानुशासक के रूप में दायित्व निर्वहन और संकायाध्यक्ष के साथ दीपोत्सव 2022 के सफल आयोजन कर 38 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत हुए प्रो. अजय ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद समाज की सेवा करेंगे। समारोह का संचालन अंकित मिश्रा ने किया। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला, प्रो. फर्रुख जमाल, प्रो. नीलम पाठक, डॉ. रोहित राणा, डॉ.विनोद चौधरी, डॉ. राजेश सिंह, प्रो. अनूप कुमार, प्रो.गंगाराम मिश्र, प्रो. राजीव गौड़, डॉ. आदित्य सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के हाईटेक हाल में सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त आठ शिक्षकों को विदाई दी गई। कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया। डॉ. आरआर सिंह, डॉ. डीके दिवेदी, डॉ. सुमन, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. मिथिलेश पांडेय, डॉ. एसएन सिंह, डॉ. संजय पाठक, डॉ. अशोक कुमार को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

## एक नजर

### युवक पर किया जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** जैतपुर थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव में एक व्यक्ति पर उसके घर में घुसकर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित संतोष सिंह अपने घर पर खाना खा रहे थे। बीते दिवस रात करीब 9 बजे शैलेश यादव, सर्वेश यादव, अभिषेक यादव और रजत यादव उनके घर पहुंचे। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की। मना करने पर रजत यादव ने संतोष पर तमंचा तान दिया। संतोष जान बचाकर घर के अंदर भागे। आरोपी भी पीछे-पीछे घर में घुस गए। उन्होंने तमंचे के बट से संतोष के सिर पर कई वार किए। इससे संतोष बेहोश होकर गिर गए। गांव वालों के आने की आवाज सुनकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। परिजन बेहोश संतोष को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर जलालपुर ले गए। इलाज के बाद पीड़ित ने थाना जैतपुर में शिकायत दर्ज कराई। एसओ जैतपुर वंदना अग्रहरि ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास और घर में घुसकर मारपीट करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित के अनुसार मुख्य आरोपी शैलेश यादव का आपराधिक इतिहास रहा है और वह फिलहाल जमानत पर है।

### पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर :** जनपद में एक ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले मे इब्राहिमपुर पुलिस ने एमडीएच कनेक्टिंग इंडिया के हब इंचार्ज को गिरफ्तार किया है। आरोपी फ्लिपकार्ट पर अलग-अलग आईडी से मोबाइल फोन ऑर्डर करता था। एमडीएच कनेक्टिंग इंडिया के हेड आशीष सिंह ने बीते 29 जून को थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि हब इंचार्ज सचिन विश्वकर्मा ग्राहक बनकर मोबाइल फोन ऑर्डर करता था। फोन मिलने के बाद वह ऑर्डर कैंसिल कर देता था। वापसी के समय मोबाइल निकालकर खाली डिब्बा लौटा देता था। सचिन इन मोबाइल को विभिन्न दुकानों पर बेच देता था। ग्राहकों से मिले पैसे कंपनी के खाते में जमा करवाता था। कैश ऑन डिलीवरी के पैसे अपने पास रख लेता था। टांडा सीओ शुभम कुमार ने बताया कि आरोपी सचिन विश्वकर्मा शाहपुर कुरमौल का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से 19 नए महंगे मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पूछताछ में पता चला कि वह ऑनलाइन जुए में 26 लाख रुपये हार गया था। इस नुकसान की भरपाई के लिए उसने यह धोखाधड़ी शुरू की है।

### जेवर व नकदी समेत किशोर फरार, रिपोर्ट दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** किशोरी ने मां के गहने और 50 हजार रुपये नकदी लेकर युवक के साथ फरार हो गई। पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरी 17 वर्षीय पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई। जिसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन कहीं पर उसका अता पता नहीं चला। बाद में पता चला कि अंकेश निवासी बेलऊवा बरियारपुर थाना मालीपुर उसे बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया है। उससे बात किया गया तो वह जान से मारने की धमकी दे रहा है।

### पंचायतों में लगेंगे फार्मर रजिस्ट्री के लिए शिविर

**अंबेडकरनगर :** जनपद में फार्मर आईडी से वंचित किसानों के लिए कृषि विभाग ने नया अभियान शुरू किया है। यह अभियान 25 जून से 25 जुलाई तक चलेगा। बता दें कि जनपद में कुल 4 लाख 61 हजार किसान हैं। जिनमें से अब तक 2 लाख 54 हजार 144 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हो चुकी है। लगभग 2 लाख सात हजार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अभी बाकी है। 30 अप्रैल तक चले पिछले अभियान में 55 प्रतिशत फार्मर आईडी बन पाई थीं। उप कृषि निदेशक डॉ. अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि नए अभियान में पहले की तरह ही ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। फार्मर रजिस्ट्री अब किसानों के लिए अनिवार्य हो गई है। इसके बिना किसानों को किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा।

# बिना नक्शा पास कराए हो रहा अवैध निर्माण

## तमसा नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए शासन के निर्देश पर स्थायी निर्माण पर लगाया था प्रतिबंध

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जलालपुर नगर पालिका क्षेत्र से होकर गुजरने वाली तमसा नदी के तट पर तेजी के साथ पक्का और स्थाई निर्माण जारी है। जबकि तमसा नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए एनजीटी और शासन के निर्देश पर राजस्व टीम जलालपुर द्वारा नदी के मध्य धारा से 100-100 मीटर की पैमाइश कर चिन्हांकन करते हुए स्थायी निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसके बावजूद भी स्थानीय लोगों द्वारा हल्का लेखपाल और नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से बिना नक्शा पास कराए लगातार पक्के निर्माण कर बहुमंजिला इमारतें खड़ी की जा रही हैं। तमसा श्रेष्ठ ट्रस्ट प्रमुख केशव प्रसाद श्रीवास्तव, समाजसेवी और जागरूक नागरिकों द्वारा कई बार राजस्व विभाग एवं नगर पालिका अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप में शिकायतें सौंपी गईं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं की गई। सिर्फ नगर पालिका और तहसील प्रशासन द्वारा नोटिस का खेल खेलती रहती है। नतीजतन प्रशासन की चुप्पी और निष्क्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने कुछ मौकों पर निर्माण कार्य रोकने के लिए संबंधित लोगों को मौखिक हिदायत भी दी, लेकिन उसका कोई असर नहीं पड़ा। निर्माण कार्य लगातार जारी है और नदी की जलधारा के आसपास पक्की इमारतें दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। जिससे नदी का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है।

वहीं जलालपुर उप जिलाधिकारी पवन कुमार जायसवाल ने बताया कि अतिक्रमण कर्ता को तहसील प्रशासन की तरफ से नोटिस जारी करते हुए नगर पालिका को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।



बिना नक्शा पास कराए तमसा नदी के किनारे कराया गया अवैध निर्माण। अमृत विचार

### स्थानीय लोगों ने की कार्रवाई की मांग

स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने नगर पालिका और राजस्व विभाग पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए शासन से हो रहे निर्माण कार्य को रोकने और संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग की है। वहीं इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि उप जिलाधिकारी के निर्देश पर अतिक्रमण कर्ता नाजमीन पत्नी हाशमी को नोटिस जारी किया गया है। जिसके बाद मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा।

### जनसेवा केंद्र संचालक से बदमाशों ने की लूट रिपोर्ट दर्ज

**आजमगढ़, अमृत विचार :** मेहनाजपुर थाना क्षेत्र के ईटैली के पास जनसेवा केंद्र संचालक मु. हकीम से रविवार रात लूट की घटना हुई। तीन बाइक सवार बदमाशों ने रुपये से भरा बैग लूट लिया। पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक जनसेवा संचालक मु. हकीम दुकान बंद करके घर जा रहा था। जैसे ही वह इटैली गांव के पास पहुंचा बाइक सवार बदमाशों ने उससे बैग छीनकर फरार हो गए। जनसेवा केंद्र संचालक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तत्काल सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले का शीघ्र अनावरण और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच के लिए तीन विशेष टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें सभी जरूरी तकनीकी और पारंपरिक माध्यमों से छानबीन कर रही हैं। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मोस्ट बैकवर्ड को मिलेगा आरक्षण का लाभ : ओमप्रकाश

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर तहसील जलालपुर अंतर्गत आशापार गांव में एक निजी कार्यक्रम में शामिल हुए।इस दौरान गांव में सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण एकत्र हो गये।

पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि देश को लूटने व तोड़ने वाले, बहन बेटियों की अस्मत को लुटने वाले, गाजी मियां का मेला अब बहराइच में नहीं लगेगा। बल्कि देश की आन बान शान के प्रतीक, देश की बहन बेटियों की अस्मत की रक्षा करने वाले और देश की एकता और अखंडता की रक्षा करने वाले महाराजा सुहेल देव का मेला अब बहराइच में लगेगा। उन्होंने कहा कि इस समय उत्तर प्रदेश की जनता बिजली के महंगी बिल से परेशान है, जिसके लिए मैंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी से सिफारिश करके प्रदेश की जनता के लिए सोलर पैनल के माध्यम से मुफ्त में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है। जिससे प्रदेश के पंद्रह लाख परिवार लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही राजभर समेत मोस्ट बैकवर्ड को आरक्षण का लाभ मिलेगा और वह देश की विकास की मुख्य धारा में शामिल हो सकेंगे। इसके लिए उन्होंने बताया कि मैंने सिफारिश करके रोहिणी आयोग का गठन करवा दिया है ।जिसमें 27 प्रतिशत आरक्षण को तीन कैटेगरी में बांटकर मोस्ट बैकवर्ड को आरक्षण का लाभ दिलाया जाएगा। जिसके पहले अब तक सात प्रतिशत के लोग ही पूरे 27 प्रतिशत का लाभ उठा रहे थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।



कार्यक्रम को संबोधित करते पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर। अमृत विचार

**▶▶ आशापार गांव में कार्यक्रम में शामिल हुए पंचायती राजमंत्री**

**जनगणना पूरा होने के बाद मिलेगा लाभ :** जातीय जनगणना पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना की आवाज सबसे पहले मैंने उठाई थी। जिसे प्रधानमंत्री मोदी के जातीय जनगणना की घोषणा के बाद इस मुद्दे को चरितार्थ किया गया है। उन्होंने बताया कि जातीय जनगणना पूरा होने के बाद जातियों की जनसंख्या के आधार पर उन्हें देश और प्रदेश के हर विभाग में लाभान्वित किया जायेगा। जिससे हर जातियों की पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अपने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप ऐसे ही ताकत दिखाते रहें जातीय जनगणना और रोहिणी आयोग आपके जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत वंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश राजभर ने किया।

इस दौरान महासचिव हीरा राजभर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजमती निषाद, राधिका पटेल व्यवस्थापक मोहित राजभर, मुकेश राजभर, राजाराम विश्वकर्मा रवि राजभर हरिकेश राजभर, रामसहेज राजभर माया, तीरथ, सुधीराम, फेरई, रमेश गुड्डू उमेश दयादीन सौरभ निखिल राज और सूरज राजभर आदि लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम समाप्ति के बाद उन्होंने मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ता मोहित राजभर के घर भोजन भी ग्रहण किया।

### युवक की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर:** दो दिन पूर्व ट्रक पर भूसा लादने गये मजदूर की करंट की चपेट में आने से मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पत्नी साधना ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मैं मालीपुर थाना क्षेत्र के अवधना इस्माइलपुर की निवासिनी हूं मेरा पति अवधेश मजदूरी का काम कर करते थे, जो बीते 27 जून को इस्माइलपुर गंज ( हसनपुर) में ठेकेदार उमाशंकर और पद्दू के साथ ट्रक पर भूसा लादने के लिए गए थे। ट्रक पर भूसी लोड करते समय मेरे पति ट्रक का डाला बंद करने लगे और इस दौरान ट्रक चालक अज्ञात द्वारा एकाएक ट्रक को लापरवाही पूर्वक आगे बढ़ा दिया गया, जिससे मेरे पति ट्रक के ऊपर मौजूद हाई टेंशन करंट की चपेट में आ गए और ट्रक चालक आनन फानन में ट्रक लेकर भागने लगा। स्थानीय लोगों द्वारा ट्रक का नंबर नोट कर लिया गया। ठेकेदार और मेरे पति के साथ काम कर रहे लोगों द्वारा मुझे सूचना दी गई। इलाज हेतु उन्हें अकबरपुर ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### मां के नाम पर जरूर लगाएं एक पेड़: ओमकार गुप्ता



पौधरोपण करते नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता व अन्य। अमृत विचार

**बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पेड़ पौधे हमें न केवल फल और औषधी देते हैं बल्कि प्राणवायु भी प्रदान करते हैं। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निजात पाने एवं धरा के भविष्य को सुरक्षित एवं पर्यावरण को संरक्षित करने की दिशा में प्रत्येक नागरिक का कार्य करना अति आवश्यक है। देश के प्रत्येक नागरिक को देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान में अपनी सहभागिता निभाते हुए एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। पर्यावरण के साथ जीवन संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। उक्त बातें नगर पंचायत अध्यक्ष अशरफपुर किछौछा ओमकार गुप्ता ने अपने कैंप कार्यालय पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि मां और वृक्ष जीवन के मूल आधार है। मां की अविस्मरणीय छवि के लिए एक पेड़ हम सभी को लगाना चाहिए। चेयरमैन ने किछौछा स्थित कैंप कार्यालय पर पौधरोपण करते हुए उसके संरक्षण का संकल्प भी लिया ।इस दौरान उनके साथ सभासद प्रदीप कुमारए मोनू निषादए सुभाष निषादए हरिओम गुप्ताए विनोद कुमारएप्रतीक उपाध्यायए एडवोकेट मलिक अख्तर खानए रंजयए अजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### मोहर्रम पर आयोजित मजलिस में उमड़ी भीड़

**जलालपुर, अमृत विचार :** नगर में चौथी मोहर्रम पर जगह-जगह आयोजित हो रही मजलिसों में अजादारों का हुजूम उमड़ रहा है। कर्बला के जांबाज सिपाहियों की दिलेरी का वर्णन आयोजित हो रही मजलिसों में वक्ताओं द्वारा किया जा रहा है। जाफराबाद स्थित बड़ा इमामबाड़ा में प्रात: काल में मजलिस का आगाज़ मौलाना रईस हैदर ने किया। उन्होंने हज़रत इमाम हुसैन के बचपन के दोस्त हबीब इब्न मजाहिर के मसायब बयान किया। छोटे इमाम बारगाह पर आयोजित कार्यक्रम में मुजफ्फर हुसैन व उनके हमनवां ने मर्सिया ख्वानी कर कर्बला के वाकयात की अक्कासी की। इसके अलावा मासूमिया इमाम, शहादत हुसैन,हसन उर्फी, सज्जादिया इमाम बारगाह,हाजी शहादत हुसैन के इमाम बारगाह, सलमान हैदर के अजाखाने पर मजलिसों का आयोजन किया गया, जहां भारी संख्या में महिलाएं व पुरूषों की भागीदारी रही ।मजलिसो में अंजुमन अब्बासिया, जाफरिया, हुसैनिया रौनक -ए-अजा, अजा-ए-हुसैन, ज़ुल्फ़िक़ारिया ने नौहा ख्वानी पेश कर कर्बला के शहीदों को याद किया।

### सेवानिवृत्त एडीओ पंचायत को दी गई विदाई



सेवानिवृत्ति एडीओ पंचायत को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते लोग। अमृत विचार

**आजमगढ़, अमृत विचार :** जिले के जहानागंज ब्लॉक सभागार में सेवानिवृत्त एडीओ पंचायत को साथी कर्मियों और ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने दी विदाई। ब्लॉक सभागार में सेवानिवृत्त एडीओ पंचायत जनार्दन सिंह का विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्रधान समेत ग्राम पंचायत सचिव कार्यक्रम में मौजूद रहे। एडीओ पंचायत जनार्दन सिंह की साथी कर्मचारियों ने प्रशंसा की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति सहायक विकास अधिकारी पंचायत जनार्दन सिंह को भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मी गणेश की मूर्ति, रामायण, छड़ी, छाता, स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त एडीओ पंचायत जनार्दन सिंह ने विदाई समारोह में आए हुए सभी लोगों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति एडीओ पंचायत अमरजीत सिंह, एडीओ कोऑपरेटिव संजय यादव, सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सीपी यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलाब चौरसिया, अखिलेश कुमार यादव, अनिल कुमार, दिवेश यादव, विनोद कुमार, राजेंद्र चौहान, सुनील सिंह, सतीश सिंह, प्रदीप यादव आदि मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट परिसर गंदगी फैलाने वालों पर करें कार्रवाई: जिलाधिकारी

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट भवन स्थित विभिन्न पटलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने वरासत के प्रकरणों के मामलों में आवेदकों को बुलाकर कमियों को दूर करते हुए निस्तारण करने के निर्देश दिए। शस्त्र लाइसेंस से संबंधित पत्रावलियों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने निस्तारण करने को कहा। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी पटल सहायकों से कहा कि प्रत्येक पटल पर एक मास्टर रजिस्टर बनाएं, जिसमें क्रमवार पटल के अन्य रजिस्टरो व उप रजिस्टरों को दर्ज करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन पटल सहायकों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, उनकी जगह पर स्थाई नियुक्ति करें। जिलाधिकारी ने नाजिर से पूरे कलेक्ट्रेट परिसर की साफ-सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान देने का आदेश देते हुए जगह-जगह कूड़ेदान रखवाने एवं चूने का छिड़काव कराने को कहा। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में सीसीटीवी लगवाने के आदेश दिए। वहीं अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न पटलों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**▶▶ डीएम ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का किया निरीक्षण**

### नपा अध्यक्ष ने सभासदों के साथ दिया धरना

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर:** जहांगीरगंज नगर पंचायत की चेयरमैन सुनीता देवी ने आधा दर्जन सभासदों के साथ कार्यालय पर धरना दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

चेयरमैन ने बताया कि वार्ड 8 के सभासद शशिकांत दुबे का सड़क किनारे पुश्तैनी मकान था। वहां 50 वर्षों से अधिक समय से विद्यालय चल रहा था। मकान के पीछे एक व्यक्ति ने जमीन खरीदी थी। उसकी मृत्यु के बाद जमीन उसकी पत्नी और पुत्र के नाम हो गई। इसके बाद से वह लोग मकान को हटाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। जमीन को पीडब्ल्यूडी की बताया गया है।

### एएनएम सेंटर बदहाल लोगों को हो रही परेशानी

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर :** विकास खंड अकबरपुर के अन्तर्गत पडने वाले सिकंदरपुर बाजार में स्थित एएनएम सेंटर बदहाली का दंश झेल रहा है। लाखों रुपये की लागत से बना यह एएनएम सेंटर का भवन जर्जर स्थिति में है। खिडक़ी और दरवाजे भी टूट चुके है। ऐसी स्थिति में गर्भवती महिलाओं का इलाज और बच्चों का टीकाकरण नहीं हो पा रहा है।

### वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय, ज्योरी बाराबंकी

में स्ववित्त पोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है–

परास्नातक स्तर कला संकाय के अंतर्गत (एम.ए.) पाठ्यक्रम में प्राचीन इतिहास, भूगोल, गृह विज्ञान, हिन्दी एवं समाज समाजशास्त्र तथा परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (एम. एससी.) पाठ्यक्रम हेतु – जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्रत्येक विषयों में 02–02 पद प्रवक्ताओं की।

**योग्यता एवं वेतनमान:–** यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवसों के अन्दर समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क स्थापित करे।

**प्रबंधक**
मो0नं0–9454787301

### जलकल विभाग नगर निगम अयोध्या

कार्यालय रू– अमानीगंज अयोध्या कैण्ट – 224001
Email- jalkalamaniganj@gmail.com

पत्रांक : 263 / ज0क0वि0न0नि0अयो0 / 2025–26 दिनांक– 28.06.2025

**शुद्धि–पत्र**

अवगत कराना है कि नगर निगम अयोध्या 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत महात्मा गांधी वार्ड के बछड़ा सुल्तानपुर क्षेत्र में 01 नग बड़े नलकूप का अधिष्ठापन , पम्प हाउस का निर्माण कार्य एवं इसकी राइजिंग मेन विस्तार कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 23.06.2025 से दिनांक 05.07.2025 तक ऑनलाइन तृतीय ई–निविदा आमंत्रित की गयी, जिसकी निर्धारित तिथि 07.07.2025 को निविदा खोली जानी है, किन्तु उक्त कार्य की ई – निविदा में नियम / शर्तो में त्रुटि हो गयी थी, जिसका संशोधन कर निम्नानुसार पढ़ा जाना है:–

| क्रमांक | नियम / शर्तो का क्र0सं0 | पूर्व नियम / शर्त | संशोधित नियम / शर्त |
|---|---|---|---|
| 01 | 09 | निविदा में प्रतिभाग करने वाले सर्वन्यूनदाता द्वारा 01 वर्ष के Defect Liability Period पूर्ण होने के पश्चात् 02 वर्ष तक का मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य किया जायेगा, जिसके लिए कोई भी अतिरिक्त भुगतान देय नही होगा । | निविदा में प्रतिभाग करने वाले सर्वन्यूनदाता द्वारा 01 वर्ष के Defect Liability Period पूर्ण होने के पश्चात् 01 वर्ष तक का मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य किया जायेगा, जिसके लिए प्रति माह निविदा दरों के अनुसार भुगतान देय होगा । |
| 02 | 11 | निविदा में प्रतिभाग करने वाले सभी निविदादाता द्वारा किसी भी सरकारी संस्था द्वारा पिछले 10 वित्तीय वर्षो में कम से कम कुल – 03 नग जिसमें से किन्ही दो वित्तीय वर्षो में प्रत्येक वर्ष न्यूनतम एक–एक नग नलकूप का अधिष्ठापन , पम्प हाउस का निर्माण कार्य एवं इसके राइजिंग मेन विस्तार कार्य के अनुभव हेतु कार्यादेश के साथ–साथ कार्य का Compilation Certificate (पूर्णतः प्रमाण पत्र) एवं संतुष्टि प्रमाण लगाया जाना अनिवार्य होगा। | निविदा में प्रतिभाग करने वाले सभी निविदादाता द्वारा किसी भी सरकारी संस्था से पिछले 10 वित्तीय वर्षो में कम से कम कुल – 03 नग 20 एच0पी0 या उससे अधिक क्षमता के नलकूप का अधिष्ठापन सम्बन्धित कार्य का अनुभव हेतु कार्यादेश के साथ–साथ कार्य का Compilation Certificate (पूर्णतः प्रमाण पत्र) एवं संतुष्टि प्रमाण लगाया जाना अनिवार्य होगा । |
| 03 | 13 | उक्त निविदा में L–1 होने के पश्चात् L–1 फर्म द्वारा नलकूप का अधिष्ठापन , पम्प हाउस का निर्माण कार्य एवं इसकी राइजिंग मेन विस्तार के कार्य को पूर्ण कराने पर 90 प्रतिशत की धनराशि का भुगतान किया जायेगा एवं शेष 10 प्रतिशत धनराशि 2 वर्ष उपरान्त संतोषजनक कार्य होने पर ही देय होगा । | उक्त निविदा में L–1 होने के पश्चात् L–1 फर्म द्वारा नलकूप का अधिष्ठापन , पम्प हाउस निर्माण कार्य एवं इसके राइजिंग मेन विस्तार कार्य संतोषजनक रूप से पूर्ण होने पर 02 वर्ष उपरान्त जमानत धनराशि अवमुक्त की जायेगी । |

कृपया उपरोक्तानुसार नियम / शर्तो को पढ़ा जाये ।

**अधिशाषी अभियन्ता (जल)**
नगर निगम अयोध्या

**अपर नगर आयुक्त**
नगर निगम अयोध्या

### अमृत विचार क्लासीफाइड

**सूचना**

मैंने अपना नाम DEEPAK KUAMR से बदल कर DEEPAK KUMAR रख लिया है अब भविष्य में मुझे इसी के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O- RAM TEERTH R/O-H.NO-80, MEERAMOU SARHEMAU, BARABANKI -225305

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **प्रदीप कुमार त्रिवेदी पुत्र स्व. माता प्रसाद त्रिवेदी निवासी–ईएस–1बी/197, सीतापुर रोड योजना, निकट इंजीनियरिंग कालेज चौराहा, लखनऊ उ0प्र0 226021,** मैंने अपने सबसे छोटे पुत्र पुलकित राज त्रिवेदी को उसके गलत चाल–चलन व आचरण के चलते अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उक्त पुत्र द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, कार्य या लेन–देन हेतु वो स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

मेरी पुत्री का नाम हाईस्कूल अंकतालिका में सृष्टि मिश्रा (SRISHTI MISHRA) अंकित है, जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश श्रष्टी मिश्रा (SHRASTI MISHRA) अंकित हो गया है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मेरी बेटी को सृष्टि मिश्रा (SRISHTI MISHRA) पुत्री संजय कुमार मिश्रा के नाम से ही जाना पहचाना जाए। **संजय कुमार मिश्रा पुत्र रामनरायन मिश्रा, निवासी ग्राम भदवही, भदोही, पोस्ट जनपद उन्नाव।**

**बदहाली** — चार वर्ष पूर्व बने शौचालय तक पहुंचने के लिए अभिलेख में नहीं है कोई रास्ता

# लाखों की लागत से बना शौचालय निष्प्रयोग

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** लाखों रुपये की लागत से बना सार्वजनिक शौचालय रास्ता न होने से लोगों के लिए निष्प्रयोग साबित हो रहा है। यह मामला विकास खंड भियांव के चौदहप्राश गांव में सामुदायिक शौचालय तक पहुंचने के लिए रास्ता ही नहीं है। जिससे यह शौचालय निस्प्रोजय होकर शासन की मंशा पर पानी फेरता हुआ नजर आ रहा है।

चार वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से बने सामुदायिक शौचालय तक पहुंचने के लिए अभिलेख में कोई रास्ता नहीं है। जब शौचालय का निर्माण हुआ था, उस समय एक पगडंडी थी जो गांव के एक किसान की खतौनी थी अब वह भी रास्ता खत्म हो गया है। जिससे ग्रामीणों को शौचालय तक पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण दीपक, राजदेई ने बताया कि शौचालय तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। पूर्व प्रधान के कार्यकाल में निर्मित शौचालय को ऐसी जगह बनाया गया, जहां रास्ता ही नहीं था। बनाते समय रास्ते का ख्याल नहीं किया गया। शौचालय के समीप लगा इंडिया मार्का हैंड पम्प भी खराब है। वहीं इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव मित्रसेन यादव ने बताया कि अभिलेख में रास्ता दर्ज ही नहीं है, ऐसे में ग्रामीणों को दिक्कत हो रही है। जिस सम्बन्ध में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राहुल ने बताया कि शौचालय का निर्माण पूर्व प्रधान के कार्यकाल में बना है।




विकास खंड भियांव के चौदहप्राश गांव में बना सामुदायिक शौचालय। अमृत विचार

## एक नजर

### आज से शुरू होगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

बलरामपुर अमृत विचार। जिले में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग समेत 11 विभाग मिलकर संचारी रोगों से बचाव के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करेंगे। 1 जुलाई को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से विधायक सदर पल्टूराम द्वारा अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।

### किसान नेताओं ने उठाई समस्या निस्तारण की मांग

**पचपेड़वा, बलरामपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों ने पचपेड़वा में किसान पंचायत मासिक बैठक संगठन के सदस्य जहीर के घर के सामने जिला अध्यक्ष बृजेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में की। बैठक में क्षेत्रीय व स्थानीय समस्याओं पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने पचपेड़वा को तहसील गौरा व जरवा को ब्लाक बनाने की मांग की है। प्राइमरी पाठशाला जो कि बंद किया जा रहा है इस आदेश को वापस लिया जाए। क्षेत्र में इस समय यूरिया के भारी कमी है यूरिया खाद उपलब्ध कराया जाए। सरकार स्मार्ट मीटर लगाकर गरीब किसान मजदूर से अधिक पैसा वसूलना चाहती है स्मार्ट मीटर को निरस्त कराया जाए।

### महिला से घर में घुसकर मारपीट

**महदेइया बाजार, बलरामपुर।** मलूकपुर गांव निवासी सुरता देवी पत्नी रामकुमार वर्मा ने गांव के प्रहलाद, तुलसीराम, राजेश पुत्रगण किशनलाल, ओमकार पुत्र तुलसीराम, कुसुमा देवी पत्नी तुलसीराम और नीरा देवी पत्नी प्रहलाद पर आरोप लगाया है कि उन्होंने साजिश के तहत उसकी आठ बीघा जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया और खेत में लगे सभी पेड़ भी काट डाले। पीड़िता के मुताबिक, उक्त जमीन उनके दिवंगत भाई शिवप्रसाद की थी, जिनकी कोई संतान नहीं थी और जिन्होंने वसीयत के माध्यम से अपनी पूरी संपत्ति सुरता देवी के पुत्र गोपाल के नाम कर दी थी। गोपाल वर्तमान में देहरादून में काम करते हैं और महिला गांव में अकेले रह रही हैं। पीड़िता ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि दबंगई और लगातार धमकियों से वह और उनका परिवार मानसिक रूप से भयभीत है तथा उन्हें जान-माल का खतरा बना हुआ है।

### स्थानीय उद्योगों में युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण व रोजगार

**बलरामपुर।** जिले के युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खुलने जा रहे हैं। उन्हें नौकरी की तलाश में बाहर नहीं जाना पड़ेगा क्योंकि कौशल विकास मिशन के तहत स्थानीय स्तर पर ही औद्योगिक इकाइयों में प्रशिक्षण की सुविधा दी जा रही है। इस योजना में उन्हीं औद्योगिक इकाइयों को शामिल किया जाएगा जिनका पिछले तीन वर्षों का वार्षिक टर्नओवर 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक रहा हो। इन योग्य इकाइयों को इंडस्ट्री ट्रेनिंग पार्टनर (आईटीपी) के रूप में कौशल विकास मिशन से जोड़ा जाएगा। इसके तहत 18 से 35 वर्ष की आयु के युवाओं को 3 से 6 माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के पूरा होने पर युवाओं को कौशल विकास प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा जो उनके लिए भविष्य में रोजगार पाने में सहायक होगा। प्रशिक्षण देने वाली इकाइयों को शासन की ओर से प्रति प्रशिक्षु के हिसाब से वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी। जिला कौशल विकास मिशन के प्रबंधक पंकज सिंह ने बताया कि अब तक दो औद्योगिक इकाइयों की सूची प्राप्त हुई है एक चीनी मिल और एक लखीमपुर स्थित कंपनी। ये दोनों इकाइयाँ मिशन के मानकों पर खरी उतरी हैं और इन्हें आईटीपी के रूप में जोड़े जाने की प्रक्रिया जारी है। जुलाई के अंत तक प्रशिक्षण कार्य शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को निर्धारित यूनिफॉर्म और प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे।

### मानव तस्करी व बाल अपराध रोकने की बनी रणनीति

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार कक्ष में विशेष किशोर पुलिस इकाई और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की मासिक समन्वय गोष्ठी और कार्यशाला का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मानव तस्करी, अनैतिक देह व्यापार, महिलाओं और बालकों के उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट की विवेचना और बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्य योजना तैयार की गई। बैठक में एसएसबी 9वीं बटालियन से प्रेमलाल शर्मा, अभियोजन कार्यालय से राजकुमार, सीडब्ल्यूसी से प्रदीप कुमार गुप्ता, श्रम विभाग से रिजवान खान आदि उपस्थित थे।




आयुक्त कार्यालय व न्यायालय परिसर में भरा पानी। अमृत विचार



अंबेडकर चौराहे पर लगा जाम। अमृत विचार

# बरसात से गर्मी से राहत, जलभराव के चलते सड़कों पर जाम

## किसानों को सोमवार को हुई बरसात से होगा फायदा, धान रोपाई में आएगी तेजी

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचारः** सोमवार दोपहर हुई झमाझम बरसात ने नगर पालिका परिषद की तैयारियों की पोल खोल दी है। वहीं बरसात से गर्मी से राहत मिली है। किसान धान रोपाई भी अब शुरू कर देंगे।

बारिश से शहर के विभिन्न मोहल्लों और बाजारों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।शहर के रानी बाजार, चौक बाजार आवास विकास कॉलोनी, सिविल लाइन, स्टेशन रोड, बड़गांव रोड, समेत दर्जनों क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनी रही। दुकानदारों को अपनी दुकानें बंद करने की नौबत आ गई, वहीं पैदल राहगीरों और स्कूली बच्चों को कीचड़ और पानी से होकर निकलना पड़ा।

नगरवासियों ने बताया कि नालों की सफाई समय पर न होने से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, जिसके चलते हल्की बारिश में भी यह हालात उत्पन्न हो जाते हैं। थॉम्सन स्कूल के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर भी काफी जल भराव देखा गया। शहर के रहने वाले विनय ने बताया कि विष्णु पुरी मोहल्ला तो हर बार की तरह तालाब बन गया है। गंदा पानी घरों में घुस रहा है, लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदारों को कोई फर्क नहीं पड़ता। वहीं सिंचाई विभाग के सभी दुकान पर लगाने वाले राम भूषण के दुकानदारों ने बताया कि बारिश का पानी सड़कों पर भरा हुआ है जल निकासी न होने से काफी समस्या हो रही है।सामान खराब हो होने की स्थिति बन गई। नगर पालिका की लचर व्यवस्था से लोगों मे नाराजगी देखी जा रही है।

शहर के नागरिकों का कहना है कि हर बार मानसून आने से पहले नगर पालिका लाख दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही होती है। अगर समय रहते नालों की सफाई और जल निकासी की पुख्ता व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। नगर पालिका को चाहिए कि वह समस्या का स्थायी समाधान करें, ताकि बरसात नगर वासियों के लिए मुसीबत न बने। फिलहाल बरसात से पड़ रही गर्मी से राहत मिली है। खेतों में पानी हो गया है ऐसे में धान की रोपाई में भी तेजी आने की पूरी उम्मीद है। यह बरसात जनपद के सभी क्षेत्रों में हुई है।



दीवानी कचहरी के सामने लगा जाम। अमृत विचार

### दीवानी गेट पर घंटों जाम में फंसे रहे अधिवक्ता व वादकारी

बरसात होने से कचेहरी कैंपस, मण्डलायुक्त कार्यालय पानी की लबालब भर गया है। दीवानी गेट पर लगभग दो घंटे का जाम लगा रहा, जिसमें अधिकारी, कर्मचारी, वादकारी, अधिवक्ता व फरियादी को जाम का सामना करना पड़ा। जाम सबसे बड़ी वजह यह है कि पटरियों पर दुकान व लोग अपनी अपनी गाड़ी खड़ी करके अपना अपना कार्य करने चले जाते हैं, जिससे रास्ता अवरुद्ध हो जाता है। इसी से लोगों को जाम में जूझना पड़ता है। बरसात होने के बाद सभी लोग बाहर निकलने लगे जिससे गेट पर काफी जाम लग गया। कचहरी कैंपस के आसपास जल निकासी व्यवस्था सही न होने से व जाम लगने से अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश देखा गया। अधिवक्ताओं ने समस्या के के निराकरण की मांग की है।

### स्कूल बस, एम्बुलेंस जाम में घंटों रही फंसी

**गोंडा:** सोमवार को शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त रही। बारिश के बाद लोगों को जबरदस्त जाम का सामना करना पड़ा। शहर के सभी चौराहे पर जाम लगा रहा। जाम का आलम यह रहा की घंटा स्टेशन रोड पर लगे जाम में एंबुलेंस व स्कूल की बस फंसी रही स्कूल की बस फंसे होने की वजह से बच्चों का भी परेशान दिखे। एंबुलेंस में गंभीर रोगी थे लेकिन जाम के चलते उनको समय से अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। काफी देर बाद जब पुलिसकर्मियों ने किसी तरीके से जाम को खुलवाया तो वह लोग अस्पताल पहुंच सके। अधिकतर चौराहों पर ट्रैफिक तथा होमगार्ड जवानों के साथ-साथ पीआरडी जवानों की ड्यूटी लगी है लेकिन वह लोग ड्यूटी मोबाइल पर व्यस्त रहते है। जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, वी मार्ट, फातिमा कालेज रोड और शहर के तमाम प्रतिष्ठानों गेट के सामने जाम लगा रहता है। गुरु नानक चौराहा, रोडवेज चौराहा, बड़गांव चौराहा, जय नारायण चौराहा, अंबेडकर चौराहा सभी चौराहों पर भीषण जाम लग रहा। गुरु नानक चौराहा से लेकर जयनारायण चौराहे तक वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग गई जरूरी काम के लिए निकले लोग जाम में फंस कर रह गये। जिला अस्पताल के सामने तो कई एंबुलेंस जाम में फंसे दिखे। बड़गांव पुलिस चौकी से लेकर मनकापुर बस अड्डे तक भी जाम लग रहा। यही हाल बड़गांव पुलिस चौकी से मिश्रौलिया ओवर ब्रिज का भी रहा। चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मी जाम के सामने असहाय नजर आए। ट्रैफिक के पुलिसकर्मी किसी तरीके से दो घंटा कड़ी मशक्कत के बाद यातायात को सुचारू रूप से संचालित करने में सफल रहे। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि स्टेशन रोड समेत कई चौराहों पर जाम लगा था पुलिस कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया है। बरसात जब बंद हुई तो अचानक सड़कों पर काफी लोग आ गए हैं, जिसके चलते जाम हो गया। जलभराव की भी समस्या रही।

### बलरामपुर में मौसम हुआ सुहाना, खेतों में लौटी रौनक



बलरामपुर नगर में बारिश के बीच गुजरते वाहन और लोग। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** सोमवार दोपहर बाद जिले में अचानक हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया। तेज धूप और उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली। बदले मौसम के कारण तापमान में गिरावट आई। बारिश से सिर्फ शहर ही नहीं ग्रामीण इलाकों में भी राहत महसूस की गई। खेतों में नमी हो जाने से खेती के कार्यों में तेजी आने लगी है। किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है। पहले से तैयार नर्सरी अब खेतों में रोपी जा रही है। बारिश गन्ने की फसल के लिए भी फायदेमंद साबित हो रही है। खेतों में पर्याप्त नमी आ जाने से किसान अब गन्ने में खाद डालने का कार्य शुरू कर दिया है। बरसात के चलते कुछ स्थानों पर सड़कों पर जलभराव की स्थिति भी बनी लेकिन ज्यादा देर तक परेशानी नहीं रही। मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों तक रुक-रुक कर बारिश की संभावना जताई है। जिससे किसानों को और राहत मिलने की उम्मीद है एवं तापमान में गिरावट होने की संभावना है जिससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिलने की संभावना है।

## फंदे पर लटककर महिला ने दी जान, दहेज हत्या का आरोप

संवाददाता, कटरा बाजार, गोंडा

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लालपुर के मजरा गोसाई पुरवा में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मायके वालों ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतका के पिता हरिशंकर गोस्वामी पुत्र राम केवल गोस्वामी निवासी झौहना थाना कौड़िया ने कटरा बाजार थाने में तहरीर दी है जिसमें उन्होंने कहा है कि उसने अपनी बेटी सोनिया की शादी करीब 5 वर्ष पूर्व लालपुर गोसाई पुरवा निवासी मनीष के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ किया था। शादी के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज सोने की चैन व नकदी की मांग बराबर किया करते थे और बेटी को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। रविवार की रात को दामाद ने सूचना दिया कि आपकी बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जब मौके पर जाकर देखा तो उनकी बेटी जमीन पर पड़ी थी। जिससे मुझे आशंका है कि मनीष पुत्र राम सहज, राम सहज पुत्र राम गुलाम, रामसेवक पुत्र राम सहज, ननके उर्फ महंत पुत्र जगदम्बा व विमला देवी पत्नी राम सहज ने हत्या कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।



सोनिया (फाइल फोटो)।

## बीएलओ ड्यूटी के मानदेय के लिए भटक रहे 500 शिक्षामित्र

**गोंडा, अमृत विचार :** विधानसभा चुनाव से पहले वर्ष 2020-21 में बीएलओ की ड्यूटी करने वाले जिले के 500 शिक्षामित्रों को उनके मानदेय का भुगतान नहीं किया गया। शिक्षामित्र मानदेय के भुगतान के लिये पिछले पांच साल से तहसील और पंचायत विभाग के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी उनका मानदेय भुगतान करने से कतरा रहे हैं। शिक्षामित्र संघ ने अधिकारियों पर उनका मानदेय हड़पने का आरोप लगाया है और इसकी शिकायत जिलाधिकारी, आयुक्त देवीपाटन मंडल व मुख्यमंत्री से की है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर मानदेय भुगतान नहीं किया गया तो आगे से कोई भी शिक्षामित्र बीएलओ की ड्यूटी नहीं करेगा।

**▶▶ पांच साल पहले वर्ष 2020-21 में की थी बीएलओ की ड्यूटी**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश मणि मिश्रा के मुताबिक वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव से पहले जिले की चारों तहसीलों में 500 से अधिक शिक्षामित्रों की ड्यूटी बूथ लेवल ऑफिसर के रूप में लगायी गयी थी। शिक्षामित्रों ने पूरे मनोयोग से मतदाता सूची को दुरुस्त करने का काम किया था। उस समय ड्यूटी करने वाले शिक्षामित्र को मानदेय मिलना था लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद अधिकारी शिक्षामित्र को मानदेय का भुगतान करना भूल गए। इस संबंध में जब संबंधित तहसील में शिक्षामित्रों ने संपर्क किया तो उन्हें पंचायत विभाग जाने की सलाह दी गई। पंचायत विभाग से मानदेय भुगतान को लेकर पत्राचार किया गया तो वहां से बताया गया कि चुनाव खत्म होते ही मानदेय का भुगतान संबंधित तहसीलों को कर दिया गया था। अब 500 शिक्षामित्रों का मानदेय तहसील और पंचायत विभाग के बीच में फंसा हुआ है। शिक्षामित्र अपने मानदेय के लिए लगातार इन दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी उनका भुगतान करने से पीछे हट रहे हैं। शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश मणि मिश्रा का आरोप है कि चुनाव से जुड़े अधिकारी उनके मानदेय को हड़प कर लेना चाहते हैं। यदि मानदेय का भुगतान नहीं किया जाता है आगे से कोई भी शिक्षामित्र बीएलओ की ड्यूटी नहीं करेगा। उन्होंने मानदेय भुगतान के लिए जिलाधिकारी, देवीपाटन मंडल के आयुक्त और मुख्यमंत्री को पत्र भी भेजा है।

## त्योहारों व कानून व्यवस्था को लेकर आईजी ने की समीक्षा, दिए सख्त निर्देश

**गोंडा, अमृत विचार :** आगामी त्योहारों के मद्देनज़र कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक आईजी अमित पाठक ने सोमवार को गोंडा परिक्षेत्र के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए है।

आईजी ने थानों और चौकियों पर प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ही जनता का विश्वास बढ़ाता है। इण्डो-नेपाल सीमा पर हो रही संदिग्ध गतिविधियों और तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ संयुक्त कॉम्बिंग, पेट्रोलिंग और नियमित चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मादक पदार्थ, अवैध शराब और हथियारों की तस्करी पर रोकथाम को लेकर सख्त कार्रवाई के आदेश भी दिए है। आईजी ने स्पष्ट कहा कि जो भी व्यक्ति शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करेगा, उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाय। उन्होंने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल और अर्धसैनिक बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में गोंडा के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, बलरामपुर के एसपी विकास कुमार, बहराइच के एसपी रामनयन सिंह और श्रावस्ती के एसपी घनश्याम चौरसिया मौजूद रहे।

**तैयारी** बाढ़ से बचाव को लेकर तहसील प्रशासन ने कसी कमर, 11 बाढ़ चौकियां और 9 बाढ़ शरणालय स्थापित

## सवा दो लाख क्यूसेक डिस्चार्ज के साथ तेजी से बढ़ रहा जलस्तर

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** करनैलगंज तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांव हर साल घाघरा नदी में बाढ़ की त्रासदी से प्रभावित होते हैं। मानसून की शुरुआत होते ही घाघरा नदी उफान पर आ गई है। शारदा, गिरजा और सरयू बैराजों से छोड़े गए दो लाख क्यूसेक पानी के चलते नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

वहीं सोमवार को सवा दो लाख क्यूसेक पानी फिर छोड़ा गया। एल्गिन ब्रिज पर घाघरा नदी इस समय खतरे के निशान से मात्र डेढ़ मीटर नीचे बह रही है, जिससे तटवर्ती गांवों में दहशत का माहौल है। हर साल की तरह इस बार भी कटान और पानी के बढ़ते दबाव के चलते कई ग्रामीण पलायन के लिए मजबूर हो सकते हैं। प्रशासन ने संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सभी जरूरी इंतजाम पूरे कर लिए हैं। करनैलगंज तहसील क्षेत्र में कुल 11 बाढ़ चौकियां और 9 बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए हैं। ग्रामीणों के आवागमन के लिए 26 नावें तैनात की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें पूरी तरह से अलर्ट पर हैं। जल पुलिस और एसडीआरएफ को भी तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ शरणालयों में बाढ़ पीड़ितों के ठहरने, खाने-पीने और स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। शरणालय स्थलों में जूनियर हाई स्कूल पसका, पंचायत भवन पसका, प्राथमिक विद्यालय पसका, सकरौर भिखारीपुर बांध, जूनियर हाई स्कूल बहुवन मदार माझा, प्राथमिक विद्यालय चरसड़ी, जूनियर हाई स्कूल नारायणपुर जयसिंह, प्राथमिक विद्यालय पाल्हापुर और प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर शामिल हैं। सभी शरणालयों में प्रभारी अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। इसके साथ ही बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है और बरसात से पहले ही तटबंधों की मरम्मत व मजबूतीकरण का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। जिला प्रशासन और तहसील प्रशासन लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी कर रहा है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने को पूरी तरह तैयार है।



बाढ़ से बचाने को लगाई गई परखोपाइन। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### उत्पीड़न के खिलाफ ग्राम प्रधानों तथा सचिवों ने जताया आक्रोश



प्रदर्शन कर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते ग्राम प्रधान और सचिव।

**पचपेड़वा, बलरामपुर।** स्थानीय ब्लॉक में ग्राम प्रधान और सचिवों ने धरना प्रदर्शन कर 10 सूत्री ज्ञापन खंड विकास अधिकारी मोहित दूबे को सौंपा। इसी तरह जिले के अन्य ब्लॉकों में भी ग्राम प्रधान तथा सचिवों ने आक्रोश जताते हुए संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार के मामलों में अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न का आरोप लगाया। मांगों में मनरेगा मजदूरी बढ़ाने, वृक्षारोपण कार्य बंद करने और अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न रोकने की मांग शामिल है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि ग्राम पंचायत बिशनपुर टनटनवा में मनरेगा योजना के तहत तीन तालाबों के निर्माण में अनियमितता के मामले में दोषी पाए गए ग्राम प्रधान, सचिव, रोजगार सेवक और एपीओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, लेकिन तत्कालीन खंड विकास अधिकारी धनंजय सिंह के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई, जबकि भुगतान उनके डोंगल से किया गया था। ग्राम प्रधान अरुण सिंह और महिला कर्मचारी श्रीमती आरती रावत को अमानवीय तरीके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जिसकी निंदा की गई है। ज्ञापन में मांग की गई है कि एफआईआर वापस लेकर उनकी रिहाई कराई जाए। इसके अलावा, जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइपलाइन डालने और सड़कों की मरम्मत नहीं होने के कारण भी नाराजगी जताई गई है। ग्राम पंचायत चूल्हा भारी में पानी की टंकी फटने के मामले में भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रधान महिनकी देवी थारू, धनीराम थारू, अक्षय थारू, कृष्ण कुमार यादव, सलमान, गुन्नू मास्टर, सुनील जायसवाल, थारू समेत दर्जनों प्रधान और सचिव मौजूद रहे।

### आज से शुरू होगा एमएलके पीजी कॉलेज में प्रवेश

**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर में 01 जुलाई से प्रवेश प्रारंभ होगा। छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे पी पाण्डेय ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए 01 जुलाई से प्रवेश प्रारंभ होगा। नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को प्रवेश लेने में कोई दिक्कत न हों इसके लिए रजिस्ट्रेशन, एडमिशन फार्म व फीस जमा करने के लिए अलग अलग पटल बनाये गए हैं। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को विषय चयन अथवा विषयों के मध्य समन्वय बनाने में आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए विभिन्न विषयों के प्राध्यापकों की अलग अलग के प्रवेश समिति भी बनाई गई है जो समस्याओं के त्वरित निस्तारण का प्रयास करने के साथ ही उन्हें उचित सुझाव भी देंगे। प्राचार्य ने बताया कि स्नातक कला संकाय के लिए 1800 तथा स्नातक विज्ञान संकाय अंतर्गत मैथ ग्रुप के लिए 240 व बायो ग्रुप के 600 सीटें निर्धारित हैं। इसके साथ ही कम्प्यूटर साइंस के लिए 120, सीड टेक्नोलॉजी के लिए 120, बीकॉम के लिए 240, बीसीए के लिए 120 व बीबीए के लिए 60 सीटें हैं। वहीं स्नातकोत्तर कला संकाय के अंतर्गत शिक्षाशास्त्र के लिए 60, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, इतिहास के लिए 60-60 सीटें, गृहविज्ञान के लिए 40, अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत व राजनीति शास्त्र के लिए 75-75 तथा एम कॉम के लिए 80 सीटें उपलब्ध हैं। वहीं स्नातकोत्तर विज्ञान विषयों के अंतर्गत भौतिकी व वनस्पति विज्ञान के लिए 60-60, रसायन विज्ञान के लिए 50, गणित के लिए 75 तथा प्राणि विज्ञान के लिए 120 सीटें उपलब्ध हैं।

### पिछड़ा वर्ग के युवाओं को मिलेगा मुफ्त कंप्यूटर प्रशिक्षण

**बलरामपुर।** पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण का सुनहरा अवसर मिला है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत इच्छुक अभ्यर्थी 10 जुलाई तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने वाले युवाओं को चयन के बाद ओ-लेवल (तीन माह) और ट्रिपल-सी (एक वर्ष) का मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजीव कुमार यादव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर उन्हें रोजगार के योग्य बनाना है। हालांकि अभी तक विभाग को कोई भी ऑनलाइन आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थियों को उसकी हार्डकॉपी भी जमा करनी होगी। सभी आवेदनों का सत्यापन कर शासन को भेजा जाएगा जिसके बाद लक्ष्य निर्धारित कर प्रशिक्षण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## एक नजर

### दुबहा चौकी के प्रभारी बने अजय सिंह

**रुपईडीह, गोंडा।** कौड़िया के पुलिस चौकी दुबहा बाजार के नवनियुक्त प्रभारी अजय कुमार सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि यहां के चौकी प्रभारी सुनील कुमार सिंह का स्थानांतरण तरबगंज हो गया था। उनके स्थान पर श्रावस्ती जिले से आए दारोगा अजय कुमार सिंह की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कर्नलगंज कोतवाली से स्थानांतरित होकर आए दारोगा दुर्गा विजय सिंह ने भी कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

### बिजली व सड़क दुरुस्त करने की मांग

**रुपईडीह, गोंडा।** भारतीय किसान यूनियन की शाखा ब्लॉक के तत्वावधान में किसानों की पंचायत जिलाध्यक्ष शिवराम उपाध्याय की देखरेख में इमलिया छीटू गाँव में आयोजित की गई। इस पंचायत में उपस्थित सभी किसानों ने इमलिया छीटू गाँव के निकट नहर पर पुल, इमलिया छीटू से रघ्घू बाबा होते हुए कौड़िया तक जाने वाली सड़क का निर्माण तथा लचर विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने की मांग की। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सुखदेव शुक्ल, लवलेश मिश्र, राहुल शुक्ल, संतोष तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**तरबगंज, गोंडा।** गिरधरपुर गांव के मजरा नागनाथ पुरवा में सर्प ने विवाहिता को काट लिया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार वालों के अनुसार विवाहिता सरिता पत्नी सुरेश (20) जिनकी चार माह पूर्व फरवरी में शादी हुई थी। शादी के बाद पति पत्नी दो माह साथ में रहें उसके बाद पति सुरेश पूणे शहर में कमाने चला गया। पत्नी घर पर थी। रविवार की रात आठ बजे कमरे में बेड के नीचे सांप बैठा था। जैसे ही विवाहिता कमरे में पहुंची तो सांप ने डस लिया। आनन फानन घर वालों ने सीएचसी तरबगंज में भर्ती कराया जहां हालत में सुधार ना होने पर गोण्डा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। यही नहीं पूरी रात सांप बेड के नीचे बैठा रहा सुबह लोगों ने पकड़ कर जंगल में छोड़ दिया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर परिजनों को सौंप दिया है।

### नवनियुक्त पंचायत सेक्रेटरी को कलस्टर गांव आवंटित

**रुपईडीह।** जिलाधिकारी के आदेश पर ब्लॉक में नवनियुक्त ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारियों को अलग-अलग क्लस्टर आवंटित कर दिया गया है। डीपीआरओ लालजी दूबे ने बताया कि ब्लॉक में नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारी नेहा कुशवाहा को छितौनी, विंध्यवासिनी भारती को कुरासी क्लस्टर में शामिल ग्राम पंचायतों का सचिव नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार से नवनियुक्त ग्राम विकास अधिकारी अनिल वर्मा को महादेवा कला व झूरी कुइयां, रमेश कुमार मिश्र को शिवगढ़ व देवतहा, योगेश द्विवेदी को पिपरा भोधर व भटपी, देवेश कुमार श्रीवास्तव को उसरैना व जयचंद वर्मा को हिंदू नगर बाकी व खरगूपुर इमलिया कलस्टर मे शामिल ग्राम पंचायतों का सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा ब्लॉक में पूर्व से तैनात ग्राम विकास अधिकारी नंदिनी मौर्य को लोनावा दरगाह तथा ग्राम पंचायत अधिकारी रमेश कुमार को पिपरा भोधर कलस्टर के स्थान पर अब परना बगुलहा क्लस्टर में शामिल ग्राम पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सभी क्लस्टर में नियुक्त किए गए पंचायत सचिवों को एक सप्ताह मे ग्राम पंचायतों का कार्य भार ग्रहण कराकर रिपोर्ट डीपीआरओ कार्यालय को उपलब्ध कराए जाने का आदेश खंड विकास अधिकारी को दिया गया है।

### फांसी लगाकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**परसपुर :** ग्राम लाली पुरवा में रविवार की रात एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पत्नी ने बताया कि उनके पति दिनेश कुमार सिंह रात को खाना खाने के बाद दूसरे कमरे में सोने चले गये थे। सुबह उठने के बाद देखा कि पंखे के हुक से साड़ी के सहारे लटके हैं। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दिनेश सिंह अपने परिवार के साथ गांव में रहते थे। उनके पांच बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटे और दो बेटियां शामिल हैं। लड़के बाहर काम करते हैं और दंपती घर पर बेटियों के साथ रहते थे। पत्नी के अनुसार आत्महत्या से पूर्व घर में किसी तरह का विवाद नहीं हुआ था। प्रभारी निरीक्षक शारदेन्दु कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। फोरेंसिक टीम ने मौके से जरूरी साक्ष्य जुटा लिए हैं।

# पानी की टंकियों की गुणवत्ता खराब

संवाददाता, गोंडा



समीक्षा बैठक करते आयुक्त एवं आईजी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सोमवार को आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने चारों जिलों के डीएम, सीडीओ और मंडलीय अधिकारियों के साथ शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की। जल जीवन मिशन की अधूरी परियोजनाओं व खराब गुणवत्ता को लेकर नाराजगी व्यक्त की और जांच के आदेश दिए।

जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने निर्देश दिए कि मंडल के सभी जनपदों में बनी पानी की टंकियों की गुणवत्ता का सत्यापन किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में अभियान चलाकर निराश्रित गोवंशों की समस्या को समाप्त किया जाए। निराश्रित गोवंश को संरक्षित किया जाए। उद्योग विभाग की समस्त योजनाओं के लक्ष्य को पूरा किया जाए। प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाये। इसके अलावा कई विकास परियोजनाओं के अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। लाभ परक योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पात्रों को मिले इसके लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए। आयुक्त ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की। आईजी देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक, डीएम गोंडा नेहा शर्मा, सीडीओ चारों जिलों के डीएम, सीडीओ व एसपी बैठक में शामिल रहे।

**जल जीवन मिशन**

▶▶ आयुक्त ने सभी पानी की टंकियों की जांच के दिए आदेश

## झाड़ियों में नवजात बच्ची का मिला शव

**गोंडा :** शहर के पॉश इलाके सर्किट हाउस के पास सोमवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब आसरा आवास के बगल की झाड़ियों में एक नवजात बच्ची का शव बरामद हुआ। सुबह करीब 10 बजे कुछ लोगों की नजर शव पर पड़ी, जो चींटियों से भरा हुआ था। मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और अस्पतालों में हालिया प्रसव की जानकारी भी जुटा रही है। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि नवजात बच्ची का शव मिला था जिससे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच की जा रही है।

# गर्मी की छुट्टी के बाद आज से खुलेंगे स्कूल

▶ नए सत्र में एक से तीन के बच्चों को नहीं मिल सकी हैं किताबें




संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद परिषदीय स्कूल मंगलवार से खुल जाएंगे, लेकिन इन स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को अभी तक नई किताबें नहीं मिल सकी हैं। ऐसे में इन बच्चों को बिना किताबों के ही ककहरा सिखाया जाएगा।

बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों में 20 में के बाद ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित हो गया था स्कूलों को 16 जून को फिर से खोलना था लेकिन भीषण गर्मी को देखते हुए सरकार ने बच्चों की छुट्टी 30 जून तक बढ़ा दी थी। हालांकि शिक्षक 16 जून से ही स्कूल जा रहे हैं। जब पहली जुलाई से बच्चे स्कूल पहुंचेंगे और नियमित पठन पाठन शुरू होगा। विभागीय अधिकारी और शिक्षक स्कूलों के संचालन को लेकर व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटे हैं। कक्षा चार से 8 तक के बच्चों को किताबें पहले ही वितरित की जा चुकी हैं जबकि कक्षा एक तीन तक के बच्चों को अभी नए सत्र की किताबें नहीं मिली है। ऐसे में इन बच्चों को बिना किताब के ही पढाई करनी होगी। किताब को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि अभी एक से तीन तक की किताबों की छपाई नहीं हुई है। जब किताब छपकर आयेगी तो उसे बच्चों तक पहुंचाया जायेगा। बीएसए अतुल तिवारी ने बताया कि जल्द ही किताब की सप्लाई मिलने की उम्मीद है। इसके पहले पुरानी किताबों से पढाई कराने का निर्देश शिक्षकों को दिया गया है।

**नवप्रवेशी बच्चों का होगा स्वागत, निकलेगी स्कूल चलो अभियान रैली :** पहले दिन नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया जायेगा तथा नए नामांकन के लिए स्कूल चलो अभियान रैली निकाली जायेगी। बच्चों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन के लिये सर्वे का कार्य भी प्रारंभ हो जायेगा। बीएसए ने बताया कि पहले दिन स्कूल समय से खुले इसके लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वह खुद भी फील्ड में रहकर स्कूलों का निरीक्षण करेंगे।

## नियम विरुद्ध मर्जर की आपत्ति दर्ज कराएगा प्राथमिक शिक्षक संघ

**गोंडा :** परिषदीय स्कूलों के विलय को लेकर शिक्षक संगठनों का विरोध बढ़ता जा रहा है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिले में मर्जर के लिए चिन्हित स्कूलों की सूची पर आपत्ति जताई है। संघ का आरोप है कि मर्जर के लिए चिन्हित किए गए स्कूलों में नियमों का ध्यान नहीं रखा गया है और सूची तैयार करने में मनमानी की गयी है।

डीएम को भेजे गए पत्र में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी ने कहा है कि वर्तमान समय में 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को बंद करते हुए नजदीकी विद्यालय में पेयरिंग करने के आदेश निर्गत किये जा रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पेयरिंग /मर्जर किए जाने वाले विद्यालयों की सूची मनमाने तरीके से तैयार करके प्रेषित कर दी गई है, जबकि शासनादेश के अनुसार काम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के अभिभावक एवं ग्राम प्रधान द्वारा सहमति लिए जाने की व्यवस्था की गई है। परंतु जनपद में इसके विपरीत जाकर कार्य किया जा रहा है। उन्होने सभी ब्लाक अध्यक्षों, मंत्री व अन्य पदाधिकारियों से ऐसे विद्यालयों के असहमति पत्र को संगठन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है ताकि इन पत्रों को अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा के समक्ष प्रस्तुत करते हुए शासनादेश के विपरीत हुए मर्जर/पेयरिंग को निरस्त कराए जाने की मांग की जा सके।

संयुक्त मंत्री/ मीडिया प्रभारी वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 में दी गई व्यवस्था जिसमें एक किलोमीटर तथा 300 की आबादी पर प्राथमिक विद्यालय एवं तीन किलोमीटर तथा 500 की आबादी पर उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित करने की व्यवस्था दी गई है। अब बिना अधिनियम में संशोधन किये विद्यालय को बंद किया जाना बाल अधिकारों का हनन है।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन


बीएसए को ज्ञापन देते शिक्षक। अमृत विचार

**गोंडा :** विद्यालय युग्मन/ मर्जर के विरोध में सोमवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव के नेतृत्व में शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बच्चों को शिक्षा से विमुख न करने का और युग्मन /मर्जर आदेश को वापस लेने की मांग की गयी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रकरण पर सहानभूति पूर्वक विचार करने का भरोसा दिलाया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदय भान वर्मा ने आग्रह किया कि कम से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को मर्ज किया जाए जिससे कम से कम विद्यालय मर्ज हो सके। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदय भान वर्मा, संयुक्त महामंत्री आनन्द प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सत्य प्रकाश, संयुक्त मंत्री भास्कर दूबे, संतोष कश्यप, ब्लॉक कटरा के अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, ब्लॉक बेलसर के सत्यव्रत वर्मा, ब्लॉक इटियाथोक के अध्यक्ष डॉ रामराज, मंत्री अभय प्रताप सिंह, ब्लॉक पंडरी कृपाल के मंत्री राकेश कुमार शुक्ला ,बेलसर के मंत्री मनोज कुमार शुक्ला, ब्लॉक इटियाथोक के मीडिया प्रभारी दिलीप वर्मा राजेन्द्र कुमार शुक्ला, संतोष कुमार सिंह समेत संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# साइकिल से सब्जी मंडी जा रहे किसान को ट्रक ने रौंदा

**करनैलगंज, अमृत विचार :** खेत से परवल तोड़कर साइकिल से गल्ला एवं सब्जी मंडी जा रहे किसान को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में किसान की मौके पर ही मौत हो गई।


पाटन (फाइल फोटो)।

घटना सोमवार सुबह करीब 8 बजे की है, जब किसान कटरा घाट सरयू पुल पार कर रहा था, उसी दौरान लखनऊ की ओर जा रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि किसान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान गौरा थाना क्षेत्र के निवासी पाटन (45) किसान के रूप में हुई है, जो सब्जी की खेती कर परिवार का भरण-पोषण करता था। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाल तेजप्रताप सिंह ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है, चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**इटियाथोक :** गोंडा बलरामपुर राजमार्ग पर विसुही पुल के पास बाइक सवार युवक कार से टकराकर घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जोकाही के दद्दू (30) व राम छबीले (45) बाइक से गोंडा की तरफ जा रहे थे। इटियाथोक गोंडा मार्ग पर बिसुही पुल के पास सामने से आ रही कार ने ठोकर मारी दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में लिया गया है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## युवक ने महिला मित्र के साथ अपनी पत्नी पर किया हमला

**खरगूपुर :** युवती का पति अपने महिला मित्र के साथ लखनऊ में कमरा लेकर चोरी चुपके रह रहा था। जानकारी होने पर पत्नी ने विरोध किया तो दोनों ने उस पर हमला कर घायल कर दिया।

ग्राम रुद्रपुर बिसेन की रहने वाली केतकी पुत्री राम प्रसाद ने थाने पर दिए गए तहरीर में कहा है कि उसका पति खरगूपुर थाना के पिपरा चौबे गांव का सरोज कुमार पुत्र कुंज बिहारी वाटर स्वरूप रोड ऐस बाग थाना बाजार खाला लखनऊ में रहते थे। कुछ महीनों से वह घर नहीं आ रहे थे। जिस पर उसने खोजबीन करना शुरू किया तो वह अपने महिला मित्र के साथ लखनऊ में एक ही कमरे में मिले। उसने घर वापस चलने के लिए कहा तो पति सरोज कुमार व उसकी महिला मित्र माला देवी ने हमला कर उसे घायल कर दिया। विरोध करने पर धमकी देकर उसे भगा दिया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि उसके पति व महिला मित्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दो किशोरियों को अगवा कर ले गए दबंग, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, मनकापुर, गोंडा



**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग गांव से दो किशोरियों को अगवा कर लेने के मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने दो महिला सहित नौ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने दर्ज करायी रिपोर्ट में बताया कि जनपद बलरामपुर के थाना सादुल्ला नगर अंतर्गत ग्राम परसिया निवासी रक्षाराम का पीड़िता के गांव में ननिहाल होने के नाते आना-जाना था। इस बीच उसकी नाबालिग पुत्री को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और बातचीत करने के लिए मोबाइल भी दे दिया। इसकी जानकारी होने पर आरोपी के ननिहाल में पूछताछ करने गई तो सुगरा देवी व श्रवण कुमार ने गाली गुप्ता व धमकी देकर भगा दिए। 20 जून को दोपहर डेढ़ बजे रक्षा राम, राम सहाय व निक्का बोलेरो गाड़ी से आए और सुगरा, मानती, श्रवण के सहयोग से उसकी नाबालिग पुत्री को जबरन गाड़ी में बैठा ले गए। वही दूसरी घटना में एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि विपक्षी इमरान खान, शाहरुख खान व कन्नू ने घर से जबरन उसकी पुत्री को उठा ले गए हैं। जिसकी शिकायत सम्पूर्ण समाधान दिवस में की थी। जिसमे कोई कार्यवाही नहीं हुई है। विपक्षीगण जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दो महिला समेत नौ लोगों के खिलाफ अपहरण सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**मुहिम** एलसीडी स्क्रीन और साउंड के माध्यम से नशे से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से दी जानकारी

# युवाओं को नशामुक्त बनाने को निकली ब्रह्माकुमारी की रथयात्रा

नवाबगंज, गोंडा



रथयात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** युवाओं को नशा मुक्त कराने के मंसूबे से देशव्यापी भ्रमण पर निकली ब्रह्मा कुमारी संस्था की रथयात्रा रविवार को कस्बे में पहुंची। शाम लौव्वावीरपुर गांव में बीके बहनों द्वारा इस रथ का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र में अभियान के लिए रवाना किया। देर रात तक गांव के मजरों में घूम घूम कर रथ में लगे एलसीडी स्क्रीन और साउंड के माध्यम से नशे से होने वाली नुकसानों के बारे में विस्तार से जानकारी दिए जाने के बाद वहां मौजूद लोगों को अपने अपने व्यसनों को छोड़ने का संकल्प भी दिलाया।

अभियान का नेतृत्व कर रहे बीके मुकेश भाई (दिल्ली) ने बताया कि प्रदेश के हर स्थान पर अभियान को पहुंचाने के लिए चौपहिया वाहनों पर बनाए गए आधा दर्जन रथ अलग-अलग मंडलों के भ्रमण पर हैं। जिन्हें 6 अप्रैल को गोरखपुर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।

### शिव बाबा के ध्वाजारोहण के साथ अभियान का श्रीगणेश

लौव्वावीरपुर गांव में डॉ. विनोद त्रिपाठी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में समारोह पूर्वक शिव बाबा का ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात उपस्थित जनसमूह को बीके रेखा और ममता बहन ने सेहत और नशे के लत का स्वयं के सेहत और पर पड़ने वाले कुप्रभाव को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में जिले के आधा दर्जन सेवा केन्द्रों के समर्पित भाई बहनों में सावित्री, प्रीति, आरती प्रेमसुधा, कलावती, संगीता, मधु रमा शंकर, कृष्ण कुमार, सुरेश तिवारी, गनेश सिंह, वेद प्रकाश राम जियावन समेत सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बाबा बर्फानी के दर्शन को श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना


बाबा बर्फानी की यात्रा पर गोंडा रेलवे स्टेशन पर जुटे श्रद्धालु। अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा :** अमरनाथ यात्रा के लिए तहसील करनैलगंज क्षेत्र से श्रद्धालुओं का पहला जत्था सोमवार को गोंडा जंक्शन से रवाना हुआ। जत्थे में शामिल 30 श्रद्धालुओं ने बम-बम भोले और जय बाबा बर्फानी के जयकारों के साथ उत्साहपूर्वक यात्रा का शुभारंभ किया। यह जत्था करनैलगंज क्षेत्र के छतई पुरवा, सोनवार, कचनापुर, गोनवा, सकरौरा ग्रामीण व शाहपुर धनावा गांवों से संबंधित श्रद्धालुओं का है, जो जम्मू तवी अमरनाथ एक्सप्रेस से यात्रा के लिए रवाना हुए। जत्थे में भवानी शुक्ल, राजेश पाण्डेय, कपिलदेव मिश्र, राकेश मोहन तिवारी, विकास मिश्र, सर्वेश पाण्डेय, पंकज मिश्र, रमेश पाण्डेय, विमलेश तिवारी, मनोज यादव, आकाश तिवारी, विपिन शुक्ल, नीलकमल, अमित श्रीवास्तव समेत कई श्रद्धालु शामिल हैं। श्रद्धालु रनंजय सिंह ने कहा कि जीवन में एक बार अमरनाथ बाबा के दर्शन अवश्य करना चाहिए, क्योंकि यह आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है। वहीं, बीते 16 वर्षों से निरंतर अमरनाथ यात्रा कर रहे दिनेश मिश्र ने कहा कि बाबा बर्फानी के दर्शन मात्र से सभी दुख-दर्द दूर हो जाते हैं और परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। श्रद्धालुओं का जत्था पूरे भक्तिभाव व उत्साह के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ, जहां वे पवित्र गुफा में हिमलिंग के दर्शन करेंगे।

### आर्थिक विवाद को लेकर सेंट माइकल स्कूल को कानूनी नोटिस

**मनकापुर :** आईटीआई परिसर, मनकापुर में संचालित प्रतिष्ठित सेंट माइकल स्कूल एक आर्थिक विवाद के चलते कानूनी घेरे में आ गया है। स्कूल द्वारा सेवाओं का भुगतान समय पर न करने पर बलिया जनपद के 4 गोपालपुर कला विद्या भवन प्रताप इंटरप्राइजेज ने अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह के माध्यम से स्कूल प्रिंसिपल को कानूनी नोटिस भेजा है। पहली नोटिस दिनांक 14 मई 25 को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजा गया, जिसमें बकाया भुगतान के लिए एक माह का समय दिया गया था। इस दौरान स्कूल ने आंशिक भुगतान करते हुए 85,504 रुपये की राशि चुका दी, लेकिन 59,222 रुपये अभी भी बकाया है। समय सीमा समाप्त होने के बाद, अधिवक्ता ने 21 जून को दूसरी नोटिस रजिस्टर्ड डाक से भेजा, जो कि 27 जून को स्कूल प्रशासन को प्राप्त हुआ। नोटिस में साफ कहा गया है कि यदि शेष 59,222 रुपये का भुगतान अगर 15 दिन के भीतर नहीं किया गया, तो प्रकरण को अदालत में प्रस्तुत कर भुगतान न करने की स्थिति में न्यायालय द्वारा वसूली की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। सूत्रों का कहना है कि स्कूल प्रिंसिपल जानबूझकर कंपनी से आए नोटिसों को नजरअंदाज कर रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि आईटीआई परिसर में संचालित होने के बावजूद आईटीआई प्रशासन और शिक्षा विभाग ने इस विवाद में अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया है। वहीं जब इस मामले में स्कूल प्रिंसिपल बक्कियाराज टी से उनका पक्ष जाना गया तो उन्होंने बताया कि प्रताप इंटरप्राइजेज के द्वारा दिये गए बिल में कुछ गड़बड़ी हो गयी थी जिसको लेकर भुगतान में देर हुई फर्म प्रोपराइटर को विद्यालय बुलाया गया है। दिए गए बिलों पर वार्ता कर उनका बकाया भुगतान कराया जाएगा।

### जर्जर रास्ते से परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया मांग पत्र

**गोंडा :** विकासखंड झंझरी के ग्राम सभा बुढ़ादेवर के मजरा चड़निया के ग्रामीणों ने जिला पंचायत स्तर से सड़क निर्माण की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि संतोष त्यागी मास्टर के घर से लेकर देवी दयाल मिश्र के घर तक लगभग 200 मीटर सड़क बेहद जर्जर है। इस मार्ग से आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। पूर्व में भी इस संबंध में पत्राचार किया गया था, लेकिन खंड विकास अधिकारी की रिपोर्ट में बताया गया कि ग्राम पंचायत स्तर से इस सड़क का निर्माण नहीं कराया जा सकता। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क की हालत इतनी खराब है कि बरसात में कीचड़ हो जाता है और फिसलन से राहगीर गिरकर घायल हो जाते हैं। इससे न सिर्फ लोगों की आवाजाही प्रभावित होती है, बल्कि आपात स्थिति में दिक्कत और बढ़ जाती हैं।मांग पत्र में रोहित मिश्रा, उदय नारायण, रेखा शांति देवी, मसूद समेत कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। मांग किया गया है कि संबंधित मार्ग का निर्माण कार्य जिला पंचायत स्तर अथवा पीडब्ल्यूडी से कराया जाए, जिससे लोगों को राहत मिल सके।

### गुमड़ी घाट जंगल में खाई में गिरी कार, दो युवक घायल


गुमड़ी जंगल की खाई में गिरी कार। अमृत विचार

**धानेपुर :** धानेपुर इलाके के गुमड़ी घाट जंगल में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र के आईआईएम रोड रायपुर के रहने वाले सुखबीर सिंह के मुताबिक उनका भाई अजय व उसका साथी आशीष सोमवार की सुबह कार से लखनऊ से उतरौला जा रहा था। धानेपुर थाना क्षेत्र के गोंडा उतरौला मुख्य मार्ग गुमड़ी घाट जंगल के पास पहुंचा था इसी दौरान अचानक छुट्टा जानवर आ गए जिसे बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जाकर पलट गई। जिससे कार सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोग जुटे और घायलों को अस्पताल भिजवाया गया है। सुखबीर सिंह के मुताबिक उनका भाई खतरे से बाहर है जबकि साथी आशीष की हालत गंभीर बनी हुई है। डाक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया है। घायलों की पहचान अजय यादव व आशीष राजपूत के रूप में हुई है, जो लखनऊ के आईआईएम रोड स्थित करियर हॉस्पिटल के पास के रहने वाले बताए जा रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक अजय यादव की हालत चिंताजनक है जबकि आशीष राजपूत की स्थिति अधिक गंभीर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। बताया कि पुलिस को सूचना दी गई है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

### पांच पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त, विदाई समारोह आयोजित


सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को विदाई देते एएसपी राधेश्याम राय। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** पांच पुलिसकर्मियों ने सोमवार को अधिवर्षता सेवा पूरा कर लिया। पुलिस विभाग की ओर सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों में उप निरीक्षक राकेश सिंह, मुख्य आरक्षी रामउग्रह राय, फालवर सत्यनारायण, रामानंद गुप्ता व प्रेमा देवी हैं। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित विदाई समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को फूलमाला पहनाकर, अंग वस्त्र व धार्मिक पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने पुलिस सेवा में उनके योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि विभागीय परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक सहित कई अन्य अधिकारी व पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ बिताए गए पलों को याद किया गया।

### सहायक चकबंदी अधिकारी को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**परसपुर।** सेवा में आना और सेवा से निवृत्त होना एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन वे अधिकारी वास्तव में भाग्यशाली होते हैं जो अपने पूरे सेवाकाल में बेदाग रहते हैं। यह विचार चकबंदी अधिकारी राजकुमार ने चकबंदी कार्यालय परसपुर में सोमवार आयोजित विदाई समारोह में व्यक्त किए। यह समारोह सहायक चकबंदी अधिकारी राजेश सिंह के सम्मान में आयोजित किया गया था, जो सेवा से सेवानिवृत्त हुए। सहायक चकबंदी अधिकारी मोहम्मद मुजीब ने उन्हें साल पहनाकर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर सर्वेश शुक्ल, सुदामा सिंह, विश्व विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

शतेषु जायते शूर : सहस्रेषु च पण्डित : ।
वक्ता दशसहस्रेषु दाता भवति वा न वा ।।

सौ लोगों में से एक शूरवीर होता है। हजार लोगों में एक विद्वान होता है। दस हजार लोगों में एक अच्छा वक्ता होता है। वही लाखों में बस एक ही दानी होता है।

## संपादकीय

# कालेज परिसर में दरिंदगी

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा को उसके ही कॉलेज परिसर में घसीटा जाता है, गैंगरेप किया जाता है, वीडियो रिकॉर्ड होता है और उसे धमकी दी जाती है कि अगर किसी से कुछ कहा तो यह वीडियो वायरल कर दिया जाएगा। सवाल यह है कि कॉलेज का वह परिसर जो पढ़ाई और कानून की समझ के लिए बनाया गया था, वह एक साज़िशी अपराध की जगह कैसे बन गया? सीसीटीवी कैमरे चालू थे, सुरक्षा गार्ड मौजूद थे, मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हुई है, फिर भी पुलिस ढंग से तभी हरकत में आई जब वीडियो सोशल मीडिया पर तैरने लगा। मुख्य आरोपी अब गिरफ्तार किए जा चुके हैं। क्या मौके से मिले सबूत काफी नहीं थे पुलिस को फ़ौरन कार्रवाई के लिए? या फिर राज्य सरकार को पहले यह तय करना था कि आरोपियों का राजनीतिक संबंध कितना भारी पड़ेगा? क्या इसलिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी इस बार भी उतनी ही स्पष्ट है जितनी आरजी कर मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर के केस में थी? यह पहली बार नहीं है कि कोलकाता के किसी कॉलेज में एक छात्रा के साथ बलात्कार हुआ हो। ठीक दस महीने पहले आरजी कर मेडिकल कॉलेज की इंटर्न डॉक्टर के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ, उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। उस केस में भी तमाम सबूतों के बावजूद कार्रवाई धीमी रही और अब तक न्याय अधूरा है।

सवाल यह है कि क्या कोलकाता के कॉलेज लड़कियों के लिए कैंपस नहीं, क्राइम सीन बनते जा रहे हैं? क्या महिला सुरक्षा अब भी केवल घोषणाओं और चुनावी वादों तक सीमित रहेगी? राज्य सरकार कह रही है कि आरोपी का पार्टी से कोई रिश्ता नहीं, लेकिन ये स्पष्टीकरण तब क्यों आता है जब आरोप गहराने लगते हैं? बीजेपी मुख्यमंत्री से इस्तीफ़ा मांग रही है, महिला आयोग की टीम को कॉलेज कैंपस में देर से प्रवेश दिया गया क्या यह सब एक लड़की की अस्मिता से बड़ा है? क्या हम फिर वही कहानी दोहराते रहेंगे-पहले रेप, फिर चुप्पी, फिर राजनीति, फिर मीडिया ट्रायल, और फिर धीरे-धीरे भूल जाना? क्या छात्रा की आपबीती, जिसमें वह कहती है कि "मुझे लगा मैं ज़िंदा नहीं बचूंगी," केवल एक सुर्खी बनकर रह जाएगी? समाज, पुलिस, कॉलेज प्रशासन और राजनेता सभी को यह तय करना होगा कि वे पीड़िता के साथ खड़े हैं या आरोपियों की चुप्पी के हिस्सेदार हैं। क्योंकि सवाल अब यह नहीं कि अगला शिकार कौन होगी, सवाल यह है कि अगली बार भी सब उतने ही चुप रहेंगे क्या?

# क्या मशीनें भर सकती हैं धरती का घाव


नृपेन्द्र अभिषेक नृप
नई दिल्ली

जलवायु न्याय, या क्लाइमेट जस्टिस, एक नैतिक और राजनीतिक अवधारणा है जो जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय संकट न मानकर उसे वैश्विक असमानताओं की एक कड़ी मानती है।

जब धरती की छाती पर मशीनों की सनसनाहट प्रकृति के हृदय की धड़कनों को दबा दे, जब वनों की हरियाली पर कृत्रिम सोल्यूशनों का धुंआ छा जाए, तब यह प्रश्न अनिवार्य हो उठता है-क्या तकनीक वास्तव में उस करुण क्रंदन का प्रत्युत्तर है जो जलवायु न्याय की मांग करता है? आज मानवता एक ऐसे युग के मुहाने पर खड़ी है जहां एक ओर विज्ञान अपने चमत्कारों से भविष्य गढ़ने का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर पृथ्वी, जो मां के समान हमें जीवन देती रही, उसके आंचल पर हमने प्रदूषण, शोषण और उपेक्षा के धब्बे छोड़ दिए हैं। 'क्लाइमेट जस्टिस बनाम क्लाइमेट टेक्नोलॉजी' की यह बहस कोई साधारण विमर्श नहीं, बल्कि सभ्यता के विवेक और वर्चस्व की उस लड़ाई का प्रतीक है जिसमें ग्लोबल नॉर्थ अपनी ऐतिहासिक जिम्मेदारियों से बचकर तकनीकी उपायों की आड़ में नए उपनिवेश रच रहा है, जबकि ग्लोबल साउथ अब भी उन आंधियों को झेल रहा है जो उसने कभी बोई ही नहीं थीं।

जलवायु न्याय, या क्लाइमेट जस्टिस, एक नैतिक और राजनीतिक अवधारणा है जो जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय संकट न मानकर उसे वैश्विक असमानताओं की एक कड़ी मानती है। यह दृष्टिकोण मानता है कि जलवायु संकट का बोझ समान रूप से वितरित नहीं हुआ है, न तो उत्पत्ति के स्तर पर और न ही प्रभाव के स्तर पर। ऐतिहासिक रूप से, ग्लोबल नॉर्थ यानी यूरोप, अमेरिका, जापान जैसे विकसित देश औद्योगिक क्रांति से लेकर अब तक वायुमंडल में सर्वाधिक ग्रीनहाउस गैसें छोड़ते आए हैं। इसके विपरीत, ग्लोबल साउथ जैसे भारत, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और दक्षिण एशिया के अन्य विकासशील देश, ऐसे हैं जिन्होंने अपेक्षाकृत कम उत्सर्जन किया है, परन्तु जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों को सबसे अधिक झेला है। यही विसंगति जलवायु न्याय की मूल भावना है।

इस असंतुलन को ठीक करने के लिए 'क्लाइमेट जस्टिस' की परिकल्पना न्याय, उत्तरदायित्व और पुनर्वितरण पर आधारित है।



इसका तात्पर्य यह है कि जिन राष्ट्रों ने इतिहास में अधिक प्रदूषण किया है, उन्हें आज जिम्मेदारी लेनी चाहिए, न केवल अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने की, बल्कि उन विकासशील देशों की सहायता करने की भी जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहे हैं। इसमें तकनीकी सहायता, वित्तीय सहायता और जलवायु अनुकूलन के उपाय शामिल हैं। लेकिन समस्या यहीं समाप्त नहीं होती।

जब ग्लोबल नॉर्थ तकनीकी समाधानों की बात करता है, जैसे कि कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी या सोलर जियोइंजीनियरिंग तो यह एक नई बहस को जन्म देता है। क्या यह वास्तव में समस्या का समाधान है या केवल एक और तकनीकी भ्रम है जो मूल कारणों से ध्यान भटका देता है? क्या यह जलवायु संकट की वास्तविक नैतिक और ऐतिहासिक जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ने का एक नया उपनिवेशवादी तरीका नहीं है?

कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी, जिसमें उद्योगों या वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को खींच कर ज़मीन के भीतर दफना दिया जाता है, सुनने में आकर्षक लग सकती है। परन्तु यह तकनीक अभी तक व्यावसायिक रूप से सक्षम नहीं हो सकी है और इसके दीर्घकालिक प्रभावों पर भी संशय बना हुआ है। अधिकांश सीसीएस प्रोजेक्ट्स या तो असफल रहे हैं, या फिर इतने महंगे हैं कि इन्हें बड़े पैमाने पर लागू करना व्यावहारिक नहीं दिखता। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि इस तकनीक के पीछे छिपा हुआ भाव यह है कि हम अभी भी जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करते रह सकते हैं, क्योंकि हमारे पास "वैकल्पिक उपाय" हैं। यह न केवल एक भ्रम है, बल्कि नैतिक रूप से भी गलत है, क्योंकि यह जलवायु न्याय की भावना को नकारता है।

सोलर जियोइंजीनियरिंग का विचार तो और भी अधिक विवादास्पद है। इस तकनीक में पृथ्वी की सतह पर आने वाली सौर ऊर्जा को नियंत्रित करने के लिए कृत्रिम उपाय किए जाते हैं, जैसे कि स्ट्रैटोस्फीयर में सल्फर डाइऑक्साइड के कण छोड़ना ताकि सूरज की रोशनी को परावर्तित किया जा सके। यद्यपि वैज्ञानिकों ने इसकी कुछ प्रयोगशालाओं में सफलता का दावा किया है, परन्तु इसके दीर्घकालिक और वैश्विक प्रभावों के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं है। अगर यह प्रयोग असफल हो जाए, तो इसका परिणाम वैश्विक मौसम प्रणाली पर भयानक प्रभाव डाल सकता है जिसमें बाढ़, सूखा, मानसून की विफलता आदि की संभावना है।

अब यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि ऐसी तकनीकें किसके हित में हैं? क्या यह तकनीकें केवल उन राष्ट्रों को सशक्त नहीं करतीं जो पहले से ही अधिक संसाधन, तकनीकी प्रभुत्व और वैश्विक संस्थाओं पर प्रभाव रखते हैं? उदाहरण के लिए, यदि अमेरिका या चीन सोलर जियोइंजीनियरिंग का प्रयोग करते हैं और उसके परिणामस्वरूप भारत या अफ्रीका में सूखा पड़ता है, तो कौन जिम्मेदार होगा? जलवायु परिवर्तन को एक वैश्विक 'कॉमन' मानने की आवश्यकता है, न कि एक प्रयोगशाला जहां कुछ शक्तिशाली देश अपने हितों के लिए मौसम और प्रकृति के साथ खिलवाड़ करें।

वास्तव में, जलवायु तकनीकों की यह प्रवृत्ति एक नई तरह की उपनिवेशवादी मानसिकता को जन्म देती है- 'ग्रीन कॉलोनियलिज़्म'। पहले उपनिवेशवादी देशों ने वैश्विक दक्षिण से संसाधन लूटे, आज वे अपने प्रदूषण की भरपाई के नाम पर उन्हीं देशों में "कार्बन ऑफसेट प्रोजेक्ट्स" चला रहे हैं। विशाल भूभागों को "कार्बन सिंक" बनाने के लिए किसानों और आदिवासियों की भूमि छीनी जा रही है, उन्हें जंगलों की रक्षा करने का ठेका दिया जा रहा है जबकि उन जंगलों के 'मालिक' अब बहुराष्ट्रीय कंपनियां बन चुकी हैं। यह न तो न्याय है, न विज्ञान, यह एक पॉलिश किया हुआ शोषण है, जिसे अब पर्यावरणीय नैतिकता का लबादा पहनाया जा रहा है।

इस सबके बीच, जलवायु न्याय की पुकार और भी मुखर होती जा रही है। ग्लोबल साउथ के देश बार-बार यह मांग करते आए हैं कि 'लॉस एंड डैमेज' फंड- जिसकी स्थापना कॉप27 में की गई थी, वास्तविक रूप में अमल में आए। यह फंड उन देशों को मुआवज़ा देने के लिए है जो जलवायु परिवर्तन से हुए नुकसानों से जूझ रहे हैं, जबकि उन्होंने इस संकट में बहुत कम योगदान दिया है। लेकिन अब तक इसमें बहुत कम प्रगति हुई है। तकनीक की आड़ में नैतिक जिम्मेदारी को बार-बार टाल दिया गया है।

इस संबंध में यह जानना भी आवश्यक है कि तकनीक को पूरी तरह खारिज करना भी उचित नहीं होगा। हां, तकनीकें सहायक हो सकती हैं, अगर उनका प्रयोग जलवायु न्याय के दृष्टिकोण से किया जाए। स्थानीय स्तर पर अनुकूलन तकनीकें, जैसे जल संरक्षण के पारंपरिक उपायों का आधुनिकीकरण, सौर ऊर्जा का स्थानीयकरण, जैविक कृषि में तकनीकी सहायता आदि, वास्तव में न्यायपूर्ण समाधान बन सकते हैं। लेकिन इनका विकास नीचे से ऊपर की प्रक्रिया में होना चाहिए, न कि ऊपर से थोपे गए मॉडल के रूप में।

हम कह सकते हैं कि तकनीक एक औज़ार हो सकती है, पर वह लक्ष्य नहीं हो सकती। जब तक हम जलवायु संकट को केवल तकनीकी चुनौती मानते रहेंगे, हम उसके वास्तविक समाधान से दूर भागते रहेंगे। हमें यह स्वीकार करना होगा कि प्रकृति की भरपाई करना केवल विज्ञान की सीमा से परे है-यह एक नैतिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण की मांग करता है और जब तक यह पुनर्निर्माण नहीं होता, तब तक जलवायु न्याय केवल एक नारा रहेगा, और तकनीकें केवल अस्थायी मरहम। हमें मरहम नहीं, उपचार चाहिए- न्यायपूर्ण, समावेशी और टिकाऊ। यही मानवता और प्रकृति दोनों के भविष्य की सबसे बड़ी ज़रूरत है।

## प्रसंगवश

# कलाकार और साहित्यकार


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कला अनैतिकता की दीमक लगने से एक जर्जर सुंदरता भर होती है, कोई बड़ा असर नहीं छोड़ती। यहां अनैतिकता का कोई पवित्रतावादी तात्पर्य नहीं है, क्योंकि आज नैतिकता के प्रधान स्रोत होने चाहिए-बंधुत्व, स्वतंत्रता और समानता। अतः आज अनैतिक का अर्थ है जो बंधुत्व, स्वतंत्रता और समानता का अपने आचरण में विरोधी है। हाल में एक कलाकार-कवि के अभद्र आचरण को किसी विच्छिन्न घटना के रूप में न देखकर हिंदी समाज में नैतिकता के सार्वभौम पतन के संदर्भ में देखा जा सकता है। हर तरफ हिंसा और पितृसत्ता सहित तमाम सत्ताएं बेलगाम हैं। इस कलाकार-कवि को कुछ ज्यादा घेरा गया, यह कहना भी जरूरी है कि यह कोई हंसने या मजा लेने की घटना नहीं है, यह पतन बड़ा कष्टदायक है। यह भी देखा जा सकता है कि इस घटना का संबंध केवल जेंडर मुद्दे से नहीं है, इस कलाकार-कवि के पुराने बेहूदी प्रकृति के आक्रमणों के लंबे सिलसिले से है जिसकी कड़ी नामवर सिंह, अशोक वाजपेयी आदि से शुरू होती है और उसमें शायद ही आगे सुधार हो। लेखकों पर वैचारिक आक्रमणों का हमेशा स्वागत है, पर क्या हिंदी में ऐसा आक्रमण रत्ती भर बचा है। यह व्यक्तिगत आक्रमण और चुनी हुई चुप्पियों का युग है। यही वजह है कि कई बार हिंदी लेखकों को आत्मप्रचार में उतरना पड़ता है जो एक दयनीय दशा है। दरअसल हिंदी साहित्यिक संसार में सराहना की जितनी गहरी भूख है, उतनी यह दुर्लभ है। इससे बहुत सी अनैतिकताओं और कुंठाओं का जन्म होता है, जिसका असर लेखक की सोच और उसकी साहित्यिक गुणवत्ता पर पड़ता है। बहुत दृढ़ व्यक्ति ही कला और नैतिकता दोनों को जीवन भर साध सकता है। यह प्रेमचंद-प्रसाद-निराला-महादेवी-अज्ञेय-मुक्तिबोध का युग नहीं है! आज हिंदी लेखक अपनी-अपनी छोटी-बड़ी गुमटियों में हैं। कुछ तरह तरह के कारण से अपने को बड़ा लेखक समझते हैं। यह अस्वाभाविक नहीं है। लेकिन इसपर विचार करना चाहिए कि आखिर विश्व मंच पर हिंदी लेखकों की वैसी उल्लेखनीय उपस्थिति क्यों नहीं है जैसी अफ्रीका, लैटिन अमेरिका या एशिया की कई छोटी भाषाओं के लेखकों की भी बड़े पैमाने पर है। महज कलाकार होने और साहित्यकार होने, मनुष्य होने में फर्क है!

# हादसों से सबक लेने की जरूरत


प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

रथयात्रा की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाती है। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है।

धार्मिक उत्सवों में दुर्घटनाओं का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रयागराज कुंभ मेले में और इसी साल जून माह में बैंगलुरु में आईपीएल मैच में मची भगदड़ की स्मृतियां विलोपित भी नहीं हो पाईं थीं कि पुरी में चल रहे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। गुंडिचा मंदिर के पास घटी यह घटना पूरी तरह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। मंदिर में प्रवेश का रास्ता केवल एक था, बाहर जाने का मार्ग बंद कर दिया था, क्योंकि वहां से वीआईपी लोग दर्शन के लिए जा रहे थे। आम भक्तों के लिए बाहर आने का दूसरा कोई मार्ग नहीं था। इसी समय मंदिर में दो ट्रक लकड़ी और अनुष्ठान सामग्री से भरे इसी संकीर्ण मार्ग से भीतर भेज दिए गए। ट्रकों के कारण भीड़ में अफरा-तफरी मच गई और हादसा घट गया। साफ है, प्रशासनिक प्रबंधन की घोर लापरवाही के चलते श्रद्धालु हादसे के शिकार हो गए। मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने सुरक्षा की चूक के लिए क्षमा मांगते हुए पुरी के कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर और एसपी विनीत अग्रवाल का अविलंब स्थानांतरण कर दिया। स्थानांतरण कोई सजा नहीं होती। वास्तव में कुंभ मेले में और आईपीएल क्रिकेट मैच में हुए हादसों से प्रशासन को सबक लेने की जरूरत थी, जिससे रथयात्रा में भगदड़ से बचा जाए।

भारत में पिछले डेढ़ दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है। जिसके चलते दर्शन-लाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाली भगदड़ व आगजनी का सिलसिला हर साल इस तरह के धार्मिक मेलों में देखने में आ रहा है। साफ है, प्रत्येक कुंभ में जानलेवा घटनाएं घटती रहने के बावजूद शासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिए। धर्म स्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें। किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती, अतएव उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अक्सर देखने में नहीं आती? लिहाजा आजादी के बाद से ही राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र उस अनियंत्रित स्थिति को काबू करने की कोशिश में लगा रहता है, जिसे वह समय पर नियंत्रित करने की कोशिश करता तो हालात कमोबेश बेकाबू ही नहीं हुए होते? अतएव देखने में आता है कि आयोजन को सफल बनाने में जुटे अधिकारी भीड़ के मनोविज्ञान का आकलन करने में चूकते दिखाई देते हैं।

रथयात्रा की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाती है। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है। फलतः जनसैलाब इतनी बड़ी संख्या में उमड़ गया कि सारे रास्ते पैदल भीड़ से जाम हो गए। इसी बीच लापरवाही यह रही कि बाहर जाने के रास्ते को नेता और नौकरशाहों के लिए आरक्षित कर दिया गया और दो ट्रक आम रास्ते से मंदिर की ओर भेज दिए। इस चूक ने घटना को अंजाम दे दिया। जो भी प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकि उपाय किए गए थे, वे सब व्यर्थ साबित हुए। क्योंकि उन पर जो घटना के भयावह दृश्य दिखाई देने लगे थे, उनसे निपटने का तात्कालिक कोई उपाय ही संभव नहीं रह गया था। ऐसी लापरवाही और बदइंतजामी सामने आना चकित करती है। दरअसल रथयात्रा में जो भीड़ उमड़ी थी, उसके अवागमन के प्रबंधन के लिए जिस प्रबंध कौशल की जरुरत थी, उसके प्रति घटना से पूर्व सर्तकता बरतने की जरूरत थी? इसके प्रति प्रबंधन अदूरदर्शी रहा।

मेलों के प्रबंधन की सीख हम विदेशी साहित्य और प्रशिक्षण से लेते हैं। जो भारतीय मेलों के परिप्रेक्ष्य में कतई प्रासंगिक नहीं है। क्योंकि दुनिया के किसी अन्य देश में किसी एक दिन और विशेष मुहूर्त्त के समय लाखों-करोड़ों की भीड़ जुटने की उम्मीद ही नहीं की जाती? प्रशासन के साथ हमारे राजनेता, उद्योगपति, फिल्मी सितारे और आला अधिकारी भी धार्मिक लाभ लेने की होड़ में व्यवस्था को भंग करने का काम करते हैं। इनकी वीआईपी व्यवस्था और यज्ञ कुण्ड अथवा मंदिरों में मूर्तिस्थल तक ही हर हाल में पहुंचने की रूढ़ मनोदशा, मौजूदा प्रबंधन को लाचार बनाने का काम करती है। जो इस रथयात्रा में देखने में आई है। आम श्रद्धालुओं के बाहर जाने का रास्ता इन्हीं लोगों के लिए सुरक्षित कर दिया गया था। नतीजतन भीड़ ठसाठस के हालात में आ गई और दुर्घटना घट गई। नतीजतन पिछले कुछ समय से सबसे ज्यादा मौतें भगदड़ की घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में उन श्रद्धालुओं की हो रही हैं, जो ईश्वर से खुशहाल जीवन की प्रार्थना करने धार्मिक यात्राओं पर जाते हैं। साथ ही पिछले दो दशक के भीतर मंदिर हादसों में लगभग 5000 से भी ज्यादा भक्त मारे जा चुके हैं। जाहिर है, धार्मिक दुर्घटनाओं से छुटकारा पाने की कोई उम्मीद निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रही है ?

## सोशल फोरम

# संगठनों की चुप्पी पर सवाल


प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

जब 2009 में शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई) लागू हुआ, तब उसके क्रियान्वयन की आधारभूमि तैयार करने में अनेक गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओएस) की भूमिका उल्लेखनीय थी। बाल अधिकार, समावेशी शिक्षा, शत-प्रतिशत नामांकन, समुदाय आधारित निगरानी-इन सब पहलुओं को लेकर इन संगठनों ने सरकार पर दबाव बनाया, शोध प्रस्तुत किए और नीतिगत बदलावों की मांग की। लेकिन आज जब उसी आरटीई की मूल भावना के विरुद्ध उत्तर प्रदेश के कुछ गांवों में पेयरिंग, मर्जर और स्कूल विलय के नाम पर स्कूलों को 'पुनर्गठित' करने की प्रक्रिया ज़ोर पकड़ रही है तो इन संगठनों की चुप्पी गंभीर सवाल खड़े करती है। शिक्षाशास्त्रीय दृष्टि से गांव का स्कूल केवल एक भवन या प्रशासनिक इकाई नहीं होता, वह ग्रामीण समाज की साक्षरता, चेतना और सामाजिक गतिशीलता का केंद्र होता है। ऐसे में स्कूल को भौगोलिक या संख्यात्मक औचित्य के आधार पर बंद या विलीन करना, आरटीई के उस उद्देश्य के विरुद्ध जाता है जो कहता है कि हर बच्चे को निकटतम और सुविधाजनक विद्यालय मिलना चाहिए। यह अपेक्षा की जाती थी कि वही संस्थाएं जो कभी आरटीई के पक्ष में सड़क से संसद तक सक्रिय थीं, वे आज इन निर्णयों की आलोचनात्मक समीक्षा करेंगी, बाल हित में सरकार से बात करेंगी और जरूरत पड़ने पर चेतावनी देंगी। लेकिन आज वे लगभग मौन हैं। क्या यह मौन केवल परिस्थितिजन्य है या यह दर्शाता है कि बहुत-सी स्वयंसेवी संस्थाएं अब शिक्षा को बाल अधिकार से अधिक प्रोजेक्ट और पार्टनरशिप के चश्मे से देखने लगी हैं? क्या अब शिक्षा सुधार का मतलब केवल 'डेटा बेस्ड एविडेंस' और 'पॉलिसी ब्रीफ' बन गया है, जिनका उद्देश्य नीति नियंताओं को सहूलियत देना भर है? एक शिक्षाशास्त्रीय समाज में यदि आलोचना, संवाद और प्रतिप्रश्न गायब हो जाएं, तो नीति निर्माण एकांगी हो जाता है। यदि शिक्षा/शिक्षकों के तथाकथित हितैषी संगठन आज चुप रहेंगे, तो कल जब कुछ गांवों से स्कूल गायब हो जाएंगे, तो फिर उनका डेटा, शोध और अनुभव केवल एक निष्क्रिय प्रलेख बनकर रह जाएगा। अब समय है कि ये संस्थाएं पुनः अपने बुनियादी दायित्व की ओर लौटें-बच्चों के लिए बोलें, न कि केवल परियोजनाओं के अनुरूप मौन रहें। **-फेसबुक वॉल से**

**चिकित्सक दिवस पर विशेष**

# डॉक्टरों को व्यवस्था की मार से बचाइए


रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

आज सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टरों को बेहतर माहौल देने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए हमारी स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार की जरूरत है।

आम तौर पर हमारे समाज में डॉक्टरों के क्रियाकलापों को लेकर एक अजीब सी नकारात्मता मौजूद रहती है। कई बार सच्चाई को स्वीकार न करके उन्हें खलनायक सिद्ध करने की कोशिश भी की जाती है। डॉक्टरों के खिलाफ आम धारणा यह है कि वे ऑपरेशन करने के लिए लालायित रहते हैं। पैथोलॉजी लैबों, मेडिकल स्टोरों और एक्सरे, सीटी स्कैन, एमआरआई करने वाले डायग्नॉस्टिक्स सेंटरों से कमीशन वसूलते है। इसलिए आवश्यकता न होते हुए भी रोगियों को जानबूझकर इन डायग्नॉस्टिक्स सेंटरों पर जाने के लिए मजबूर करते हैं। डॉक्टरों के खिलाफ इन धारणाओं में कुछ हद तक या फिर काफी हद तक सच्चाई हो सकती है लेकिन इन धारणाओं के आधार पर समूचे चिकित्सक जगत को बदनाम करना तर्कसंगत नहीं है। व्यावसायिकता के इस दौर में भी आज अनेक डॉक्टर समर्पण के साथ चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

हम सबका यह कर्तव्य है कि विपरीत परिस्थितियों में काम करने वाले ऐसे डॉक्टरो के जज्बे को नमन करते हुए चिकित्सा जगत में पनपनी विभिन्न विसंगतियों का गंभीरतापूर्वक विश्लेषण किया जाए। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हम डॉक्टरों के गलत क्रियाकलापों पर तो हल्ला मचा देते हैं लेकिन उनके अच्छे क्रियाकलापों पर उतनी गंभीरता से ध्यान नहीं देते हैं। फलस्वरूप समाज में डॉक्टरों के खिलाफ एक नकारात्कता छायी रहती है। कोरोना काल में हमारे डॉक्टरों ने जिस समर्पण, बहादुरी और जज्बे के साथ समाज की सेवा की है, वह सराहनीय है। ऐसे समय में जबकि एक आम आदमी को एक-दो घंटा मास्क लगाने में भी दिक्कत महसूस होती है, हमारे डॉक्टरों ने दिन-रात पीपीई किट पहनकर और मास्क लगाकर पसीने में नहाते हुए अपने काम को अंजाम दिया है। हो सकता है कि इस आपदा को कुछ डॉक्टरों ने अवसर में तब्दील कर दिया हो लेकिन इस आधार पर पूरी डॉक्टर बिरादरी को बदनाम करना क्या तर्कसंगत है? कई बार डॉक्टरों के साथ मरीजों के परिजनों द्वारा मारपीट की घटनाएं भी प्रकाश में आती हैं। इस वजह से डॉक्टर स्वयं के ऊपर जिम्मेदारी न लेकर कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहता है। यही कारण है कि वह पहले ही सब तरह के परीक्षण करा लेना चाहता है। कई बार सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टर संसाधनों के अभाव में भी बेहतर कार्य नहीं कर पाते हैं। अनेक जगहों पर सरकारी अस्पतालों में वर्षों तक मशीने खराब पड़ी रहती हैं। डॉक्टरों द्वारा विभाग को कई पत्र लिखने के बाद भी व्यवस्था में सुधार नही होता है। ऐसे माहौल में योग्य डॉक्टरों का उत्साह कम हो जाता है और उन्हें निराशा का सामना करना पड़ता है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम डॉक्टरों के समर्पण को व्यवस्था की मार से बचाएं।

आज सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टरों को बेहतर माहौल देने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए हमारी स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार की जरूरत है। पिछले दिनों नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। नीति आयोग के सदस्य वी. के. पाल ने कहा था कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और उन्हें देश के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए केन्द्र और राज्यों को मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं की मद में खर्च को बढ़ाना होगा। यह कटु सत्य है कि हमारे देश में आबादी के हिसाब से स्वास्थ्य सेवाएं दयनीय स्थिति में हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। हालांकि सरकार ने अगले पांच साल में इसे तीन फीसद तक करने का लक्ष्य रखा है। जबकि हमारे देश के हिसाब से यह भी कम है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करती दिखाई तो दे रही है लेकिन उसका प्रयास व्यावहारिक रूप से क्रियान्वित होता दिखाई नहीं दे रहा है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। दरअसल संसाधन सीमित होने तथा व्यवस्था में सुधार न होने के कारण डॉक्टर बेवजह बदनाम होते है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों अमेरिका के 'सेंटर फॉर डिजीज डाइनामिक्स, इकॉनॉमिक्स एंड पॉलिसी' (सीडीडीईपी) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में लगभग छह लाख डॉक्टरों और 20 लाख नर्सों की कमी है। भारत में 10,189 लोगों पर एक सरकारी डॉक्टर है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक हजार लोगों पर एक डॉक्टर की सिफारिश की है। हमारे देश में व्यवस्था की नाकामी और विभिन्न वातावरणीय कारकों के कारण बीमारियों का प्रकोप ज्यादा होता है। हालांकि यह सुखद है कि इस माहौल में भी अनेक डॉक्टर अपने पेशे की गरिमा को बचाए हुए है। अनेक पर्यावरणीय कारणों से भविष्य में संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ेगा। सरकार इस दिशा में लगातार कदम उठा रही है लेकिन इस मुद्दे पर ज्यादा ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

# चिंताजनक है जातीय विद्वेष


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश में जातीय उन्माद फन फैला रहा है। इसके पहले कि कालिया नाग रुपी यह जातीय विद्वेष पूरे समाज को विषाक्त कर दे प्रशासन को कालिया दमन के पुराणोक्त चरित्र में योगेश्वर श्रीकृष्ण का अनुगमन करना होगा। यह क्या देखा जा रहा है कि कहीं स्वघोषित अहीर रेजिमेंट उत्पात मचाये हुए है तो कहीं भीम आर्मी पुलिस से पंगे ले रही है। इटावा में तो हद ही हो गई है जहां कथित यादव रेजीमेंट पुलिस पर पथराव ही नहीं किया गाड़ियां तक तोड़ दीं। दादरपुर गांव में जाति पूंछकर इंट्री देने की खबर है। इलाहाबाद में तो पांच हजार की संख्या में भीमराव आंबेडकर के अनुयायी होने का उद्घोष करने वाली भीड़ ने ऐसा उत्पात मचाया कि आस-पास के जिलों से पुलिस बुलानी पड़ी। क्या इसका अर्थ यह है कि प्रशासनिक मशीनरी ऐसी स्थितियों का पूर्वाभास नहीं कर पाई। और सामान्य और शांत जनजीवन में खलल डालने वाली घटनाएं उस सरकार में घट रही हैं जिसकी प्रशासनिक कुशलता की नज़ीरें दूसरे प्रांतों में दी जाती हैं। किंतु कहीं न कहीं कुछ ढ़िलाई या नरमी तो जरुर है भले ही वह अनचाहे हो या फिर किसी छुपे मंतव्य के चलते जानबूझकर। ताकि जनता भी सरे आम सड़क पर उतरती गुंडई का साक्षात कर सके। यह तो बिल्कुल स्पष्ट है कि ये उपद्रवी अपने नेताओं की शह पर अपनी पर उतर रहे हैं, बिना आगा पीछा सोचे। और यह सब 2027 के चुनाव के लिए जमीन और आबोहवा तैयार हो रही है। वर्तमान सरकार को उभरते जातीय उन्मादियों को सार्वजनिक अथवा निजीतौर पर समझा देना चाहिए कि उनकी सीमाएं क्या हैं। उनके साथ किसी भी तरह की नरमी न बरती जाए। अन्यथा प्रदेश में जातीय उन्माद कहीं व्यापक रुप से फैलकर विस्फोटक स्थिति में न पहुंच जाए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# पाकिस्तानी फंडिंग से चलने वाले संगठन का सदस्य है नसीम शेख

**बहराइच, अमृत विचार।** जनपद के इंडो नेपाल बॉर्डर पर पकड़े गए सात संदिग्धों के पास से मिले प्रतिबंधित फ्रीक्वेंसी पर चलते वॉकी-टॉकी मामले में एसएसबी कमांडेंट ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि जिस नसीम शेख से यह सभी मिलकर आए थे। वह पाकिस्तानी फंडिंग से चलने वाला संगठन है।

इंडो-नेपाल बॉर्डर पर तैनात एसएसबी की 42वीं बटालियन के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया गया कि 27 को चेकिंग के दौरान पकड़े गए सात लोगों के पास से प्रतिबंधित फ्रीक्वेंसी वाला वॉकी टॉकी सेट बरामद हुआ था इन सभी द्वारा बताया गया था कि वह अपने दोस्त नेपालगंज में रहने वाले नसीम शेख जो इस्लामी संघ का सक्रिय सदस्य है से मिलकर आए थे। कमांडेंट ने बताया नसीम शेख इस्लामी संघ ऑफ नेपाल का सदस्य है। इस संगठन को फंडिंग भारत का दुश्मन देश पाकिस्तान करता है। ऐसे में इनके पास से प्रतिबंधित फ्रीक्वेंसी वाला वॉकी टॉकीज सेट मिलन चिंता की बात है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि उनके पास से जिस फ्रीक्वेंसी का इस्तेमाल किया जा रहा था। वह पैरामिलिट्री या सिक्योरिटी फोर्स द्वारा इस्तेमाल किया जाता है। यह सेट आम लोगों के पास नहीं होना चाहिए।

# अवैध मेडिकल स्टोर्स में बिक रहीं प्रतिबंधित दवाएं

संवाददाता, बाबागंज, बहराइच

▸▸ छापा पड़ने की भनक लगते ही संचालक मेडिकल स्टोर बंद कर निकल लेते हैं

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र रुपईडीहा अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में ड्रग्स व नशा का व्यवसाय चरम पर है। इन दिनों क्षेत्र में अवैध रूप से संचालिया मेडिकल स्टोरों की भरमार हो गई है। यहां औषधि बेचने के नाम पर प्रतिबंधित ड्रग्स बेची जा रही है। हर चाक चौराहे पर एक आध मेडिकल स्टोर आपको ऐसे जरूर दिख जाएंगे। छापा पड़ने की भनक लगते ही संचालक मेडिकल स्टोर बंद कर निकल लेते हैं। बिना फार्मासिस्ट व लाइसेंस के चल रहे ये मेडिकल स्टोर औषधि प्रशासन विभाग की निष्क्रियता के चलते खूब फल फूल रहे हैं।

नेशनल हाईवे से नानपारा और रुपईडीहा मार्ग पर बाबागंज, जमोग, चरदा बरवालिया, केवलपुर चौराहा, रुपईडीहा आदि कई स्थानों पर संचालित इन मेडिकल स्टोरों से युवाओं द्वारा प्रतिबंधित नशीली दवाएं खरीदी जा रही हैं। मेडिकल स्टोर संचालन के लिए नियमानुसार डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट के आधार पर लाइसेंस जरूरी है। कई दुकानदार दूसरों के सर्टिफिकेट का इस्तेमाल कर लाइसेंस हासिल कर लेते हैं। ड्रग्स इंस्पेक्टर बहराइच विनय कृष्ण यादव का कहना है कि प्रकरण संज्ञान में आया है। वे जल्द ही जाँच कर आवश्यक कार्यवाही करेंगे। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले भी मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई थी। मामला संज्ञान में आया है जल्द ही छापेमारी करके संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## विभाग के खुले संरक्षण का आरोप

**रायबोझा, बहराइच, अमृत विचार।** मेडिकल स्टोर संचालक शासन द्वारा निर्धारित गाइड लाइन का पालन नहीं कर रहे हैं। नियम विरुद्ध तरीके से संचालित मेडिकल स्टोर्स को जिम्मेदार विभाग का खुला संरक्षण मिला है। अफसर इस अवैध कारोबार को मौन स्वीकृति दिए हुए हैं, यही कारण है कि अफसर मेडिकल स्टोर्स की ओर झांकते तक नही है । कई मेडिकल स्टोर के पास तो लाइसेंस है लेकिन उनके पास न फार्मासिस्ट है और न तो प्रोपराइटर है भले सरकार जीरो टारलेंस की बात कर रही हो लेकिन हकीकत कुछ और है। सरकार के गाइडलाइन की जमकर धज्जियां उड़ा रहे हैं । नेशनल हाईवे से नानपारा से मिहींपुरवा की ओर जाने वाली रोड से सटा हुवा रायबोझा मिहींपुरवा विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत रायबोझा से लेकर चिकनिया तक कई अवैध मेडिकल संचालित है कई मेडिकल स्टोरों पर नशीली दवाएं तक बेची जाती हैं साथ ऐसी दवाई भी दी जा रही है जो प्रतिबंधित हैं जिनसे नशा करने वाले युवा आसानी से नशीली दवाइयां खरीद लेते है। जिला मुख्यालय से लेकर तहसील और ब्लॉक मुख्यालय तक कई मेडिकल स्टोरों का भरमार है वहीं कई ग्रामीण इलाकों में किसी के पास न तो डीफार्मा या बीफार्मा है यहा तक की कुछ के पास रजिस्ट्रेशन तक नही है गिने-चुने के पास लाइसेंस तो है लेकिन वह भी किसी फार्मासिस्ट के नाम पर है वो भी मोटी रकम देकर किसी दूसरे के नाम से लाइसेंस बनवा रखे हैं।

# पहली ही बरसात में नील कोठी के पास धंस गया रेलवे ट्रैक नानपारा

## मूसलाधार बरसात ने रेलवे विभाग की लापरवाही की खोली पोल

संवाददाता, नानपारा, बहराइच



धसा हुआ नवनिर्मित रेलवे ट्रैक।

**अमृत विचार।** रविवार को हुई मूसलाधार बारिश से नील कोठी के पास रेलवे की ओर से बनाया गया अंडरपास धंस गया। जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण अंडरपास भी पानी से लबालब भर गया। जिससे लोगों को आने-जाने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। छोटे वाहन निकल नहीं पा रहे हैं।

बहराइच से रुपईडीहा तक रेल लाइन का आमान परिवर्तन का कार्य चल रहा है। रेलवे विभाग ने शहर की नील कोठी के पास लोगों के आवागमन के लिए अंडरपास बनाया था। जिससे ट्रेनों के संचालन के दौरान लोगों के आने-जाने में असुविधा न हो। लेकिन अंडरपास के जल निकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं की। जिससे अंडरपास में भारी मात्रा में पानी जमा हो गया और लोगों को आने-जाने में असुविधा का सामना करना पड़ा छोटे वाहन निकल ही नहीं पा रहे थे एक ट्रैक्टर भी अंडरपास में भरे पानी के अंदर फस गया और बंद हो गया जिसके चालक ने ट्रैक्टर छोड़कर किसी तरह अपनी जान बचाई। मूसलाधार बरसात ने रेलवे की लापरवाही की पोल खोल दी। नानपारा रेलवे स्टेशन के यार्ड में हुई लापरवाही के कारण रेलवे ट्रैक की मिट्टी धंस गई। अभी कुछ ही दिन पहले रेलवे ट्रैक से पहले रेलवे ब्रिज बैठ गया था। रसूखदार ठेकेदार के आगे जिम्मेदार अधिकारी कुछ बोल नहीं पा रहे हैं।

### बीच गांव में इंटरलॉकिंग सड़क पर भरा बारिश का पानी

**मटेरा, बहराइच।** बरसात शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे बड़ी समस्या जो उभर कर आती है,वह है गांवों के अंदर सड़कों पर भरा बरसात का पानी बाहर ना निकल पाना। विकासखंड शिवपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत इंटहा में रविवार को बारिश हुई बीच गांव में इंटरलॉकिंग सड़क पर पानी भर गया बरसात का पानी बाहर निकलने का कोई सही रास्ता भी नहीं है। जो नालियां बनी हुई है वह ज्यादातर तो चोक हैं कुछ नालियां शुरुआत से ही पटी हुई हैं उनमें कभी पानी निकल ही नहीं पाया है। सड़कों पर बरसात का पानी भरने से लोगों को निकलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। घरों के सामने सड़क पर जमा पानी से विषैले जानवरों व गंभीर बीमारियों के आने का भी खतरा बना रहता है। बड़े तो किसी तरह निकल भी सकते हैं लेकिन बच्चे कहां तक घर के अंदर कैद रहेंगे,गांव के लोगों का कहना है कि शुरुआत बरसात से और बरसात के अंत तक सड़क पर भरे पानी में होकर ही निकलना पड़ता है लेकिन गांव से लेकर ब्लॉक स्तर तक किसी का ध्यान इस समस्या की ओर नहीं पहुंचता है। नाली सफाई करने के बाद हफ्तों कचरा उठाने नहीं आते सफाईकर्मी यदि कभी-कभार नालियों की सफाई होती भी है तो कचरा निकालने के बाद हफ्तों सड़क पर ही पड़ा रहता है। सफाई कर्मी हफ्तों कचरा उठाने ही नहीं आते हैं सड़क पर आने जाने वाले वाहनों की वजह से कचरा पूरी सड़क पर फैल जाता है जिससे राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# मोहर्रम को लेकर एएसपी नगर ने बैठक कर किया क्षेत्र का भ्रमण



मोहर्रम को लेकर बैठक करते अपर पुलिस अधीक्षक रामानंद कुशवाहा ।

**बहराइच।** आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा द्वारा थाना पयागपुर में थाना प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ की गई बैठक की। त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखना के निर्देश दिए साथ में अब कहा कि प्रमुख व्यक्तियों से मिलकर उन्हें बताएं की कोई नई परंपरा न अपनाएं। बैठक के बाद थाना क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया गया।

आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत सभी को निर्देशित किया गया कि मोहर्रम में रखे जाने वाली ताजिया स्थल व रखने वाले व्यक्ति का नाम, पता, रास्ते में पड़ने वाले मन्दिर, मस्जिद एवं सरकारी संस्थान का पूरा विवरण, पूर्व में कोई विवाद रहा हो तो उसका पूरा विवरण सहित अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्यवाही करें। ऐसे लोगों को नोटिस तामील कराकर पाबंद किया जाए। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा से निगरानी तथा ताजिया चौक से कर्बला के रास्ते में अगर कोई विवाद या समस्या उत्पन हो रही हो तो उन्हें चिन्हित कर जल्द से जल्द निस्तारण कराएं। थाना अंतर्गत ग्राम सचौली में भ्रमण कर पूर्व में हुए विवाद के दृष्टिगत मौके पर ताजिया स्थल को देखा गया। मौलवी तथा पुलिस मित्र के लोगों से मिलकर शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार को संपन्न कराने की अपील की गई।

## तीन जुआरी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल बरामद

**बहराइच, अमृत विचार।** रामगांव थाना क्षेत्र में जगह-जगह फड़ लगाकर जुआ खेल रहे हैं। इसकी सूचना पर पुलिस ने एक स्थान पर छापा मार कर तीन जुआरियो को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से नगदी और बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने तीनों को जुआ अधिनियम में जेल भेज दिया। राम गांव थानाध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम उप निरीक्षक अश्वनी कुमार पाण्डेय, हेड कांस्टेबल तेज प्रताप चौधरी, राजबीर यादव, कांस्टेबल कृष्ण कुमार ने मुखबिर की सूचना पर सोहरवा फकीरे पुरवा गांव में छापा मारा। इस दौरान कई लोग जुआ खेलते देखे गए पुलिस टीम ने उन्हें घेर लिया जिससे भगदड़ मच गई इस बीच पुलिस ने भुधर पुत्र मिश्रीलाल निवासी रानीजोत दाखिला मोहम्मद नगर थाना रामगाँव, मो0 अहमद पुत्र कल्लू निवासी सोहरवा थाना रामगाँव, रामसिंह पुत्र मुथरा प्रसाद निवासी फकीरे पुरवा दाखिला सोहरवा थाना रामगाँव को गिरफ्तार कर लिया। थर्ड से 700 नगदी और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

# पति ने महिला के सिर पर किया कुल्हाड़ी से वार

▸▸ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, आरोपी पति हिरासत में

**संवाददाता, बहराइच,अमृत विचार।** बौंडी थाना क्षेत्र में अवैध संबंधों के शक में पति ने पत्नी के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस से मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चंगिया ख्वाजीपुर निवासी फातिमा पत्नी सब्बीर ने थाने पर आकर लिखित सूचना दी कि उसकी लड़की अनीशा (30) की शादी लगभग 10 वर्ष पूर्व शरीफ पुत्र दीन मोहम्मद निवासी ग्राम रतनपुर दाखिला बौंडी थाना बौंडी जनपद बहराइच के साथ हुई थी। उसके दो बच्चे उबैद (7) और जुनैद (5) है। आरोप है कि शरीफ और शरीफ की मां बानो पत्नी दीन मोहम्मद तथा पिता दीन मोहम्मद पुत्र इमामदीन अनीशा को आएदिन प्रताड़ित करते थे। रविवार की शाम करीब 4 बजे शरीफ ने अनीशा को जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी से सिर पर ताबड़तोड़ वार किये। जिससे वह मरणासन्न हो गई। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मोहम्मद शरीफ पुत्र दीन मोहम्मद व दीन मोहम्मद पुत्र इमामदीन तथा बानो पत्नी दीन मोहम्मद निवासीगण ग्राम रतनपुर दाखिला बौंडी थाना बौंडी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने अभियुक्त शरीफ को हिरासत में ले लिया है।

## सार-संक्षेप

### सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को दी गई विदाई



सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी को पुस्तक देकर विदाई देते एएसपी नगर रामानंद कुशवाहा व अन्य।

**बहराइच, अमृत विचार।** पुलिसकर्मी पुलिस विभाग में अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इनके सम्मान में पुलिस लाइन सभागार में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा द्वारा पुलिसकर्मियों को फूल माला पहनाकर, शाल उढ़ाकर एवं उपहार स्वरूप मुख्य आरक्षी अखिलेश सिंह, रामऔतार, जयनाथ चौहान, राम सागर प्रसाद को श्रीरामचरितमानस, ट्रॉली बैग तथा मुख्य आरक्षी मो. सुलेमान, मुख्य आरक्षी नईम खाँ को कुरआन मजीद, ट्रॉली बैग भेंट कर विदा किया गया। उनके द्वारा किये गये योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी लाइन राज सिंह यादव, प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक चन्द्रभूषण साहनी व अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### काफी भावुकता भरा होता है विदाई का क्षण : श्रद्धा पांडेय



सेवानिवृत्त कर्मी को फूलमाला पहनाकर विदाई देतीं समाज कल्याण अधिकारी व अन्य।

**बहराइच, अमृत विचार।** समाज कल्याण विभाग में अपनी 34 वर्ष की सेवा देने के बाद कार्मिक जगदीश प्रसाद सेवा निवृत्त हो गए। इन्हें सोमवार का भावभीनी विदाई दी गई। समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पांडेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार विदाई के दिन ही सेवानिवृत्त कमी को जीपीएफ तथा पेंशन संबंधी दस्तावेज उपलबध कराए हैं। कार्यक्रम में समाज कल्याण अधिकारी सुश्री पांडेय ने कहा कि विदाई का यह क्षण अत्यंत भावुक होता है। सेवानिवृत्त कर्मी जगदीश प्रसाद का कार्यकाल एक प्रेरणा के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने अन्य कर्मचारियों का भी आह्वान किया कि वे भी सेवानिवृत्त कर्मी श्री प्रसाद से प्रेरणा लेकर ऐसा काम करें कि उनके जाने के बाद भी लोग उन्हें याद रखें। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव, देवव्रत शर्मा, अमरेंद्र सिंह, सूरज, विनोद यादव, कृष्ण कुमार सिंह, सुल्तान अहमद, किशन लाल, रामनाथ, धूमराज, अवनीश सिंह, अंशिका यादव, अल्फा इदरीसी, नवनीत तथा नवीन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### घाघरा नदी में नहाने गया किशोर डूबा मौत

**बहराइच , अमृत विचार।** घाघरा नदी में नहाने गया 15 वर्षीय किशोर डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को बरामद कर अपने कब्जे में ले लिया है। बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम जोगापुरवा दाखिला बौंडी निवासी नफीस 15 वर्ष बौंडी के पास में स्थित घाघरा नदी में नहाने के लिए गया था। नहाते समय नदी में डूबने लगा। उसने धारा से बाहर निकलने की कोशिश की। लेकिन उसकी मौत हो गई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने नदी से शव को बाहर निकाला और कब्जे में लेकर पंचायतनामा व अन्य विधिक कार्यवाही कर रही है।

### डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर , एक की मौत

**बहराइच, अमृत विचार।** हरदी थाना क्षेत्र में खुर्द सुखराज पेट्रोल पंप के पास डंपर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही एक की मौत हो गई। रविवार की देर शाम 7 :30 बजे हरदी थाना क्षेत्र के खुर्द सुखराज पेट्रोल पंप के पास डंपर ने सामने से बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल रवि प्रताप सिंह पुत्र उधम सिंह व राजन सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी निवासी टेढवा बसंतापुर थाना कोतवाली देहात चहलारी घाट बहराइच से सीतापुर की तरफ जा रहे थे। जानकारी मिलने पर डायल 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए घायलों को जिला अस्पताल बहराइच भेजा गया। जहां पर इलाज के दौरान रवि प्रताप की मृत्यु हो गई। दूसरे घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा हैं। मृतक व्यक्ति की पंचायतनामा की कार्यवाही कोतवाली नगर से की जा रही हैं।

### डॉ आनंद श्रीवास्तव बने चयन समिति के कोऑर्डिनेटर

**बहराइच।** जिले में पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण द्वारा उत्कृष्ट योगदान देने वालों को शाश्वत फाउंडेशन अहमदाबाद 8 जुलाई को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित करेगा। इसके लिए फाउंडेशन द्वारा बनाई गई चयन समिति का कोऑर्डिनेटर वनस्पतिशास्त्री और किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच( स्वायत्तशासी संस्था) के वनस्पतिशास्त्र विभाग के वरिष्ठ असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ आनंद श्रीवास्तव को कोऑर्डिनेटर बनाया गया है।

# नाजुक कंधे पर नेत्रहीन भाई को सहारा दे रही 13 वर्षीय अर्चना



बहन अर्चना व परिजनों के साथ नेत्रहीन बालक।

संवाददाता, बहराइच

▸▸ छह वर्ष पूर्व माता और दो वर्ष पूर्व पिता की हो चुकी है मौत

▸▸ सराकारी योजना का भी कोई लाभ अभी तक नहीं मिल सका

**अमृत विचार।** माता पिता दोनों का स्वर्गवास हो चुका है। बड़ा भाई सोलह वर्ष का है लेकिन वह नेत्रहीन है। जीवन यापन का कोई साधन नहीं है। गांव के लोगों ने या फिर किसी ने तरस खाकर कुछ दे दिया तो उसी से भूख मिटा लेती है। सरकारी योजना का इन्हें कोई लाभ नहीं मिल रहा है। यह कहानी है तेरह वर्षीय मासूम अर्चना की।

कैसरगंज तहसील मुख्यालय से महज कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर एक गांव है भखरौली कनपुरवा। इसके मजरे कुर्मिनपुरवा में अर्चना अपने 16 वर्षीय नेत्रहीन भाई आदित्य वर्मा के साथ रहती है। 13 वर्षीय अर्चना के नाजुक कंधों पर अपने बड़े भाई का भी पेट पालने की जिम्मेदारी है। मां ननकई का लगभग 6 वर्ष पूर्व और पिता मुन्नालाल वर्मा का 2 वर्ष पूर्व स्वर्गवास हो चुका है। इन बेसहारा बच्चों के जीवन यापन का अब कोई सहारा नहीं है। ये एक छोटे से खंडहरनुमा कमरे में रहते हैं। अर्चना मिट्टी के चूल्हे पर रूखा सूखा बनाकर खुद खाती है और बड़े भाई को खिलाती है। इनके पास खेती योग्य भूमि भी नहीं है और न ही किसी प्रकार की कोई सरकारी सहायता ही इन्हें अभी तक मिल पाई है। राष्ट्रीय राजमार्ग से महज डेढ़ किलोमीटर पर यह दोनों बच्चे अकेले रहते हैं। क्षेत्र के प्रबुद्ध समाजसेवी डा. एसबी सिंह अपने एक मित्र से मिलने इस गांव में पहुंचे तो उन्हें किशोरी अपने भाई को सहारा देकर रास्ते पर जाती हुई दिखाई दी। जिज्ञासा को शांत करने के लिए जब इन्होंने बहन से बातचीत की तो उनका यह दर्द सामने आया। उन्होंने अपने स्रोतों से दोनों बच्चों को एक-एक बैग तथा कुछ खाने पीने की सामग्री उपलब्ध कराई। बाद में उन्होंने अर्चना की इस दशा को तहसील व जिला प्रशासन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इसके प्रसार की भी आवश्यकता बताई।

## वर्ग पहेली-18

**बाएं से दाएं**

1.1. जो नियम के अनुकूल न हो 2. जो कार्य व्यवस्थानुसार न चले 3. विधि व्यवस्था का अनुसरण न होना।

3. घुटनों तक लंबा, घुटनों तक लटकता हुआ।

5. (व्याकरण) संबंध को जोड़ने वाला।

6.1. गोल छोटी थाली, तश्तरी 2. घोड़े की बगल में लटकने वाली तलवार।

8.1. छोटी रस्सी जिससे चौपायों के दो पैरों को एक दूसरे से सटाकर बांध देते हैं ताकि वे दूर तक भाग न सकें

**ऊपर से नीचे**

1.1. अनुबोध करने वाला, अनुबोध कराने वाला 2. आलोक-पत्र।

2.1. दिशा, ओर 2. बगल, किनारा 3. पक्ष।

4. बादशाह, सम्राट।

5.1. वहन करना, ले जाना 2. हवा

7.1. लकड़ी या काठ से निर्मित 2. जिसका छिलका मोटा और कड़ा हो 3. जिसका गूदा कड़ा हो।



### वर्ग पहेली -17 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 छि | न | वा | ना | | | 2 प |
| | | | | 3 फ | फो | ला |
| | | 4 ढौं | | ड़ | | |
| 5 प | 6 रि | चा | रि | क | | 7 आ |
| | टा | | | ना | | द |
| | य | | | | | ह |
| 8 वि | र | ह | नि | वे | द | न |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जुलाई, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, षष्ठी- 10 .20 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 08 .54 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** आज करियर को लेकर किसी से अधिक सलाह लेना उचित नहीं है। लवमेट के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। अपने क्रोध को नियन्त्रित करके शांति से काम लें।

**वृष** आज परिजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में कुछ नई योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ी परेशानी रहेगी। कोर्ट केस में विजय मिल सकती है। पहले की गई मेहनत आज सुखद परिणाम दे सकती है। छात्र पढ़ाई-लिखाई को लेकर चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन** आज आपका दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। कार्यक्षेत्र के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। निर्माण कार्यों में प्रगति होगी। परिवार के साथ बैठकर गम्भीर विषयों पर चिन्तन करेंगे। सरकारी कार्यों से धन लाभ मिलेगा।

**कर्क** आज व्यवसाय में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। घर में अतिथियों का आगमन होगा। बड़े भाई-बहनों के साथ व्यवहार में कड़वाहट हो सकती है। जॉब को बदलने का विचार बना सकते हैं। धर्म के प्रति मन में आस्था कम हो सकती है।

**सिंह** आज आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। बाहरी लोगों के ऊपर अपना समय बर्बाद न करें। बड़े अधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। धार्मिक आयोजन में जानें का अवसर मिल सकता है। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कन्या** आज आपकी दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी। व्यवसाय में धन का नुकसान होगा। बच्चों से व्यवहार अच्छा रखें। घर में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। आपका मन किसी कारण खराब हो सकता है। नए लोगों से दोस्ती करने से बचें।

**तुला** आज अपना मनोबल और आत्मविश्वास बनाए रखें। दोपहर के बाद आपको शुभ समाचार मिलेंगे। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। जिम्मेदार व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। व्यस्तता के बावजूद परिवार के लिए समय निकालेंगे।

**वृश्चिक** आज कार्यक्षेत्र में भावुकता में आकर निर्णय नहीं लें। समय का बेहतरीन सदुपयोग कर पायेंगे। शाम के समय बाहर डिनर के लिए जा सकते हैं। प्रेम-प्रसंग में नजदीकी बढ़ेगी। बच्चों के साथ समय बितायेंगे। जॉब को लेकर इन्टरव्यू दे रहे हैं तो सफलता अवश्य मिलेगी।

**धनु** आज आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। मन में अज्ञात भय पनप सकता है। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें।

**मकर** आज ऑफिस में आपके कार्यों की लोग आलोचना कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिए। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा।

**कुंभ** आज जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। परिवार के सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। किसी सरकारी मामले में विजय होने की सम्भावना है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परोपकार के कार्यों में मन लगायेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करेंगे।

**मीन** आज कार्यक्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को लेकर असंतुष्ट रहेंगे। किसी समारोह में सम्मिलित होने का विचार बनायेंगे। आपको नए अनुभवों के लिए तैयार रहना चाहिए। त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचें। आप जिन अवसरों को तलाश रहे थे वे आपको प्राप्त हो सकते हैं।

## सुडोकू -25

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 3 | | 6 | 4 | | 9 | |
| | 8 | | 5 | | | 6 | | 2 |
| 6 | | 5 | 2 | 8 | | | | |
| | | 9 | | | 2 | | 8 | 3 |
| | 5 | | 3 | 4 | | 9 | | |
| 3 | | 1 | | 9 | | | 5 | 4 |
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 3 | | 8 |
| | 3 | | 8 | | | 5 | | |

### सुडोकू - 24 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 | 9 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 6 | 3 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 9 | 4 | 6 |
| 1 | 4 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 |

# छेड़छाड के दोषी को चार साल का कारावास

**अदालत से**

▸▸ अदालत ने कुल 15 हजार रुपये अर्थदण्ड भी लगाया

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कूरेभार थानाक्षेत्र के एक गांव में आठ साल पूर्व किशोरी से छेड़छाड, गाली-गलौज और हत्या की धमकी देने के मामले में पॉक्सो कोर्ट न्यायाधीश राकेश ने सोमवार को आरोपी कल्लू उर्फ शादाब बेग को चार साल कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर कुल 15 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। वहीं साक्ष्य के अभाव में मिर्जा असगर बेग को दोषमुक्त करार देकर बरी कर दिया है। वहीं तीसरे आरोपी लाला बेग की दौरान विचारण मौत हो पाई। 30 मार्च 2017 की घटना में पीड़िता के परिजन आरोपियों पर उसकी छेड़छाड़, गाली-गलौज व हत्या की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कराया था। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की।

अभियोजन पक्ष की तरफ से विशेष लोक अभियोजक अजय सिंह द्वारा मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने दोषी को कल्लू उर्फ शादाब बेग को चार साल की सजा सुनाई।

**आरोपी ने किया सरेंडर, अंतरिम जमानत मंजूरःसुलतानपुरः** विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट संध्या चौधरी की अदालत ने दलित उत्पीड़न मारपीट समेत अन्य आरोप में आरोपी मंजूर अहमद की अंतरिम जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है।

आरोपी के अधिवक्ता शुभम द्विवेदी वैदहा ने बताया गोसाईगंज थानाक्षेत्र के पिपरा मे सुरेश कोरी ने 4 जुलाई 2021 की घटना में आरोपी गुलशेर, मंजूर व मकसूद के खिलाफ वादी के पुत्र संजय पर लाठी डण्डे से मारपीट व दलित उत्पीड़न का केस दर्ज कराया था। नियमित जमानत पर सुनवाई 10 जुलाई को होगी।

**पूर्व विधायक संतोष पांडेय के केस में सुनवाई 14 को: सुलतानपुर, अमृत विचारः** आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व विधायक संतोष पांडेय समेत 11 आरोपियों के खिलाफ चल रहे मुकदमे की सुनवाई टल गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया अब सुनवाई 14 जुलाई को होगी।

मामला 24 फरवरी 2022 का है, जब विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जनसभाएं करने पर दो एफआईआर दर्ज की गई थीं। कोर्ट में सभी आरोपियों के बंधपत्र पहले ही दाखिल हो चुके हैं।

**सांसद व विधायक पर परिवाद के मामले में सुनवाई 15 को: सुलतानपुर, अमृत विचारः** लोक सेवक के आदेश की अवहेलना के मामले में सांसद रामभुआल निषाद, विधायक ताहिर खान व 40-50 अज्ञात लोगों के खिलाफ विशेष अदालत में दर्ज परिवाद पर सोमवार को सुनवाई 15 जुलाई तक टल गई। मामला 7 मई 2024 को धनपतगंज थाना क्षेत्र का है, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी की तहरीर पर चुनाव आचार संहिता के तहत केस दर्ज हुआ था।

उपनिरीक्षक विजय गुप्ता ने परिवाद दर्ज करने का अनुरोध किया था। परिवादी के नहीं आने से फिलहाल सुनवाई टल गई है। अब इसकी अगली सुनवाई 15 जुलाई को होनी तय की गई है।


दीवानी न्यायालय परिसर में वादकारी और अधिवक्तागण। अमृत विचार

## अधिशाषी अभियंता हत्याकांड में सीओ ने दर्ज कराई गवाही

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जल निगम के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की हत्या के मामले में एडीजे द्वितीय विशेष कोर्ट एससी एसटी न्यायालय में सोमवार को अभियोजन पक्ष के गवाह सीओ सिटी शिवम मिश्र की गवाही दर्ज की गई। जिनसे बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने जिरह की। जिरह पूरी न होने के कारण कोर्ट ने सुनवाई के लिए 8 जुलाई की तारीख नियत की है। अभियोजन पक्ष की तरफ से वादी के वकील अरविंद सिंह राजा के मुताबिक मामले में सहायक अभियंता अमित कुमार शाह और एक अन्य आरोपी प्रदीप राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अधिशासी अभियंता संतोष कुमार की 17 अगस्त 2024 को उनके घर में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। उनके भाई संजय कुमार ने सहायक अभियंता समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## पति पर दहेज के लिए प्रताड़ना और मारपीट का आरोप, अग्रिम जमानत याचिका हुई खारिज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली नगर थानाक्षेत्र के शास्त्री नगर में दहेज उत्पीड़न, मारपीट और धमकी देने के मामले में आरोपी अभिषेक श्रीवास्तव को अग्रिम जमानत नहीं मिल सकी। सत्र न्यायाधीश लक्ष्मी कान्त शुक्ल की अदालत ने आरपी की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र को निरस्त कर दिया। डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के मुताबिक, वादिनी सुरम्या श्रीवास्तव की शादी वर्ष 2019 में अभिषेक श्रीवास्तव से हुई थी। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। पति द्वारा शराब पीकर मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना और मानसिक रूप से परेशान करना जैसे गंभीर आरोप लगाए गए।

## इमरान हत्याकांड में सुनवाई जारी

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के औरंगाबाद में चार साल पूर्व इमरान हत्याकांड में सोमवार को अभियोजन के गवाह मंसूर की गवाही अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार की अदालत में दर्ज की गई । बचाव पक्ष के वकील सुरेश तिवारी ने गवाह से जिरह पूर्ण की ।कोर्ट ने शेष आरोपियों की तरफ से जिरह के लिए एक जुलाई की तारीख तय की है। अभियोजन के मुताबिक 25 अप्रेल 2021 की घटना में वादी अमीर उल्ला ने आरोपियों मोईन, मोतीन, मोजीब, मोहम्मद कमर, सुहेल आदि के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

# अभद्र पोस्ट डालने पर तीन गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** इटावा में हुए जातीय संघर्ष को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करना तीन युवकों को भारी पड़ गया। पोस्ट वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला कुड़वार थाना क्षेत्र के नीरसहिया गांव और कूरेभार थाना क्षेत्र के रामापुर गांव से जुड़ा है।

रविवार को हनुमान यादव पुत्र स्वामीनाथ यादव, पवन यादव पुत्र शोभनाथ यादव (दोनों निवासी नीरसहिया) और विशाल यादव पुत्र कृष्णराम यादव निवासी रामापुर ने मिलकर सोशल मीडिया पर एक भड़काऊ वीडियो अपलोड किया। वीडियो में इटावा की घटना को जातिगत रंग देते हुए विवादित बातें कही गई थीं। इस पोस्ट के वायरल होते ही कुछ ब्राह्मण संगठनों ने पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह से शिकायत की और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कुड़वार थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्रा ने मुकदमा दर्ज कर तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को सोमवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### किसना डायमंड ज्वैलरी अब सुल्तानपुर में उपलब्ध


किसना डायमंड ज्वैलरी के शोरूम का किया गया उद्घाटन। अमृत विचार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** देश के अग्रणी ब्रांड किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने गुलाब चंद्र ज्वेल्स एंड जेम्स, ठठेरी बाजार में अपने लक्ज़री कलेक्शन की लॉन्चिंग की। उद्घाटन में पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व श्री प्रकाश विभाग प्रचारक आरएसएस मौजूद रहे। इस अवसर पर मेकिंग चार्ज पर 100 प्रतिशत छूट दी जा रही है। किसना की विश्वसनीय नीतियों व डिज़ाइनों से अब सुल्तानपुरवासी लाभान्वित होंगे। ब्रांड के डायरेक्टर पराग शाह व स्थानीय प्रोप्राइटर दिलीप बरनवाल ने इसे विश्वास और खूबसूरती का संगम बताया।

### जेल में बंद आरोपी को मिली 15 दिन की अंतरिम रिहाई

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / एफटीसी प्रथम जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत ने गरीब और असहाय आरोपी सुनील कुमार को राहत दी है। करीब 7 माह से जेल में निरुद्ध आरोपी द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नियुक्त लीगल एड डिफेन्स काउंसिल अंजली के माध्यम से जमानत की शर्तों में शिथिलता हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। कोर्ट को बताया गया आरोपी की जमानत पहले ही 10 फरवरी 2025 को 50-50 हजार के दो जमानतदारों पर मंजूर हो चुकी है, परंतु अत्यंत गरीबी और किसी पैरोकार के अभाव में वह आज तक जमानतदार प्रस्तुत नहीं कर सका।

### जमीन के बंटवारे को लेकर कलह, माता-पिता को पीटा

**कादीपुर, सुलतानपुर :** कोतवाली क्षेत्र के नोनारा मलिकपुर गांव में बेटे द्वारा जमीन का बैनामा न करने पर अपने माता-पिता को पीटने का मामला सामने आया है। ग्राम निवासी राजाराम का बड़ा बेटा रमेश काफी समय से अलग रह रहा है और वह पिता की जमीन अपने नाम करवाना चाहता था। मना करने पर वह अक्सर विवाद करता था। रविवार सुबह 7 बजे उसने घर में घुसकर गाली-गलौज की और मना करने पर पिता राजाराम व माता चंद्रावती को लात-घूंसे व डंडे से पीट दिया।

### विस्फोटक अधिनियम के तहत दोषी को पांच साल की सजा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** विस्फोटक अधिनियम के तहत बम से हमला करने के 26 साल पुराने मामले में आरोपी सोनू को न्यायिक दंड मिला है। न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार की अदालत ने सोमवार को सरवनपुर, अमेठी निवासी सोनू को विस्फोटक अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए 5 साल के कठोर कारावास और पांच हजार जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजन के अनुसार 6 जनवरी 1999 को तत्कालीन अमेठी प्रभारी विनोद यादव तीन आरोपियों की तलाश में गंगा शरण के मकान के पीछे पहुंचे थे, जहां सोनू ने पुलिस टीम पर बम से हमला कर दिया। इस हमले में कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

### बिजली सुधारने बुलाया, फिर पेड़ से बांधकर पीटा

**कादीपुर, सुलतानपुर :** मिठनेपुर में शुक्रवार रात बिजली सुधारने गए एक मैकेनिक को पेड़ से बांधकर पीटे जाने और फिर उसी पर घर में घुसकर चाकू से हमला करने का आरोप लगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शबनम बानो ने बताया कि गांव के वाजिद अली ने शुक्रवार की रात करीब एक बजे उनके देवर मेराज अहमद को मोबाइल पर कॉल कर घर की खराब बिजली ठीक कराने के लिए बुलाया। जब मेराज वहां पहुंचे तो वाजिद अली, अकबर अली, अनस, सूफी और पांच अज्ञात लोगों ने उन्हें पेड़ से बांधकर चाकू, बेल्ट और डंडों से पीटा। वहीं दूसरी ओर, हजरतुल बानो ने आरोप लगाया कि रात करीब ढाई बजे मेराज अहमद और अन्य लोग उनके घर में घुसे और बच्चों के साथ मारपीट करने लगे। शोर सुनकर जब पति वाजिद अली पहुंचे तो मेराज ने उन्हें चाकू से घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मेराज अहमद व अन्य के खिलाफ और वाजिद अली समेत आठ लोगों के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज व जानलेवा हमले की धाराओं में नामजद केस दर्ज किया है।

### पांच वर्षीय बालक को पुलिस ने किया बरामद

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बंधुआकला थाना क्षेत्र के दाउदपुर लंगड़ी निवासी भगवान बक्श सिंह ने अपने पांच वर्षीय बेटे के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। अबोध बालक के अपहरण की सूचना मिलते ही एएसपी अखंड प्रताप सिंह ने टीम गठित करते हुए बच्चे के सकुशल बरामदगी का निर्देश दिया। एएसपी के निर्देश पर हरकत में पुलिस टीम ने अपहृत बालक को दाउदपुर पुल के पास से बरामद कर लिया ।प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि बच्चे का किसी के द्वारा अपहरण नहीं किया गया था बल्कि एक मंद बुद्धि की साइकिल से कुछ दूर जाकर दोनों रास्ता भटक गए थे। जिसे सकुशल बरामद कर लिया गया।

### रंजिश में मां-बेटी से मारपीट, तीन पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर :** कोतवाली क्षेत्र के कुम्ही डडिया गांव में शनिवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने घर में घुसकर एक महिला और उसकी बेटी को बुरी तरह पीट दिया। इस घटना में दोनों को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता रीता निषाद पत्नी रंजीत निषाद ने बताया कि शनिवार शाम करीब छह बजे वह घर में काम कर रही थीं, तभी गांव के ही सदाराम, इंद्रजीत और गोलू गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आए। विरोध करने पर उन्होंने डंडों व लात-घूंसों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई बेटी सृष्टि को भी विपक्षियों ने पटक-पटक कर पीटा, जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गई। मामले की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सेवा व समर्पण की मिसाल बने सीएचसी के डॉक्टर

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** हर साल एक जुलाई को चिकित्सक दिवस मनाया जाता है, जो न केवल डॉक्टरों के योगदान को सम्मानित करने का दिन है, बल्कि उनके निस्वार्थ सेवा भाव को याद करने का भी अवसर है। बल्दीराय तहसील क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर ऐसे कई डॉक्टर हैं, जो पूरी निष्ठा से जनमानस की सेवा कर रहे हैं। इनमें से तीन प्रमुख चिकित्सकों का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है-डॉ अशोक मिश्रा, डॉ शशि प्रकाश सिंह और डॉ दुर्गेश पांडेय।


डॉ. शशि प्रकाश सिंह।


डॉ. अशोक मिश्रा।


डॉ. दुर्गेश पांडेय।

बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधिकारी के रूप में तैनात डॉ अशोक मिश्रा अपनी कुशल चिकित्सा सेवाओं के लिए जाने जाते हैं। मरीजों के प्रति उनका विनम्र व्यवहार, समयबद्ध सेवा और सटीक निदान उन्हें एक आदर्श चिकित्सक बनाता है। ग्रामीणों के बीच डॉ मिश्रा की छवि एक सुलभ और समर्पित डॉक्टर के रूप में है, जो हर जरूरतमंद के लिए हमेशा उपलब्ध रहते हैं।

बल्दीराय सीएचसी में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी डॉ शशि प्रकाश सिंह वर्तमान में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सेवाएं दे रहे हैं। स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, गंभीर बीमारियों की पहचान और समय पर इलाज सुनिश्चित करने में उनकी भूमिका सराहनीय है। इसके साथ ही वे मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में भी पूरी निष्ठा और दक्षता के साथ अपनी सेवा देते हैं, जिससे अनेक मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ मिलता है।

### डॉ. दुर्गेश धनपतगंज के स्वास्थ्य योद्धा

धनपतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सा अधिकारी डॉ दुर्गेश पांडेय अपनी व्यवहार कुशलता और कार्यनिष्ठा के लिए क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं। वे भी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों की समग्र चिकित्सा सेवा में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री आरोग्य मेला हो या सामान्य ओपीडी, डॉ पांडेय का मृदुभाषी व्यवहार, सटीक परामर्श और उत्कृष्ट सेवा भावना उन्हें न केवल सुलतानपुर, बल्कि आस-पास के क्षेत्रों में भी लोकप्रिय बनाती है।


ग्रामीणों को वितरित किए गए पौधे। अमृत विचार

## बेलवाई में पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का संदेश

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बाबा रणजीत शाह सरस्वती शिशु मंदिर, बेलवाई में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में ग्रामीणों, शिक्षकों और छात्रों ने भाग लिया। प्रबंधक दिलीप कुमार मोदनवाल ने मुखर्जी के बलिदान को याद करते हुए कहा कि समाज व पर्यावरण की सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि है। अभियान के तहत सभी ने अपनी मां या मातृवत किसी महिला के नाम एक वृक्ष लगाने और उसकी देखभाल का संकल्प लिया। इस मौके पर संतराम यादव, राजेश गिरी, डॉ. रमेश राजभर, अजय विक्रम सिंह, पवन बिंद सहित कई लोग मौजूद रहे।

# लोक रंग सुरों के संग में दीनबंधु ने लोकगीतों से बांधा समां

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक गायक दीनबंधु सिंह ने लखनऊ दूरदर्शन के विशेष कार्यक्रम लोक रंग सुरों के संग में अपने पारंपरिक लोकगीतों से ऐसा रंग जमाया कि दर्शकों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश दूरदर्शन द्वारा लोक विधाओं के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। कार्यक्रम में दीनबंधु सिंह के दो एपिसोड की रिकॉर्डिंग हाल ही में लखनऊ में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इनमें उन्होंने अवधी और भोजपुरी लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का प्रसारण अगस्त के अंतिम सप्ताह में शनिवार-रविवार रात नौ बजे किया जाएगा। दीनबंधु सिंह ने कहा, लोक विधाओं से ही हमारी संस्कृति की आत्मा जीवित रहती है, इनका संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम के निर्देशक धुरवचंद और सह-निर्देशक संजय दुबे हैं। शो में देशभर के लोक कलाकार अपनी-अपनी बोली और संस्कृति की झलक लेकर आ रहे हैं।


लोकगीत प्रस्तुत करते दीनबंधु सिंह।

## नहर में मिले शव के मामले में पड़ोसी पर हत्या का केस

**भदैया सुलतानपुर :** कोतवाली देहात अंतर्गत उदयपुर गांव की नहर में युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस ने सोमवार को हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। बीसापुर गांव निवासी सुमित गुरुवार सुबह से लापता था। परिजनों ने शुक्रवार को प्रतापगंज में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार शाम को उदयपुर नहर में शव मिलने की सूचना मिली। शव पर धारदार हथियार से हत्या के निशान पाए गए। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को गांव ले जाते समय परिजनों और ग्रामीणों ने अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर पकड़ी गांव के पास प्रदर्शन किया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया गया। पुलिस ने कई थानों की फोर्स बुलाकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने सोमवार को गांव के ही लल्लू चौरसिया पुत्र मेवालाल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। देहात कोतवाल ने मुकदमे की पुष्टि करते हुए कहा कि जांच में घटना के कारणों का पता चलेगा। करीब डेढ़ वर्ष पहले सुमित की शादी हुई थी।

# जिले में 41 और विद्यालयों की हुई पेयरिंग

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और संसाधनों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का जोड़ीकरण किया जा रहा है। इस क्रम में दूसरे चरण के तहत जिले के 41 प्राथमिक विद्यालयों का समीपवर्ती स्कूलों से पेयरिंग कर दिया गया है। पहले चरण में 73 विद्यालयों की पेयरिंग की गई है। बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 50 से कम नामांकन वाले कुल 444 विद्यालयों की पहचान की गई थी। खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा भेजे गए 114 विद्यालयों के प्रस्ताव में से 41 विद्यालयों का चयन इस चरण में किया गया है। पहले चरण में 73 विद्यालयों की पेयरिंग आदेश जारी किया जा चुका है।


कुड़वार में शिक्षक नेता निजाम खान ने बैठक को किया संबोधित। अमृत विचार

## पेयरिंग नीति के खिलाफ विरोध प्रस्ताव पारित

प्रदेश सरकार की पेयरिंग नीति के खिलाफ प्राथमिक शिक्षक संघ ने मोर्चा खोल दिया है। जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में सोमवार को जनपद के सभी ब्लॉकों में संयुक्त बैठकें आयोजित कर विरोध प्रस्ताव पारित किए गए। शिक्षक, अभिभावक व जनप्रतिनिधियों ने इस नीति को शिक्षा विरोधी बताया। कुड़वार में निजाम खान की अध्यक्षता में बैठक हुई।

**लंभुआ के सबसे ज्यादा विद्यालय पेयरिंगः** सबसे अधिक जोड़ीकरण लंभुआ ब्लॉक में 16 विद्यालयों का हुआ है, जबकि भदैया में 7, प्रतापपुर कमैचा में 6, बल्दीराय में 3 और अन्य विकासखंडों में भी जोड़ीकरण की प्रक्रिया जारी है। शिक्षा विभाग का मानना है कि इस पहल से न केवल शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार आएगा, बल्कि विद्यालयों की व्यवस्थाएं भी अधिक संगठित और प्रभावी होंगी।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, सात घायल

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के कटघरा गांव में शनिवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों ओर से कुल सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर तेरह लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

गुड़िया पत्नी गुलाब कुमार ने आरोप लगाया कि शाम करीब सात बजे गांव के मल्लू, रामजियावन, सुभाष, सूबेदार, सूरज और दिवाकर उनके घर आकर गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने बेटे आयुष पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। वहीं, दूसरे पक्ष से रामजियावन ने तहरीर में आरोप लगाया कि फावड़े के विवाद को लेकर विपक्षी उनके दरवाजे पर आए और लाठी, डंडा व सरिया से सूबेदार, सुभाष, कुमकुम, काजल, अंकिता और दिवाकर को पीटा, जिससे सभी घायल हो गए। रामजियावन की तहरीर पर पुलिस ने भगवानदीन, राकेश, बंटी, आयुष, आंचल, अंतिम और गुड़िया के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भूमि विवाद में दो पक्षों की महिलाओं में मारपीट, दो घायल

**संवाददाता, कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मालापुर जगदीशपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर शनिवार दोपहर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों की एक-एक महिला घायल हो गई। पुलिस ने दोनों की तहरीर पर क्रॉस केस दर्ज किया है। बीना पत्नी मनोज ने आरोप लगाया कि जमीनी रंजिश को लेकर गांव के ही कुछ लोग उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लात-घूंसे व धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। इस मामले में राजेश और लालू के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं, दूसरी ओर आकांक्षा पुत्री मिठाईलाल ने आरोप लगाया कि वह घर पर अकेली थी, तभी बीना, दीक्षा और मनोज ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसे भी चोटें आईं। इस मामले में पुलिस ने तीनों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है।

# लायंस क्लब मिडटाउन के नए अध्यक्ष बने सतीश

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** लायंस क्लब इंटरनेशनल के सत्र 2025-26 की शुरुआत के साथ ही लायंस क्लब सुलतानपुर मिड टाउन की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नए सत्र के लिए लायन सतीश अग्रवाल को क्लब का अध्यक्ष चुना गया है, जबकि सचिव पद पर लायन डॉ. एस.के. गोयल पूर्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल और कोषाध्यक्ष पद पर लायन डॉ. संजय खत्री को दायित्व सौंपा गया। क्लब के संस्थापक अध्यक्ष लायन सरदार बलदेव सिंह ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का इंटरनेशनल बैच पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लायन डॉ. डीएस मिश्रा, रीजन चेयरपर्सन लायन डॉ. अनिल कुमार पांडेय, जोन चेयरमैन लायन राकेश पालीवाल, लायन मंजीत कौर आदि मौजूद रहे।

# मृतक कृषक पुत्र की मां को मिलेगा पांच लाख मुआवजा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** स्थायी लोक अदालत ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत मृतक कृषक पुत्र की मां सविता को पांच लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान किए जाने का आदेश दिया है। साथ ही 10,000 मानसिक कष्ट और 10,000 वाद व्यय के रूप में अतिरिक्त भुगतान का भी निर्देश दिया गया है। वादिनी सविता निवासी ग्राम बादरायपुर, जिला अमेठी ने अपने पुत्र अनोक कोरी की 1 मार्च 2022 को सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु के उपरांत योजना का लाभ दिलाए जाने हेतु याचिका दायर की थी।

अमेठी जिले के थाना क्षेत्र मुंशीगंज के बादरायपुर दलशाहपुर निवाषी अनोक कोरी परिवार का एक मात्र कमाऊ सदस्य था और पैतृक भूमि पर कृषि कार्य करता था। जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी द्वारा दावे को यह कहते हुए निरस्त कर दिया गया था कि मृतक छात्र था और पंजीकृत कृषक नहीं था। अदालत ने शासनादेश का हवाला देते हुए यह माना कि मृतक अनोक कोरी 18 वर्ष से अधिक आयु का था, कृषि कार्य करता था और परिवार का मुख्य सहारा था। अतः वह योजना का लाभ पाने का अधिकारी था। न्यायालय के अध्यक्ष राधेश्याम यादव, सदस्य मृदुला राय एवं रमेश चन्द्र यादव ने सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया कि उक्त राशि एक माह के भीतर छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित वादिनी को प्रदान की जाए।









# संचारी रोगों के प्रभावी नियंत्रण को लेकर लोगों को करें जागरूकः डीएम

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने कर्मचारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक करते डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के संबध में जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई।

अध्यक्षता करते हुए डीएम ने संबंधित समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 जिसमें 11 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। दिमागी बुखार एवं अन्य संक्रामक रोगो के संबध में व्यापक जन-जागरूकता हेतु 11 जुलाई से 31 जुलाई 2025 के मध्य दस्तक अभियान आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर इन बीमारियों के बचाव तथा उपचार के संबध में लोगों को जानकारी देंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि संचारी रोग के बचाव हेतु एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिलाया जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि फ्रंटलाइन वर्कर्स आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री दिमागी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं कालाजार रोगों के लक्षणयुक्त व्यक्तियों को चिन्हित करते हुये उनका नाम, पता एवं मोबाइल नम्बर सहित सम्पूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करायें। स्टाप डायरिया कैम्पेन के अन्तर्गत फ्रंटलाइन वर्कर्स अपने साथ ओआरएस पैकेट एवं क्लोरीन की गोलियां भी रखेंगे जिससे लक्षणयुक्त व्यक्ति को तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। दस्तक अभियान तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाए। आशा कार्यकत्री द्वारा भ्रमण किये जाने वाले प्रत्येक परिवार के सदस्यों का आभा आईडी बनाकर परिवार के सदस्यों को उपलब्ध कराया जाये। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश दिया कि नगरीय क्षेत्रों में अभियान चलाकर साफ-सफाई कराये तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कराने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया गया। इसके साथ ही साथ स्कूलों, नगर निकाय व ग्रामीण क्षेत्रों में संचारी रोग के लक्षण एवं बचाव के बारे में जागरूक करें। स्कूलो के आसपास झाड़ियों की सफाई करना सुनिश्चित करायें। शौचालय का उपयोग करने हेतु लोगो को जागरूक करें। नालियों की साफ-सफाई एवं दवाओं का छिड़काव कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने विकास खण्ड डुमरियागंज में प्रशिक्षण नही हुआ था जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान को प्रभावी रूप से भूमिका निभाने के लिए आशा, ऑगनबाड़ी एवं एएनएम, स्कूली शिक्षक, ग्राम प्रधान की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत दिमागी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं कालाजार रोगों के लक्षणयुक्त रोगियों को निकटवर्ती सरकारी अस्पताल में भेजकर त्वरित एवं सही उपचार कराने के लिए विशेष बल दिये जाने की आवश्यक्ता है।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एकेझा, दस्तक संचारी रोग प्रभारी डा. अमित शर्मा, डा. समीर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नगर पंचायत, समस्त एमओआईसी तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।

### कांग्रेस की 55 सदस्यीय जिला कमेटी की घोषणा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद के नेतृत्व में ल 55 सदस्यीय भारी भरकम जिला कांग्रेस कमेटी घोषित की है। इसमें 9 उपाध्यक्ष, 11 महासचिव, 32 सचिव, एक कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं। सोमवार को जारी पार्टी विज्ञप्ति के मुताबिक घोषित पदाधिकारियों में रियाज मनिहार कोषाध्यक्ष, कृष्ण बहादुर सिंह, अभिनय राय, अनिल सिंह अन्नू, जावेद मुकीम, रामचंद्र पांडेय, रंजना मिश्रा, जिल्ले गालिब, अशोक गुप्ता व सादिक अहमद को उपाध्यक्ष, दीपक यदुवंशी, शैलेंद्र श्रीवास्तव, सतीश चंद्र त्रिपाठी, सबरे आलम, सरिता शुक्ला, सुदामा प्रसाद, कन्हैया पांडेय, ऋषिकेश मिश्रा, मैनुद्दीन खा, आसिफ रिजबी व हमीदउल्लाह को महासचिव बनाया गया। इसी प्रकार से ओम प्रकाश दूबे, जुल्फकार खान, अर्जुन कन्नौजिया, पवन पांडेय सहित 32 लोग जिला सचिव बनाए गए हैं।

# शिव की अच्छी गेंदबाजी से नौगढ़ क्रिकेटर्स ने इटवा को पांच विकेट से दी शिकस्त

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



क्रिकेट मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को इटवा क्रिकेट क्लब व नौगढ़ क्रिकेटर्स के बीच सीमित ओवरों का एक दिवसीय मैच खेला गया। 20 ओवरों वाले मैच में नौगढ़ ने इटवा को पांच विकेट से हरा दिया। नौगढ़ के तरफ बेहतर प्रदर्शन करते हुए शिवकुमार ने तीन विकेट चटकाएं। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इटवा के खिलाड़ियों ने निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 167 रन बनाए। इसमें नीरज ने 46 रन, अवधेश ने 33 व आदिल ने 25 रनों की पारी खेली। नौगढ़ के तरफ से गेंदबाजी करते हुए शिवकुमार ने चार विकेट, रोहित ने दो विकेट विकेट चटकाए। शिवकुमार को मैन ऑफ मैच घोषित किया गया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नौगढ़ की टीम ने केवल 16.5 ओवर में ही छह विकेट गंवाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। इसमें अशफाक ने 45 रन, अर्जुन ने 38 रन व घनश्याम ने 26 रनों की पारी खेली। इटवा के तरफ से गेंदबाजी करते हुए धीरज ने तीन विकेट, अरनव ने दो विकेट व सुयश ने एक विकेट चटकाएं। इस दौरान विवेक त्रिपाठी, विपिन मणि त्रिपाठी मौजूद रहे।

# नागरिकों को दी सीमाई पुलिसिंग की जानकारी

## कपिलवस्तु कोतवाली के चौकी बजहा में ऑपरेशन कवच के तहत हुई बैठक

**मांगा सहयोग**

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** कपिलवस्तु कोतवाली के चौकी बजहा में आपरेशन कवच के तहत ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों व क्षेत्र के संभ्रांतजनों के साथ बैठक किया गया। जिसमें एसएसबी कैम्प प्रभारी बजहा इंस्पेक्टर नीरज कुमार शर्मा व कोतवाल यशवंत कुमार सिंह ने लोगों से नागरिकों को पुलिसिंग की जानकारी देते हुए सभी से सहयोग की अपील की। कोतवाली प्रभारी ने समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आप भी पुलिस के एक आंतरिक सहयोगी है। आप गांव, सीमाई आदि क्षेत्रों में होने वाले गतिविधियों के बारे में जानकारी रखते हैं और संदिग्ध लोगों के बारे में जानकारी देते हैं जिससे हम उनके बिरुद्ध प्रशासनिक कार्यवाही करते है। आगे मोहर्रम का पर्व है। आपसी सहयोग शांति व्यवस्था में पर्व को बनाएं, कहीं कोई अराजक तत्व कोई व्यवधान करना चाहता है उसकी सूचना पुलिस को दें। आप के सहयोग में पुलिस हमेशा तत्पर रहेगी।

एसएसबी इंस्पेक्टर नीरज कुमार शर्मा ने सदस्यों वा संभ्रांति लोगो से सीमा पर होने वाले अवैध गतिविधियों पर नजर रखते हुए हमे सूचना दें, मानव तस्करी के तहत कोई भी नाबालिग को बहला फुसला कर सीमा के रास्ते ले जाने, विदेशी घुसपैठियों के घुसने की कोशिश करता है उसके बारे में भी एसएसबी को अवगत कराएं। नेपाल से रोटी बेटी का सम्बन्ध है। जिसके तहत उनके साथ भाई चारगी बनी रहे। छोटे-छोटे रोज मर्रा की सामान पर सहयोग वर्ता जाएगा। बड़े तस्करों, अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के बारे में सूचना प्रदान करें जिससे आप लोगों की सुरक्षा में तत्पर रहा जाय।

इस दौरान चौकी प्रभारी आनंद कुमार, समित के सदस्य सुनील कुमार यादव, प्रधान सलाहुद्दीन, लालजी, हकीम, आरिफ गनी, एसएसबी विदेशी सिंहा, टेक लाल कुमार, पुलिस दुर्गेश पांडे, आरक्षी प्रद्युम्न, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# पेट में सरिया घुसने से मजदूर की गयी जान

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मिश्रौलिया थाना के बारीपार गांव में ओवरहेड टैंक निर्माण के लिए छत के ढलाई के दौरान सरिया खिसक कर एक मजदूर के पेट में घुस गया। इसमें उसकी मौत हो गई। परिवार के लोग मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत मजदूर पड़ोस के महाराजगंज ज़िले का निवासी बताया जाता है। महाराजगंज के बृजमनगंज थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी रामकिशोर (35) साथियों के साथ सिद्धार्थनगर के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के बारीपार गांव में हो रहे ओवरहेड टैंक निर्माण में मजदूरी के लिए आया था। बताया जा रहा है कि रविवार को ओवरहेड टैंक की छत की ढलाई का कार्य चल रहा था। इसी बीच एक सरिया उसके पेट में जा घुसा। साथ गए अन्य मजदूर उसे माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां देखते ही डॉक्टर ने देर रात उसे मृत घोषित कर दिया। इस बारे में ग्राम प्रधान महबूब आलम ने बताया कि छत की ढलाई का काम चल रहा था इसी बीच सरिया खींचते समय रामकिशोर के पेट में घुस गया और अस्पताल ले जाते समय मजदूर की मौत हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष मिश्रौलिया नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि अभी उन्हें घटना की कोई जानकारी नहीं मिली है।

# निर्धारित समय में पूरा करें कामः डीएम

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में विकास विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने आयुष्मान आरोग्य मन्दिर एवं आंगनबाड़ी भवन के सर्वे की प्रगति की समीक्षा की। जर्जर व मरम्मत योग्य आंगनबाड़ी केन्द्र 08 पैरामीटर के आधार पर मरम्मत कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केन्द्रों में रनिंग वाटर, बाला पेटिंग, टाइलकरण, शौचालय पूर्ण होना चाहिए। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सीडीपीओ के माध्यम से कार्य की प्रगति की जानकारी भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

ओडीएफ मॉडल ग्राम की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने का निर्देश दिया। जिन ग्रामों में अन्नपूर्णा भवन आरआरसी सेंटर हेतु भूमि चिन्हित नहीं है उपजिलाधिकारी के माध्यम से भूमि चयन की कार्यवाही कराये। सामुदायिक शौचालय, आरआरसी सेंटर क्रियाशील कराने तथा गांव में सफाई कर्मचारी का नाम अंकित कराने का निर्देश दिया। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हो गया है उनका प्रथम एवं द्वितीय किश्त का भुगतान कराये। राज्य वित्त आयोग/केन्द्र वित आयोग की समीक्षा में नियमानुसार व्यय कर लें। सभी खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत द्वारा ओडीएफ मॉडल ग्रामों में सुबह/शाम में सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि स्थल, आरआरसी सेंटर एवं मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण करे। ग्रामीण अन्त्येष्टि स्थल विकास योजनान्तर्गत वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की गयी। पंचायत भवन पर सीएससी और लाइब्रेरी का संचालन कराये। पंचायत भवन समय से खुले। ओपन जिम का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। क्षेत्र पंचायत निधि से कराये जाने वाले राजकीय विद्यालयों का टेन्डर प्रक्रिया पूर्ण कराकर निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ले। राजकीय पशु चिकित्सालय के मरम्मत का टेन्डर कार्य पूर्ण कराकर निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया। स्टेडियम पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर उद्घाटन कराने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि जितनी भी परियोजनायें चल रही हैं उनको अगस्त तक अवश्य पूर्ण करा लिया जाये। एमडीएम शेड का निर्माण कार्य 15 अगस्त 2025 तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

# विद्यालयों के मर्जर होने से बच्चों को होगी परेशानी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** ब्लाक संसाधन केंद्र लोटन बाजार प्रांगण में सोमवार को युग्मीकरण हो रहे विद्यालय के संबंध में ग्राम प्रधान व एसएमसी अध्यक्ष, छात्र अभिभावक एवं उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्य समिति के साथ बैठक का आयोजन कर विद्यालय युग्मिकरण पर बृहद चर्चा करते हुए इसको हटाने की मांग की गई। बैठक में शासनादेश 16 जून 2025 के आदेशानुसार विद्यालय युग्मीकरण को लेकर उपस्थित लोगों के द्वारा असहमति व्यक्त की गई। प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द मणि त्रिपाठी ने कहा की विद्यालय युग्मीकरण से छोटे एवं गरीब घर के बच्चे शिक्षा से बंचित रह जायेंगे। विद्यालय से विद्यालय की दूरी दो से तीन किलोमीटर है। धूप, गर्मी, बरसात होने से बच्चे शिक्षा से दूर हो जायेंगे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष शिवाकांत दूबे पर्यवेक्षण में सम्पन्न बैठक में ग्राम प्रधान गंगाराम यादव, गयाराम यादव, सुनील कुमार, जितेंद्र श्रीवास्तव, शिक्षक सत्येंद्र मिश्रा, राम शंकर पाण्डेय, महेश प्रसाद, कुंवर परवेज, बाबूराम चौरसिया, जेकेश सिंह राहुल पाण्डेय, अनिल कुमार, सत्येंद्र वर्मा, जियाउद्दीन अंसारी, मोहम्मद जाहिद, अरशद हुसैन, मनोज कुमार आदि रहे।

# यूपी के पहले आयुष विवि का लोकार्पण करेंगी राष्ट्रपति

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार।** भटहट के पिपरी में बना यूपी का पहला महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय आयुर्वेद समेत प्राचीन व परंपरागत आयुष विधाओं की चिकित्सा और इनसे जुड़ी शिक्षा का केंद्र ही नहीं बनेगा बल्कि इसके जरिये रोजगार के नए द्वार भी खुलने जा रहे हैं। गोरखपुर में मेडिकल टूरिज्म, औषधीय पौधों की आयसर्जक खेती की संभावना को धरातल पर उतारने में यह विश्वविद्यालय बड़ी भूमिका निभाने को तैयार है। आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण मंगलवार एक जुलाई को पूर्वाह्न देश की प्रथम नागरिक, महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु करेंगी।

आयुष पद्धति से चिकित्सा, शिक्षा और मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है। सीएम योगी के विजन से धरातल पर उतरे इस विश्वविद्यालय का शिलान्यास 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था जबकि लोकार्पण एक जुलाई 2025 को वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के हाथों होने जा रहा है। दोनों आयोजनों में राष्ट्रपति को गोरखपुर बुलाने का श्रेय योगी आदित्यनाथ के नाम दर्ज हुआ है। यह आयुष विश्वविद्यालय भटहट क्षेत्र के पिपरी में 52 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इसकी स्वीकृत लागत 267.50 करोड़ रुपये है। आयुष विवि का लोकार्पण भले ही मंगलवार को होने जा रहा है लेकिन यहां आयुष ओपीडी का शुभारंभ 15 फरवरी 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जा चुका है। हाल के दिनों में सायंकाल के सत्र में भी ओपीडी चलने लगी है। प्रतिदिन यहां आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी की ओपीडी में औसतन 300 मरीज परामर्श लेते हैं। ओपीडी शुभारंभ के बाद अब तक करीब सवा लाख से अधिक लोग आयुष चिकित्सकों से परामर्श लाभ ले चुके हैं। लोकार्पण के बाद अस्पताल आईपीडी, ओटी शुरू होने से आयुष पद्धति से उपचार की बेहतरीन सुविधा भी उपलब्ध होने लगेगी। आयुष विश्वविद्यालय में 28 कॉटेज वाला बेहतरीन पंचकर्म भी बनकर तैयार है और जल्द लोगों को पंचकर्म चिकित्सा की भी सुविधा मिलने लगेगी। योगी सरकार द्वारा राज्य में आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने से आयुष हेल्थ टूरिज्म में रोजगार की संभावनाएं भी बलवती हुई हैं। आयुष विवि की स्थापना किए जाने से गोरखपुर को केंद्र में रखकर पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए यह संभावना और बढ़ जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप यदि संभावनाओं पर गंभीरता से काम किया गया तो प्रदेश के इस पहले आयुष विवि के आसपास के गांवों के लोगों को रोजगार के किसी न किसी स्वरूप से जोड़ा जा सकता है। आयुष विवि के पूर्णतः क्रियाशील होने से किसानों की खुशहाली और नौजवानों के लिए रोजगार का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनीं पीएम मोदी के मन की बात

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अवाहन पर शोहरतगढ़ मण्डल के कार्यकर्ताओं ने सभी बूथों पर एक पेड़ माँ के नाम लगाया एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को देखा तथा डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि की। इस दौरान शक्ति केन्द्र शोहरतगढ़ में बूथ संख्या 242 पर मण्डल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष नन्दू प्रसाद गौड़ ने कार्यकर्ताओं के साथ डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को देखा एवं श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में एक पेड़ माँ के नाम लगाया। इसी तरह मकरौड शक्ति केन्द्र में मण्डल मंत्री जितेन्द्र गिरी व बूथ अध्यक्ष अवधेश यादव, चोड़ार शक्ति केन्द्र में महामंत्री अभिषेक चौधरी कार्यकर्ता के साथ, कर्मा शक्ति केन्द्र में संयोजक संजय मिश्रा, सेमरा शक्ति केन्द्र में सयोजक नरेन्द्र नाथ पाण्डेय, भादमुसकहम से बृज बिहारी सिंह, कोटिया में महामंत्री रामविनोद यादव, शक्ति केन्द्र रमवापुर तिवारी में अनूप त्रिपाठी, नवीन पाण्डेय, बिपिन शर्मा, महला शक्ति केन्द्र से लवकुश चौधरी, पल्टादेवी शक्ति केन्द्र से संयोजक सुधारक गिरी, राजेश मिश्रा, महेन्द्र चौधरी, राम लखन उपाध्याय, शशि कपूर सहित मण्डल के सभी बूथों पर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## सार-संक्षेप

### प्रशासनिक अधिकारी को दी गई विदाई



प्रशासनिक अधिकारी को विदाई देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** प्रशासनिक अधिकारी उमाकांत मिश्रा ओएसडी अपनी सेवा का कार्यकाल पूर्ण करके सेवानिवृत्त हो गये। जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में विदाई समारोह का कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। उमाकांत को जिलाधिकारी ने फूल माला पहनाकर एवं बुद्ध प्रतिमा, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र, रामचरित मानस, भगवत गीता देकर विदाई दी। जिलाधिकारी ने कहा आपके द्वारा अन्तिम दिन तक कार्य किया गया। मेरे साथ इनके द्वारा 01 वर्ष तक किया गया है। कैम्प ऑफिस से लेकर कलेक्ट्रेट व सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर सभी कार्यों को सम्पादित किया गया। ओएसडी का कार्य बहुत महत्वपूर्ण होता है। अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि सेवा निवृत्त एक सतत प्रक्रिया है। इस मौके पर रवेन्द्र श्रीवास्तव, पीतांबर यादव, प्रेमसागर चौधरी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रेम सागर चौधरी द्वारा किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम के अवसर पर ज्येष्ठ प्रशासनिक अधिकारी इन्दुबाला सिंह आदि मौजूद रहे।

### दुष्कर्म के दोषी को दस साल का कारावास

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आपरेशन कन्विक्शन के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना मोहाना पुलिस की पैरवी से दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास व नौ हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। आपरेशन कन्विक्शन के क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में 37/2019 मुअसं 162/2018 धारा 376, 452, 504, 506 भादवि थाना मोहाना में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर न्यायाधीश मो. रफी अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश प्रथम जनपद द्वारा अभियुक्त रमई मौर्या पुत्र स्व. बासदेव मौर्या को 10 वर्ष के कठोर कारावास व नौ हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता चन्द्रप्रकाश पाण्डेय तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी पूरन यादव का योगदान रहा।

### नहर में मिले शव की हुई पहचान

**कुशीनगर, अमृत विचार।** जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मठिया गाँव 24 वर्षीय राजकुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय रामेश्वर गुप्ता मानसिक रोग से पीड़ित है। उसकी शादी-शुदा पांच बहनें पति के साथ रहती हैं। उन बहनों ने बताया कि अर्धविक्षिप्त भाई अविवाहित तथा अकेले ही घर पर रहता था। शनिवार के शाम 8 बजे तक घर पर रहा। उसके बाद घर से गायब हो गया। अगले सुबह बनकटा बड़ी नहर के सायफन के पास एक लाश मिलने के खबर तेजी से फैल गई। बहनों ने कहा कि पुराना फोटो और लाश का मिलान करने पर राजकुमार से मिल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रभूषण प्रजापति ने बताया कि बनकटा सायफन पर अज्ञात शव मिलने की खबर पर पुलिस द्वारा लोगों के सहयोग से लाश बाहर निकलवा कर पहचान कराने की काफी कोशिश किया गया।

# शिकायतों के निस्तारण के लिए सीडीओ को दिए गए निर्देश

**कुशीनगर, अमृत विचार।** कुशीनगर में सिंचाई हेतु कई जगह नहरों में पानी की समस्या, जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित पानी की टंकी से ग्रामों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति न होने, किसानों को खाद की किल्लत एवं जर्जर भवनों में शासकीय कार्यालय, चिकित्सालय एवं विद्यालय आदि का संचालन किये जाने की सूचना प्राप्त हो रही है जो खेदजनक है। उक्त शिकायतों के सम्बन्ध में निम्न बिन्दुओं पर त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया है कि जनपद कुशीनगर में खरीफ फसलों की सिंचाई हेतु नहरों में पानी की आपूर्ति हेड से टेल तक कराया जाय। जल जीवन मिशन अन्तर्गत ग्रामों में निर्मित पानी की टंकी से प्रत्येक घरों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराया जाय।जनपद में किसानों को खरीफ फसल हेतु खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कराया जाय। जनपद में शासकीय कार्यालय, चिकित्सालय, विद्यालय आदि भवन, यदि जर्जर हो तो यथाशीघ्र सम्बन्धित विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करके ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी जाय तथा जर्जर भवनों में शासकीय कार्यालय, चिकित्सालय, विद्यालय आदि का संचालन न कराया जाय।

# सभी कर्मचारी हिंदी में ही करें कामकाज

संवाददाता, गोरखपुर



बैठक में बोलते अपर महाप्रबंधक।

**अमृत विचार।** अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्रीय रेलवे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 30 जून, 2025 को महाप्रबन्धक सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर सुरक्षा विभाग द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी गई। बैठक में प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडलों के अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी, कारखानों एवं उत्पादन इकाइयों के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उनके प्रतिनिधि तथा वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित थे। बैठक को सम्बोधित करते हुये अपर महाप्रबन्धक दिनेश कुमार सिंह ने मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, नियोजन नीलाभ महेश को रेलमंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किये जाने के लिये बधाई देते हुये कहा कि संवैधानिक रूप से हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है। आज राजभाषा हिन्दी ने रेल में व्यवसायिक तथा तकनीकी स्तर पर काफी प्रगति की है। राजभाषा कार्यान्वयन का कार्य सामूहिक प्रयास का कार्य है। इसमें सभी अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी सक्रिय सहयोग होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि व्यवहारिक स्तर पर आज कम्प्यूटर व तकनीकी क्षेत्रों में हिन्दी में कार्य करना समय की मांग है। सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से कम्प्यूटर पर हिन्दी में कार्य करने की जानकारी होनी चाहिये। अपने कार्य क्षेत्रों के तकनीकी माध्यमों जैसे ई-ऑफिस आदि से सामंजस्य बनाते हुये हिन्दी का विकास करना है। संघ का राजकीय कार्य राजभाषा हिन्दी में करने के लिये गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 का वार्षिक कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार इस रेल पर लगभग सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया गया है। हिन्दी में मूल पत्राचार में हम शत-प्रतिशत अनुपालन के काफी नजदीक हैं। अपर महाप्रबन्धक ने निर्देश दिया कि धारा 3 (3) के अन्तर्गत आने वाले कागजातों को द्विभाषी रूप से अनिवार्यतः जारी किया जाय। 'क' एवं 'ख' क्षेत्रों को भेजे जाने वाले पत्र आदि अनिवार्य रूप से हिन्दी में भेजे जाये। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपना अधिक से अधिक सरकारी कामकाज मूल रूप से हिन्दी में ही निष्पादित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा रेल कार्यालयों का समय-समय पर राजभाषा सम्बन्धी निरीक्षण किया जाये। निरीक्षण रिपोर्ट हिन्दी में जारी किये जाये। संचालन राजभाषा अधिकारी गोपाल प्रसाद गुप्ता ने किया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# वित्तीय स्थिरता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण

## आरबीआई के गवर्नर मल्होत्रा ने कहा- वैश्विक आर्थिक बदलाव से बढ़ती हैं चुनौतियां

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि मूल्य स्थिरता की तरह वित्तीय स्थिरता भी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव नीतिगत हस्तक्षेप को चुनौतीपूर्ण बना रहे हैं।

उन्होंने जून के लिए वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) की प्रस्तावना में कहा, वित्तीय क्षेत्र के नियामक ग्राहकों की सुरक्षा, प्रतिस्पर्धा और नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे दक्षता और वृद्धि में सुधार तथा सुरक्षा और मजबूती के बीच सही संतुलन बनाते हैं। गवर्नर के अनुसार, कई संरचनात्मक बदलाव वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया रूप दे रहे हैं। इसमें व्यापार में बढ़ता विखंडन, प्रौद्योगिकी बदलाव, जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक तनाव शामिल हैं। उन्होंने कहा, ये आर्थिक आकलन को कठिन और नीतिगत हस्तक्षेप को चुनौतीपूर्ण बनाते हैं। इसलिए, अनिश्चितता के कोहरे से बाहर निकलने के दौरान भी केंद्रीय बैंकों और वित्तीय क्षेत्र के विनियामकों के लिए अपनी अर्थव्यवस्थाओं और वित्तीय प्रणालियों की सुरक्षा में सतर्क, विवेकपूर्ण और चुस्त बने रहना जरूरी है। मल्होत्रा ने कहा कि वित्तीय स्थिरता के संरक्षक के रूप में केंद्रीय बैंक की कोशिश एक अच्छी तरह से काम करने वाली वित्तीय प्रणाली विकसित करने की है, जो न केवल व्यापक आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा दे, बल्कि कुशलतापूर्वक वित्तीय सेवाएं भी प्रदान करे।

### बैंक कर्ज वृद्धि धीमी पड़कर 4.9% पर

**मुंबई।** आरबीआई ने कहा कि 30 मई को समाप्त पखवाड़े में बैंक कर्ज वृद्धि में नरमी रही। उद्योग को बैंक कर्ज में 4.9% की वृद्धि हुई, जबकि गत वर्ष की इसी अवधि में यह 8.9% थी। आरबीआई ने 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) से प्राप्त सूचना के आधार पर मई, 2025 के लिए बैंक ऋण पर आंकड़े जारी किये हैं। यह कर्ज सभी वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिए गए कुल गैर-खाद्य ऋण का 95% है। सालाना आधार पर, 30 मई, 2025 को समाप्त पखवाड़े तक गैर-खाद्य बैंक ऋण में 9.8% की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि (31 मई, 2024) के दौरान इसमें 16.2% की वृद्धि हुई थी।

### एनपीए कई दशक के निचले स्तर 2.3% पर

**मुंबई।** बैंकिंग प्रणाली की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) मार्च, 2025 में घटकर कई दशक के निचले स्तर 2.3% पर आ गई हैं। आरबीआई की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार सितंबर 2024 में बैंकों का जीएनपीए 2.6% था। रिजर्व बैंक की अर्ध-वार्षिक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा गया है कि 46 बैंकों के जीएनपीए मार्च, 2027 तक बढ़कर 2.6% पर पहुंच सकता है। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दशक के उत्तरार्ध में बैंकिंग प्रणाली के लिए डूबा कर्ज सबसे बड़ी चुनौती रहा है। हालांकि, पिछले कुछ साल के दौरान मुख्य अनुपात के स्तर पर प्रणाली में लगातार सुधार हो रहा है।

### वैश्विक वृद्धि का प्रमुख केंद्र बनी भारतीय अर्थव्यवस्था

**मुंबई।** भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और विवेकपूर्ण नीतियों से वैश्विक वृद्धि का केंद्र बनी हुई है। आरबीआई ने कहा कि बढ़ी हुई आर्थिक और व्यापार नीति अनिश्चितताएं वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली की मजबूती की परीक्षा ले रही हैं। वित्तीय बाजार अस्थिर हैं, विशेष रूप से सरकारी बॉण्ड बाजार। ऐसा बदलती नीतियों और भू-राजनीतिक वातावरण के चलते है। बढ़ते सार्वजनिक ऋण स्तर और उच्च परिसंपत्ति मूल्यांकन जैसी मौजूदा कमजोरियों में नए झटकों को बढ़ाने की क्षमता है।

## एग्रीकल्चरल कमोडिटी : निवेश का बेहतर विकल्प

कमोडिटी बाजार में कृषि उत्पादों (एग्रीकल्चरल कमोडिटीज) का महत्वपूर्ण स्थान है। इनमें गेहूं, चावल, कपास, गन्ना, मक्का, दालें, सरसों, कॉफी जैसी वस्तुएं आती हैं। निवेशक इनमें फ्यूचर्स और स्पॉट मार्केट से निवेश कर सकते हैं। कृषि कमोडिटी में निवेश से महंगाई के खिलाफ हेजिंग मिलती है, लेकिन यह मौसम, सरकारी नीतियों और वैश्विक मांग-आपूर्ति से प्रभावित होती है। यह किसानों से लेकर निवेशकों तक को आय का साधन देता है।



बात काम की

### क्या हैं कृषि उत्पाद

कृषि उत्पाद वे वस्तुएं हैं जो खेती से प्राप्त होती हैं, इनमे गेहूं, चावल, दालें, तिलहन, गन्ना, कपास, मसाले, चाय और कॉफी। ये खाद्य सुरक्षा व औद्योगिक उपयोग दोनों में अहम भूमिका निभाते हैं।

### कैसे करें निवेश

भारत में एनसीडीईएक्स ( नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंज) जैसे प्लेटफार्म पर कृषि कमोडिटीज का व्यापार होता है। निवेशक दो प्रकार से इसमें भाग ले सकते हैं। **स्पॉट मार्केट :** जहां वस्तु का तात्कालिक लेनदेन होता है। **फ्यूचर्स मार्केट :** जहां भविष्य की तारीख के लिए अनुबंध किया जाता है। डिमैट खाता व कमोडिटी ट्रेडिंग खाता खोलना। एक्सचेंज द्वारा सूचीबद्ध कृषि उत्पादों की जानकारी लेना। मौसम, फसल की रिपोर्ट, सरकारी नीति, आयात-निर्यात और वैश्विक मांग पर नजर रखना।

### निवेश के लाभ

- **विविधता :** पोर्टफोलियो में विविधता लाने का अवसर।
- **हेजिंग टूल :** मुद्रास्फीति के प्रभाव को संतुलित करता है।
- **सीजनल :** मौसम के आधार पर मूल्य में वृद्धि की संभावना।
- **लिक्विडिटी :** कमोडिटी में ट्रेडिंग वॉल्यूम अच्छा होता है।

### जोखिम पर दें ध्यान

- **मौसमी अनिश्चितता :** वर्षा, सूखा या बाढ़ का प्रभाव।
- **सरकारी हस्तक्षेप :** एमएसपी, आयात-निर्यात नीति ।
- **अस्थिरता :** वैश्विक बाजार के प्रभाव से गिरावट या तेजी।
- **भंडारण-डिलीवरी की चुनौतियां :** विशेषकर स्पॉट ट्रेडिंग में।

# थमी तेजी, सेंसेक्स में 452 अंक की गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजार में चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा और दोनों सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 452 अंक लुढ़का, जबकि निफ्टी में 121 अंक की गिरावट आई। मुख्य रूप से बैंक शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। वहीं, लाभ में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन और बजाज फिनसर्व शामिल हैं। बीएसई स्मॉलकैप 0.81 तो मिडकैप 0.67% की मजबूती रही।

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, पिछले सप्ताह मजबूत वैश्विक संकेतों और घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीद से बाजार में तेजी थी। हालांकि, मुनाफावसूली से मानक सूचकांकों में गिरावट आई। निवेशकों का ध्यान अमेरिका सरकार के साथ व्यापार समझौते पर होगा, क्योंकि इसकी अंतिम तिथि पास आ रही है। भारत को अभी समझौते को अंतिम रूप देना बाकी है...। हालांकि, उतार-चढ़ाव बना रहेगा, लेकिन भारत की मजबूत वृद्धि संभावनाएं गिरावट पर अंकुश लगा सकती है।'' इससे पिछले चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 2,162.11 अंक यानी 2.64 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी 665.9 अंक यानी 2.66 प्रतिशत चढ़ा था।

## राजकोषीय घाटा बजट अनुमान का 0.8% रहा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-मई की अवधि में देश का राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 0.8% रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

गत वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों में राजकोषीय घाटा या सरकार के व्यय एवं राजस्व के बीच का अंतर 2024-25 के बजट अनुमान (बीई) का 3.1% था। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार का अनुमान है कि राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडपी) का 4.4% या 15.69 लाख करोड़ रहेगा। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के अनुसार, अप्रैल-मई, 2025 के दौरान राजकोषीय घाटा 13,163 करोड़ रुपये या बजट अनुमान का 0.8% रहा। शुद्ध कर राजस्व 3.5 लाख करोड़ या बजट अनुमान 2025-26 का 12.4% दर्ज किया गया। पिछले साल इसी अवधि में यह बजट अनुमान का 12.3% था।

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 9 माह के निचले स्तर 1.2% पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के अनुसार वृद्धि दर 2024 के मई में 6.3% थी

विनिर्माण, खनन व बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मई में नौ महीने के निचले स्तर 1.2% पर रही है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के अनुसार वृद्धि दर 2024 के मई माह में 6.3% थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अप्रैल के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि को भी संशोधित कर 2.6% कर दिया है, जबकि पहले इसके 2.7% रहने का अनुमान था। अगस्त, 2024 में आईआईपी में सबसे कम वृद्धि दर्ज हुई थी। उस समय वृद्धि दर स्थिर थी। एनएसओ के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन वृद्धि इस साल मई में घटकर 2.6% रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.1% थी। वहीं खनन उत्पादन में 0.1% की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसमें 6.6% की वृद्धि हुई थी। बिजली उत्पादन में 5.8% की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में बिजली उत्पादन 13.7% बढ़ा था। वित्त वर्ष 2025-26 में पहले दो माह (अप्रैल-मई) के दौरान औद्योगिक उत्पादन में सालाना आधार पर 1.8% की वृद्धि हुई है जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 5.7% थी।

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, मानसून के जल्दी आने से खनन क्षेत्र की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं और बिजली की मांग में कमी आई है। इस वजह से आईआईपी के इन दोनों उप-क्षेत्रों में मई में गिरावट आई है, जबकि विनिर्माण में वृद्धि धीमी रही है। जून तिमाही के पहले दो महीनों में औद्योगिक उत्पादन में धीमी वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में औद्योगिक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) वृद्धि के लिए अच्छा संकेत नहीं है।



### एक नजर

#### अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास 60 किलो हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सोमवार को राजस्थान के बाड़मेर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राजस्थान पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर 60 किलो से अधिक हेरोइन बरामद की। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव बताया कि इस मामले में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और जम्मू कश्मीर से कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

#### सीएम के काफिले में अन्य वाहन का प्रवेश, 5 गिरफ्तार

**कोझिकोड (केरल)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के काफिले में एक वाहन के घूसने के बाद 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना एलथुर के पास रविवार सुबह सवा 10 बजे हुई जब मुख्यमंत्री सरकारी अतिथि गृह जा रहे थे। पुलिस ने वाहन से एक वॉकी-टॉकी भी जब्त की। वाहन पर कोई नंबर प्लेट नहीं था। वाहन को तीन बार काफिले से दूर रहने की चेतावनी दी गई लेकिन इसके बावजूद वाहन उच्च सुरक्षा काफिले में घूसा गया। अधिकारियों ने वेस्ट हिल चुंगम में वाहन को रोका और वाहन में मौजूद पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

#### जेएनयू के लापता छात्र का मामला होगा बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने सीबीआई को जवाहरलाल नेहरू विवि (जेएनयू) के प्रथम वर्ष के छात्र नजीब अहमद की गुमशुदगी मामले को बंद करने की सोमवार को अनुमति दे दी। वह 15 अक्टूबर 2016 को लापता हो गया था। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति माहेश्वरी ने एजेंसी की 'क्लोजर रिपोर्ट' को स्वीकार कर लिया।

# नमाजवाद छिपाने को लिया समाजवाद की आड़

## भाजपा ने विपक्षी दलों पर संविधान को शरिया की स्क्रिप्ट में बदलने की कोशिश का लगाया आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सुधांशु त्रिवेदी ने की वक्फ कानून पर तेजस्वी के रुख की आलोचना
- बिहार में इंडिया गठबंधन ने संविधान के प्रति अपने सम्मान की कमी को दर्शाया

भाजपा ने सोमवार को विपक्षी दलों पर संविधान को शरिया की स्क्रिप्ट में बदलने और अपने नमाजवाद को छिपाने के लिए समाजवाद की आड़ लेने का आरोप लगाया। भाजपा ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव की भी उनकी उस टिप्पणी के लिए आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर उनका गठबंधन बिहार में सत्ता में आता है, तो संशोधित वक्फ अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक देगा।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि बिहार में राजद-कांग्रेस-वाम दलों के इंडिया गठबंधन ने संविधान के प्रति अपने सम्मान की कमी को दर्शाया है, क्योंकि यह अधिनियम संसद द्वारा पारित था और सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। वे ना तो संसद का सम्मान करते हैं और ना ही न्यायपालिका का। भाजपा प्रवक्ता ने निर्वाचन आयोग के मतदाता सूचियों की विशेष गहन समीक्षा पर विपक्ष की आलोचना को खारिज कर दिया, जिसकी शुरुआत बिहार से हुई है। उन्होंने कहा कि यह आलोचना उनकी अपरिहार्य हार के मद्देनजर उनकी पराजयवादी मानसिकता से उपजी है। ये दल फर्जी मतदाता चाहते हैं, जबकि यह तय करना जरूरी है कि केवल पात्र भारतीय ही सरकार चुन सकें।

आयोग ने कहा है कि यह नियमित प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य पात्र मतदाताओं को ही सूची में शामिल करना है। विपक्षी दलों ने दावा किया है कि आयोग जानबूझकर पात्र मतदाताओं को बाहर कर सकता है। बिहार में विस चुनाव अक्टूबर-नवंबर में होने की उम्मीद है। पटना में आयोजित रैली में वक्फ (संशोधन) अधिनियम की तीखी आलोचना पर विपक्षी दलों के नेताओं पर निशाना साधते हुए त्रिवेदी ने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है।

### शरिया प्रावधानों को लागू करना चाहता है विपक्ष

त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन पिछले दरवाजे से शरिया प्रावधानों को लागू करना चाहता है। तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्य ओबीसी, एससी और एसटी के लिए आरक्षण मुसलमानों को दे रहे हैं और प. बंगाल भी इसकी कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, संविधान बचाओ इन दलों का महज दिखावा है, क्योंकि इनका असली चेहरा शरिया लाओ है। अगर वे सत्ता में आए, तो संविधान की प्रस्तावना में नमाजवाद जोड़ देंगे। वे संविधान को शरिया स्क्रिप्ट में बदलना चाहते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संविधान के प्रावधान को कूड़ेदान में नहीं फेंकने देगा। उन्होंने कहा कि वे जिन शरिया प्रावधानों की वकालत कर रहे हैं, वे सऊदी अरब, पाकिस्तान, बांग्लादेश और तुर्की जैसे इस्लामी देशों में भी लागू नहीं हैं।

# बोधगया मंदिर अधिनियम पर सुनवाई से शीर्ष इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने बोधगया मंदिर अधिनियम, 1949 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया और याचिकाकर्ता को संबंधित हाईकोर्ट का रुख करने को कहा। बिहार के बोधगया में स्थित महाबोधि मंदिर यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल है। यह भगवान गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़े चार पवित्र क्षेत्रों में से एक है।

बोधगया मंदिर अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिका न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और के. विनोद चंद्रन की पीठ के समक्ष पेश हुई। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से याचिका में उठाए मुद्दे पर पूछा। वकील ने कहा, याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि बोधगया मंदिर अधिनियम को अवैध बताते हुए रद्द किया जाए। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को संबंधित हाईकोर्ट जाना चाहिए। आप ये मामला हाईकोर्ट के समक्ष क्यों नहीं उठाते? न्यायालय ने कहा, हम संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं।

### ललित मोदी की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने ललित मोदी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने फेमा के उल्लंघन के लिए ईडी द्वारा उन ऊपर लगाया गया 10.65 करोड़ का जुर्माना बीसीसीआई को अदा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और आर महादेवन की पीठ याचिका खारिज की। गत 19 दिसंबर को मुंबई हाईकोर्ट ने ललित मोदी पर 1 लाख का जुर्माना लगाते हुए उनकी वह याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उन्होंने विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंधन अधिनियम के उल्लंघन पर ईडी द्वारा लगाए जुर्माने का भुगतान बीसीसीआई को करने का आदेश देने का अनुरोध किया था।

# संविधान का एक शब्द भी छुआ गया तो हम पूरी ताकत से लड़ेंगे : खरगे

**बेंगलुरु, एजेंसी**



- कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा संबंधी होसबाले के आह्वान पर की टिप्पणी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि अगर संविधान में किसी एक शब्द को भी छुआ गया तो इसके खिलाफ उनकी पार्टी पूरी ताकत से लड़ेगी। उन्होंने प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने संबंधी आरएसएस के सहकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के आह्वान पर यह टिप्पणी की।

बेंगलुरु स्थित आवास पर खरगे ने दावा किया कि होसबाले मनुस्मृति को मानने वाले हैं। वह नहीं चाहते कि गरीब आगे आएं। जो हजारों साल पहले होता था, वह उसी व्यवस्था को जारी रखना चाहते हैं। इसलिए उन्हें समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पसंद नहीं है। खरगे के मुताबिक, ये सिर्फ होसबाले का मत नहीं है, बल्कि आरएसएस का मत है। उन्होंने आरोप लगाया, आरएसएस गरीबों, दलितों और और अन्य समुदायों के खिलाफ है। यदि उन्हें इतनी ही रुचि है, तो वे अस्पृश्यता को हटा सकते थे।

### गुलजार हो रही घाटी



डोडा जिले में पहलगाम हमले के बाद बंद भद्रवाह-चंबा अंतर्राज्यीय सड़क के दोबारा खुलने के बाद यहां पर्यटन फिर से गुलजार होने लगा है। सुरक्षाबलों की निगरानी में पर्यटक यहां की वादियों का आनंद लेते नजर आए। एजेंसी

## राजा के परिवार ने सोनम को दिए थे 16 लाख के जेवरात

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

**इंदौर (मप्र)।** हनीमून हत्याकांड मामले में राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने सोमवार को कहा कि सोनम को उनके परिवार ने विवाह के दौरान 16 लाख के जेवरात तोहफे में दिए थे। राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन ने यह दावा मेघालय पुलिस द्वारा मध्यप्रदेश के रतलाम से रविवार को अहम सबूत के तौर पर कुछ जेवरात, लैपटॉप और अन्य सामग्री बरामद होने के अगले दिन किया। ये सामान हत्याकांड के सबूत छिपाने और मिटाने के आरोप में गिरफ्तार इंदौर के रियल एस्टेट कारोबारी शिलोम जेम्स की निशानदेही पर उसकी पत्नी के मायके से बरामद हुआ। बरामदगी के अगले दिन विपिन इंदौर पुलिस की अपराध निरोधक शाखा के दफ्तर में दिखाई दिए जहां जांच के लिए मेघालय पुलिस के दल ने डेरा डाल रखा है।

# सीबीआई जांच को जनहित याचिका दायर

**कोलकाता, एजेंसी**

कलकत्ता हाईकोर्ट में सोमवार को जनहित याचिका (पीआईएल) दायर करके विधि छात्रा से उसके महाविद्यालय में पूर्व छात्र और दो अन्य छात्रों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म की सीबीआई जांच कराने का अनुरोध किया गया। याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि पीड़िता की शिकायत पर सीबीआई को इसकी जांच करने और अदालत के समक्ष अंतरिम रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया जाए। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा के राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी से संबंध हैं, निष्पक्ष जांच के लिए इसे सीबीआई को सौंपा जाए।

### विधि छात्रा के सामूहिक दुष्कर्म का मामला

#### पहले रची साजिश, पीड़िता पर थी नजर

विधि छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म में गिरफ्तार चार लोगों में से तीन ने इसकी साजिश पहले ही रची थी। जांच कर रहे नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) के अधिकारियों ने यह भी पाया कि तीन आरोपियों - मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद अहमद का छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने का इतिहास रहा है। चौथा आरोपी कॉलेज का सुरक्षा गार्ड है। तीनों ऐसी घटनाओं को मोबाइल फोन से रिकॉर्ड करते थे और बाद में पीड़ितों को ब्लैकमेल करते थे। घटना की पहले से ही साजिश रच ली गई थी। तीनों की कई दिनों से पीड़िता पर नजर थी। कॉलेज में दाखिले के दिन से ही मुख्य आरोपी पीड़िता पर नजर रख रहा था।

#### लॉ कॉलेज में कक्षाएं अनिश्चितकाल के लिए निलंबित

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में छात्रा से दुष्कर्म किए जाने के बाद कॉलेज के प्राधिकारियों ने सभी छात्रों के लिए अनिश्चितकाल तक कक्षाएं निलंबित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय कॉलेज के संचालन निकाय ने लिया है। कॉलेज प्राधिकारियों द्वारा 29 जून को जारी अधिसूचना में कहा गया है, कॉलेज की बीए एलएलबी और एलएलएम (सामान्य और ऑनर्स) की सभी कक्षाएं निलंबित रहेंगी।

## भगदड़ के एक दिन बाद पुरी में भगवान जगन्नाथ के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**पुरी (ओडिशा)।** पुरी के श्री गुंडिचा मंदिर के पास हुई भगदड़ में 3 लोगों की मौत और 50 के घायल होने के एक दिन बाद सोमवार को हजारों श्रद्धालु बलभद्र, सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के दर्शन को उमड़ पड़े।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रविवार की घटना के मद्देनजर श्री गुंडिचा मंदिर के सामने अवरोधक लगा दिए गए हैं और मंदिर के अंदर स्थित अडापा मंडप (वह मंच जहां देवता बैठते हैं) में देवताओं के सुचारू दर्शन के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई हैं। मंदिर प्रशासन ने बताया कि श्री गुंडिचा मंदिर में देवताओं के प्रवेश के बाद कई अनुष्ठानों से सोमवार रात को पाहुड़ा (देवताओं के विश्राम के लिए मंदिर के द्वार बंद करना) नहीं किया गया। मंदिर के अधिकारी ने बताया, सोमवार को सुबह 7.40 बजे मंगल आरती हुई और हजारों श्रद्धालुओं ने बिना किसी परेशानी के अनुष्ठान में भाग लिया।

# शिमला में 5 मंजिला इमारत ढही, कई जगहों पर भूस्खलन

**शिमला, एजेंसी**

### मानसून का कहर



शिमला के भट्टा कुफर में भारी बारिश के बाद ढह गए बहुमंजिला इमारत का मलबा।

हिमाचल प्रदेश में मानसून के सक्रिय रहने से सोमवार को भारी बारिश से नुकसान की कई घटनाएं हुईं। शिमला में एक पांच मंजिला इमारत ढह गई, जबकि रामपुर में बादल फटने से कई मवेशी बह गए। कई इलाकों में भूस्खलन और रास्तों के बंद होने से आम जनजीवन प्रभावित हुआ।

सोमवार सुबह शिमला के उपनगरीय क्षेत्र भट्टाकुफर में पांच मंजिला इमारत ढह गई, वहीं रामपुर के सिकासेरी गांव में बादल फटने से एक बाड़े से कई मवेशी बह गए। चमियाना सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रास्ते पर स्थित माथू कॉलोनी की इमारत ढह गई। जिला प्रशासन ने खतरे को भांपते हुए इमारत खाली करा ली थी। पास की दो अन्य इमारतों पर भी खतरा बना है। इमारत की मालकिन रंजना वर्मा ने बताया, शनिवार की बारिश के बाद जमीन खिसक रही थी, इसलिए हमने रविवार रात को ही इमारत खाली कर दी थी। सोमवार सुबह सवा आठ बजे इमारत ढह गई। पास में बन रही चार लेन वाली सड़क के निर्माण से इमारत कमजोर हो गई थी, लेकिन उसकी सुरक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया।

चमियाना ग्राम पंचायत के उपप्रधान यशपाल वर्मा के अनुसार भवन में दरारें आ गई थीं, लेकिन कैथलीघाट-ढली चार लेन वाली सड़क का निर्माण कर रही कंपनी के अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि भवन सुरक्षित है। वर्मा ने बताया कि पंचायत ने कंपनी को काम रोकने के लिए कहा था क्योंकि इससे इमारतें असुरक्षित हो रही थीं। इस बीच, रामपुर के सरपारा ग्राम पंचायत के सिकासेरी गांव में बादल फटने से दो गौशालाएं, तीन गायें और दो बछड़े, एक रसोई और एक कमरा बह गया।

## एक नजर



इंग्लैंड के एजबेस्टन में गेंदबाजी का अभ्यास करते मोहम्मद सिराज। ● एजेंसी

### रॉकेट क्लासिक गोल्फ में संयुक्त 26वें स्थान पर रहे भाटिया

**डेट्रॉयट :** अक्षय भाटिया ने पीजीए टूर पर रॉकेट क्लासिक गोल्फ के चौथे दौर के आखिरी 12 होल में नौ बर्डी लगाकर सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेला। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी भाटिया तीसरे दौर के बाद संयुक्त 55 वें पायदान पर थे लेकिन आखिरी दिन शानदार प्रदर्शन के बूते उन्होंने अपना अभियान संयुक्त 26वें स्थान के साथ खत्म किया। उनका कुल स्कोर 15 अंडर का रहा। भाटिया ने तीसरे और पांचवें होल में बोगी किया लेकिन फिर सातवें से 10वें होल और 12वें से 15 वें होल तक दो बार लगातार चार बर्डी के साथ शानदार वापसी की। उन्होंने 18वें होल में भी बर्डी लगा कर शुरुआती तीन दौर के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़ा। भाटिया ने शुरुआती तीन दौर में 68, 70, 70 के कार्ड खेले थे।

### स्टीव स्मिथ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा) :** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने अपने दाएं हाथ की छोटी उंगली पर लगी चोट से उबरने के लिए बेसबॉल का सहारा लिया और अब वह वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। स्मिथ को इस महीने की शुरुआत में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान पहली स्लिप में दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा का मुश्किल कैच लेने की कोशिश करते समय दाहिने हाथ की छोटी उंगली में चोट लग गई थी। इस 36 वर्षीय पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने अपने घाव को साफ करने, टांके लगाने और उंगली में पट्टी लगाने के बाद तुरंत लंदन छोड़ दिया। चोट के अपने आप ठीक होने का इंतजार करने के बजाय उन्होंने न्यूयॉर्क में ''बेसबॉल केज'' में जाने का फैसला किया, जहां उनका एक अपार्टमेंट है। चोट के कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 159 रन जीता था।

### दुबई में आयोजित की जाएगी पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग

**नयी दिल्ली :** पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) अगले साल फरवरी मार्च में दुबई में आयोजित की जाएगी जिसमें 30 देश भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस प्रतियोगिता को अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) से मान्यता हासिल है। यह फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता है जिसमें भारत सहित दुनिया भर के खिलाड़ी अपना कौशल दिखाएंगे। लीग का संचालन करने वाली एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और संस्थापक संभव जैन ने कहा कबड्डी न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक खेल समुदाय के लिए एक बड़े मंच का हकदार रहा है। लीग में कुल आठ फ्रेंचाइजी टीम हिस्सा लेंगी। भारत सहित दक्षिण कोरिया, ईरान, थाईलैंड, पाकिस्तान, मलेशिया, जापान, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों ने इसमें खेलने की पुष्टि कर दी है।

### छह वर्षीय तेगबीर सिंह ने यूरोप की सबसे ऊंची पर्वत चोटी फतह की

**रूपनगर :** पंजाब में रूपनगर शहर के रहने वाले तेगबीर सिंह ने रूस में स्थित माउंट एल्ब्रस पर 18510 फुट (5642 मीटर) से अधिक की ऊंची चोटी फतह करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। तेगबीर ने 20 जून को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी। इसी के साथ छह साल और नौ महीने के तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोह बन गया है। उल्लेखनीय है कि माउंट एल्ब्रस कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्र है और यहां का सामान्य तापमान शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे रहता है तथा चढ़ाई के दौरान कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ता है।

# भारत के गेंदबाजी आक्रमण में विविधता की कमी चिंता का विषय

## आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल ने कुलदीप और अर्शदीप को चुनने की सलाह दी

लंदन, एजेंसी

आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत को गेंदबाजी आक्रमण में विविधता के अभाव का खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कुलदीप यादव को शेन वॉर्न के बाद सर्वश्रेष्ठ कलाई का स्पिनर करार देते हुए उन्हें और अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने की सलाह दी।

भारत को पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड ने पांच विकेट से हराया। भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में आठ कैच टपकाये। चैपल ने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' के लिये अपने कॉलम में लिखा हेडिंग्ले में फील्डिंग बहुत निराशाजनक थी, लेकिन हार का यह अहम कारण नहीं था। भारत ने अपनी परेशानियां खुद खड़ी की थी। सबसे बड़ी गलती तो वह नो बॉल थी जिससे दूसरी पारी की शुरूआत में ही हैरी ब्रूक को जीवनदान मिला। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि भारत के सामने समस्या यह भी थी कि उसके दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर लगभग एक से ही थे। उन्होंने कहा भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में विविधता का अभाव था। जसप्रीत बुमराह को छोड़कर बाकी तेज गेंदबाज एक जैसे ही थे। गेंदबाजी में बदलाव के तुरंत बाद विकेट गिरने का कारण यह होता है कि बल्लेबाज को ढलने में समय लगता है। लेकिन भारतीय टीम के पास यह विकल्प नहीं था। भारत के पूर्व कोच ने कहा बुमराह की गैर मौजूदगी में अर्शदीप सिंह को टीम में जगह मिलनी चाहिए। इसके साथ ही कुलदीप यादव को भी उतारना चाहिये जो शेन वॉर्न के बाद कलाई का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर है।



कुलदीप यादव।

### ईसीबी ने ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया: फारुख इंजीनियर

**बर्मिंघम :** दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के करीबी मित्र फारुख इंजीनियर ने कहा कि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया तथा इस पूर्व कप्तान के नाम पर पदक देने का फैसला उनके जैसे प्रशंसकों को खुश करने के लिए किया गया। ईसीबी ने 2007 में भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के लिए पटौदी ट्रॉफी की शुरुआत की थी, लेकिन पांच मैचों की वर्तमान सीरीज शुरू होने से पहले इसका नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया। इस फैसले की सुनील गावस्कर जैसे क्रिकेटरों ने आलोचना की थी। इंजीनियर भी इस फैसले से निराश हैं लेकिन इसके साथ उन्हें यह भी लगता है कि सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन की उपलब्धियां निर्विवाद हैं। तेंदुलकर ने ईसीबी से संपर्क किया, जिसके बाद घरेलू बोर्ड ने श्रृंखला जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी पदक देने का फैसला किया।

### इंग्लैंड ने एकादश में कोई नहीं किया बदलाव अभ्यास में शामिल नहीं हुए आर्चर

**बर्मिंघम :** भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने अपनी अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है, जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर परिवार में इमरजेंसी के कारण सोमवार को एजबेस्टन में टीम की अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं बने। आर्चर के बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले मंगलवार को टीम में फिर से शामिल होने की उम्मीद है। इंग्लैंड ने हालांकि हेडिंग्ले में श्रृंखला के पहले मैच में पांच विकेट से जीत हासिल करने वाली एकादश को दूसरे टेस्ट के लिए बरकरार रखने का फैसला किया है। दायें हाथ का यह तेज गेंदबाज पांच मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं था। उन्हें अब एकादश का हिस्सा बनने के लिए इंतजार करना होगा।

**इंग्लैंड की टीम :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।



भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की तैयारी में एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया। ● एजेंसी

# बुमराह पर फैसला अगले 24 घंटे में, लेकिन दो स्पिनरों के खेलने की संभावना : सहायक कोच

बर्मिंघम, एजेंसी

भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के दूसरे टेस्ट में खेलने को लेकर अगले 24 घंटों में फैसला लिया जाएगा लेकिन भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे को पूरा यकीन है कि उनकी टीम एजबेस्टन में दो स्पिनरों के साथ मैदान पर उतरेगी।

कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करने की मांग बढ़ रही है लेकिन बल्लेबाजी की गहराई बनाए रखने के लिए रविंद्र जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर भी एकादश में जगह बनाने की दौड़ में है। भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में सोमवार को तीनों स्पिनरों ने गेंदबाजी की। बुमराह चोटिल होने से बचने के लिए इस सीरीज में पांच में से तीन टेस्ट खेलेंगे। उन्होंने अभ्यास सत्र की शुरुआत में दो रंग की गेंद (लाल और सफेद) से गेंदबाजी की और फिर फिर सत्र के आखिरी क्षणों में 'ड्यूक' गेंद से गेंदबाजी की। उन्होंने लगभग तीन ओवर गेंदबाजी की जबकि उनके साथी खिलाड़ी मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा ने शुरू में काफी गेंदबाजी की।



भारतीय टीम सीरीज को 0-1 से पिछड़ने के बाद बुमराह के तीन टेस्ट मैचों के चयन को लेकर दुविधा में है। डोइशे ने कहा वह जाहिर तौर पर चयन के लिए उपलब्ध है। हम शुरू से जानते हैं कि वह पांच में से सिर्फ तीन मैच खेलेगा। उसे पिछले टेस्ट से उबरने के लिए आठ दिन मिले हैं। उन्होंने कहा हमें यह तय करना है कि मौजूदा परिस्थितियों, कार्यभार और अगले चार मैचों के लिए हम उसे कैसे बेहतर तरीके से प्रबंधित कर सकते हैं, इस पर हमने अभी कोई फैसला नहीं लिया है। हम यह भी देखेंगे कि अन्य खिलाड़ियों का कार्यभार कैसा है। उन्होंने कहा, हमें अगर लगा कि उसे इस टेस्ट में खिलाने में फायदा है, तो हम आखिरी मिनट में यह फैसला लेंगे। फायदा से मेरा मतलब मौसम, पिच और परिस्थितियों के आकलन से है। हमें यह भी तय करना है कि क्या उसे लॉर्ड्स और शायद मैनचेस्टर या ओवल के लिए बचाना बेहतर होगा? इससे जुड़े फैसले के पीछे बहुत सारे कारक है। भारतीय टीम के सीरीज में पिछड़ने के बाद बुमराह को टीम में शामिल करने बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा यह लुभावना तो है, लेकिन हमें यह भी लगता है कि हम जसप्रीत के बिना भी सीरीज को 1-1 कर सकते हैं।

# आयुष ने जीता पहला वर्ल्ड टूर यूएस ओपन खिताब

आयोवा (अमेरिका), एजेंसी

उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को सीधे गेमों में हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व टूर खिताब जीता। आयुष की इस जीत ने मौजूदा सत्र में विश्व टूर पर भारत के खिताबी सूखे को खत्म किया।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने रविवार को तीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-13 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने एक शानदार सप्ताह का समापन किया जिसमें सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चोऊ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक यादगार जीत भी शामिल है। यांग के खिलाफ यह आयुष की यह तीसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मलेशिया और ताइपे ओपन में भी कनाडा के इस खिलाड़ी को दो बार हराया था।



यह जीत काफी मायने रखता है, यह सीनियर सर्किट पर मेरा पहला खिताब है। मैं बहुत खुश हूं। मैंने यहां बहुत बढ़िया बैडमिंटन खेला। मैं अब अगले सप्ताह कनाडा ओपन का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

-आयुष शेट्टी, बैडमिंटन खिलाड़ी

### तन्वी को फाइनल में मिली शिकस्त

महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा उपविजेता रहीं। उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। तन्वी ने कहा मैं अपने प्रदर्शन से काफी खुश हूं। मैं फाइनल के लिए कोर्ट में आने से पहले थोड़ी घबराई हुई थी और मैंने कई गलतियां की। यह सुपर 300 स्तर पर मेरा पहला फाइनल था, मैं इसे लेकर संतुष्ट हूं।



## मेदवेदेव विंबलडन के पहले दौर में हुए उलटफेर का शिकार

**लंदन :** नौवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव सोमवार को विंबलडन के शुरुआती दौर में 64वीं रैंकिंग वाले बेंजामिन बोंजी से 7-6 (2), 3-6, 7-6 (3), 6-2 से हार के साथ उलटफेर का शिकार बने। पिछले साल विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले मेदवेदेव लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के पहले दौर से बाहर हो गए हैं। रूस का यह खिलाड़ी इससे पहले फ्रेंच ओपन में भी पहले दौर से बाहर हो गया था। उन्हें साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दूसरे दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

मेदवेदेव इससे पहले 2017 में लगातार दो ग्रैंड स्लैम के शुरुआती दौर में हारे थे। वह उस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हुए थे। मेदवेदेव इस साल पेरिस में कैमरून नॉरी से पांच सेट के मैच में हार गये थे। वह 2023 में फ्रेंच ओपन की पहली बाधा पार करने में नाकाम रहे थे।

# विजय अभियान जारी रखने उतरेगी महिला टीम

ब्रिस्टल, एजेंसी

- नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की वापसी की उम्मीद
- स्मृति मंधाना के स्ट्रोक्स से इंग्लैंड के खेमे में चिंता की लकीरें

पहले मैच में बड़ी जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम मंगलवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म और कप्तान हरमनप्रीत कौर की संभावित वापसी का पूरा फायदा उठाकर अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।

नॉटिंघम में खेले गए पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में मंधाना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था। मंधाना के स्ट्रोक्स से भरे शतक ने इंग्लैंड के खेमे में खतरे की घंटी बजा दी होगी, क्योंकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम बुरी तरह बिखर गई और 113 रन पर ढेर हो गई। यह वह दिन था जब मंधाना की पारी ने मेजबान टीम को जबरदस्त दबाव में ला दिया। भारत के स्पिन आक्रमण के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। उसके बल्लेबाजों के पास भारतीय स्पिनरों विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी का कोई जवाब नहीं था जिन्होंने अपने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए। पिछले साल टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बाएं मंधाना ने जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं।



हरमनप्रीत कौर।

**समय : रात 11:00 बजे से**

**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, राधा यादव।

**इंग्लैंड :** नताली साइवर-ब्रंट (कप्तान), टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), सोफिया डंकले, एमी जोन्स (विकेट कीपर), डैनी व्याट-हॉज, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, पैगे शॉल्फिल्ड, एम अर्लट, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, लिन्सी स्मिथ, इसी वोंग।

# सचिन जैसी 'सुपरपावर' चाहते हैं भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह चुनौतियों का सामना ठंडे दिमाग से करने के लिये महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर जैसी 'सुपरपावर' पाना चाहते हैं। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्ष के चोपड़ा ने यह भी कहा कि ह धीरे धीरे प्रवाह की अवधारणा समझ रहे हैं जब उनके दिग्गज कोच जान जेलेंजी ने उन्हें भाला फेंकने से पहले 18 बरस के युवक की तरह किसी तनाव के बिना दौड़ने की सलाह दी।



उन्होंने कहा कि अब तक मैदान से भीतर और बाहर उन्हें सर्वश्रेष्ठ सलाह चेक कोच जेलेंजी से मिली है जिनके नाम 98 . 48 मीटर का भालाफेंक का विश्व रिकॉर्ड है। चोपड़ा ने 'स्टार स्पोटर्स' और 'जियो हॉटस्टार' से कहा जब भी मैं थ्रो फेंकता हूं तो मैं काफी ऊर्जावान रहता है लेकिन कोच ने मुझसे कहा कि मुझे प्रवाह के साथ दौड़ना है। मुझे 18 वर्ष के लड़के की तरह बिना किसी तनाव के दौड़ना है। मैं धीरे धीरे प्रवाह की अवधारणा समझ रहा हूं। उन्होंने कहा किसी भी खेल में प्रवाह महत्वपूर्ण है। मसलन रोजर फेडरर इतनी गरिमा और लय के साथ खेलते हैं कि पता ही नहीं चलता कि वह इतना प्रयास कर रहे हैं। मैं अपने अभ्यास में वही उतारना चाहता हूं। यह पूछने पर कि वह किस क्रिकेटर की सुपरपावर भालाफेंक में उतारना चाहेंगे। चोपड़ा ने कहा सचिन तेंदुलकर। उन्होंने इतने साल तक इतने शानदार तरीके से देश का प्रतिनिधित्व किया। इतने महान गेंदबाजों की चुनौतियों का सामना करके भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा मैं वही सुपरपावर लेना चाहूंगा और वैसे ही खेलना चाहूंगा। इससे मुझे शांत रहकर चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी।

# मुक्केबाज ने लगाया महिला कोच पर यौन उत्पीड़न का आरोप

नयी दिल्ली, एजेंसी



- बार-बार मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के कारण अवसाद में चली गई है जूनियर मुक्केबाज, माता-पिता ने दर्ज कराई एफआईआर

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के रोहतक केंद्र की राष्ट्रीय मुक्केबाजी अकादमी (एनबीए) की महिला कोच पर राष्ट्रीय स्तर की नाबालिग मुक्केबाज ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। नाबालिग के माता-पिता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी (एफआईआर) के अनुसार बार-बार 'मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न' के कारण वह अवसाद में चली गई है।

इस से जुड़ी प्राथमिकी की प्रति होने के बावजूद 'पीटीआई-भाषा' आरोपी का नाम सार्वजनिक नहीं कर रहा है क्योंकि मामले की जांच चल रही है। इस मामले में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से जब टिप्पणी के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने 17 वर्षीय पीड़िता द्वारा डराने-धमकाने और थप्पड़ मारने की घटनाओं के बारे में शिकायत

मिलने की बात स्वीकार की, लेकिन एफआईआर में लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के बारे में उन्हें सूचित किए जाने से इनकार किया। दोनों संस्थाओं ने कहा कि उनकी आंतरिक जांच में कोच के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला। यह कोच इस समय जूनियर और युवा मुक्केबाजों के लिए राष्ट्रीय शिविर के संचालन में प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। साइ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह जांच में सहायता करेगा। साइ के क्षेत्रीय केंद्र (सोनीपत) ने इस बारे में 'पीटीआई' के सवाल पर कहा अभी तक हमें किसी प्राथमिकी की प्रति नहीं मिली है। एनबीए रोहतक की एक महिला मुक्केबाज ने 24 अप्रैल 2025 को ई-मेल कर एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आयरलैंड में 25 मार्च 2025 से तीन अप्रैल 2025 तक आयोजित आमंत्रण मुक्केबाजी टूर्नामेंट के दौरान एक महिला कोच द्वारा मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उस शिकायत में यौन उत्पीड़न का कोई आरोप नहीं लगाया गया था। उन्होंने कहा, मामले की एक विस्तृत जांच की गई जिसमें शिकायतकर्ता, संबंधित कोच, सभी साथी कोच, वहां मौजूद कर्मचारियों और साथी खिलाड़ियों के बयान लिए गए। उन्होंने कहा साइ स्वच्छ खेल सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्राथमिकी के आधार पर किसी भी समय जांच के दौरान सहयोग के लिए तैयार रहेगा।

### रोहतक पुलिस स्टेशन में एफआईआर में दर्ज पीड़िता का दर्द

रोहतक पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने कहा है कि कोच ने एक बार जबरन उसके कपड़े उतारने की कोशिश की, उसे कई बार थप्पड़ मारे, उसका करियर बर्बाद करने की धमकी दी और अन्य मुक्केबाजों के सामने उसे 'बुरे चरित्र वाली' कहा, जिससे वह अलग-थलग पड़ गई। कोच के खिलाफ शिकायत भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (जान बूझकर से चोट पहुंचाना) और 351 (3) (आपराधिक धमकी) के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम की धारा 10 (गंभीर यौन उत्पीड़न) के तहत दर्ज की गई है।

# सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी चार दिन की भूटान यात्रा पर गए

नई दिल्ली, एजेंसी



- राजा जिग्मे खेसर और सेना प्रमुख बट्टू शेरिंग से करेंगे विस्तृत बातचीत

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी सोमवार को भूटान की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। अधिकारियों के मुताबिक रणनीतिक रूप से अहम स्थान पर डोकलाम पठार के आसपास बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के चीन के अथक प्रयासों की पृष्ठभूमि में सेना प्रमुख पड़ोसी मुल्क गए हैं।

भूटान के साथ पहले से ही घनिष्ठ द्विपक्षीय सैन्य संबंध हैं और उनकी इस यात्रा से रिश्तों के और मजबूत होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि भूटान की राजधानी थिम्पू में जनरल द्विवेदी राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात करेंगे और भूटान के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बट्टू शेरिंग के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। सेना प्रमुख की 30 जून से तीन जुलाई तक की भूटान यात्रा बदलते क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के बीच हो रही है। इसी के साथ वह पाकिस्तानी क्षेत्रों में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर' के सात सप्ताह बाद पड़ोसी देश गए हैं। भारतीय सेना ने कहा, यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों में स्थायी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है।

# तेजी से हथियार बनाने में यूक्रेन की मदद करेगा जर्मनी

**कीव।** जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल ने सोमवार को कहा कि उनके देश का लक्ष्य यूक्रेन को और अधिक तेजी से हथियार बनाने में मदद करना है ताकि कीव रूस के साथ तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति वार्ता में अपनी स्थिति मजबूत कर सके।

वेडफुल ने जर्मन रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ यूक्रेनी राजधानी कीव की यात्रा के दौरान कहा, हम मानते हैं कि हमारा काम यूक्रेन की मदद करना है ताकि वह अधिक मजबूती से बातचीत कर सके। अमेरिका के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय शांति प्रयास युद्ध को रोकने में विफल रहे हैं।

## हर दल है बेनकाब

# बलात्कार और राजनीति

कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में एक छात्रा से सामूहिक बलात्कार की घटना से फिर सवाल खड़े हो गए हैं कि देश में सार्वजनिक स्थलों पर भी महिलाएं आखिर सुरक्षित क्यों नहीं हैं। छात्रा से बलात्कार का मुख्य आरोपी सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का सदस्य होना यह भी दर्शाता है कि राजनीति में चरित्रवान लोग अब कम ही राजनीतिक दलों की प्राथमिकता रह गए हैं। रिकॉर्ड बताता है कि महिलाओं के प्रति अपराधों के मामले में कोई भी दल आरोपों से अछूता नहीं है। इस तरह भारत में बलात्कार की घटनाएं सिर्फ कानून व्यवस्था नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और राजनीति का भी संकट बन गई हैं। ऐसी तमाम घटनाएं उदाहरण हैं, जब आरोपियों को खुलकर सत्ता का संरक्षण मिला और समाज चुप रह गया।



### इतनी घटनाएं क्यों

समाज में पितृसत्तात्मक सोच और महिला विरोधी मानसिकता, महिलाओं की आजादी पर नियंत्रण की कोशिश, अक्सर आरोपियों को राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण, आरोपी के प्रभावशाली होने पर पुलिस की अनदेखी, न्याय मिलने में वर्षों लगना जैसे कारण इसके जिम्मेदार माने जाते हैं।

### हर 16 मिनट में एक बलात्कार

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरों के आंकड़ों के मुताबिक देश में सन् 2023 में बलात्कार की 33000 से ज्यादा घटनाएं दर्ज हुईं, यानी हर 16 मिनट में एक बलात्कार हुआ। सर्वाधिक मामले राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र दर्ज हुए। वैश्विक स्तर पर भारत उन देशों में शामिल माना जाता है जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों की संख्या बहुत ज्यादा है। थॉमसन रियूटर्स फाउंडेशन की 2018 में जारी एक रिपोर्ट में भारत को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित देश बताया गया था।

### राज्यों की स्थिति

एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2022 राजस्थान में सर्वाधिक 6,379, मध्य प्रदेश में 4,843, यूपी में 3,539, महाराष्ट्र में 3,001, ओडिशा में 2,758, छत्तीसगढ़ में 2,501, बिहार में 1,378, पश्चिम बंगाल में 1,689, दिल्ली में 1,36 और हरियाणा में 1,284 बलात्कार के मामले दर्ज हुए।

### खादी पर महिला अपराधों के बेशुमार दाग

देश में बलात्कार के तमाम ऐसे चर्चित मामले है जिनमें राजनीतिक लोगों का नाम आया। यूपी में 2017 में उन्नाव के भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर पर नाबालिग लड़की से बलात्कार का आरोप लगा था और पुलिस हिरासत में उसके पिता की भी मौत हो गई थी। जम्मू कश्मीर के कठुआ में 2018 में 8 साल की बच्ची की गैंगरेप कर हत्या कर दी गई थी, मामला तब गर्माया जब भाजपा नेताओं ने आरोपियों के समर्थन में रैली निकाली। इस मामले में 6 लोग दोषी ठहराए गए थे। वर्ष 2020 में हुए हाथरस कांड में दलित युवती के साथ गैंगरेप हुआ था जिसकी बाद में मौत भी हो गई थी। पुलिस ने परिवार की मर्जी के बिना अंतिम संस्कार कर दिया। विपक्ष ने सत्तारूढ़ दल पर कई आरोप लगाए। पूर्व केंद्रीय मंत्री चिन्मयानंद लॉ की एक छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में जेल गए, हालांकि बाद में उन्हें जमानत मिल गई। कर्नाटक में महिलाओं पर हमले और यौन हिंसा के मामले में प्रमोद मुथालिक पर राजनीतिक संरक्षण के आरोप लगे।

### प्रज्वल रेवन्ना

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के परिवार के सदस्य और जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर तमाम महिलाओं और लड़कियों के यौन शोषण के आरोप थे। उसके बनाए सैकड़ों वीडियो वायरल हुए तो वह विदेश भाग गया। इंटरपोल नोटिस पर लौटा, अब जेल में है। महिलाओं को डराने और यौन उत्पीड़न के आरोपी उसके पिता एचडी रेवन्ना को जमानत मिल चुकी है।

## एक नजर

### मणिपुर में चार लोगों की गोली मारकर हत्या

**चुराचांदपुर/इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने 60 वर्षीय महिला सहित कम से कम चार लोगों की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी। घात लगाकर यह हमला मोंगजांग गांव के पास दोपहर दो बजे हुआ जब पीड़ित एक कार में यात्रा कर रहे थे। चुराचांदपुर जिला मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि प्रतीत होता है कि चारों लोगों को नजदीक से गोली मारी गई। उन्होंने कहा कि मारे गए लोगों की पहचान अभी नहीं हुई है। मौके से 12 से अधिक खाली कारतूस बरामद किए गए। किसी भी संगठन ने हमले के लिए अब तक जिम्मेदारी नहीं ली है।

### नेपाल के मुगु जिले में फिर भूकंप के झटके आए

**काठमांडू।** नेपाल के मुगु जिले में सोमवार को 4.3 तीव्रता का भूकंप आया। क्षेत्र में 24 घंटे से भी कम समय पहले भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, जिले के कोटडांडा क्षेत्र में सुबह 8.39 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। रविवार को जिले के जिमा गांव में दोपहर 2.34 बजे 4.8 तीव्रता का भूकंप आया था। पर्वतीय क्षेत्र नेपाल में अक्सर भूकंप आते रहते हैं।

### पश्चिमी वेनेजुएला में बाढ़ से सैकड़ों घर हुए नष्ट

**कराकास।** पश्चिमी वेनेजुएला में भारी बारिश के कारण कई प्रांतों में बाढ़ आने से सैकड़ों घर नष्ट हो गए हैं। पश्चिमी प्रान्त मेरिडा के गवर्नर अर्नाल्डो सांचेज़ ने कहा कि बारिश और बाढ़ से कम से कम 370 घर प्रभावित हुये हैं और 103 घर नष्ट हो गये हैं। श्री सांचेज़ ने सोशल मीडिया पर कहा कि एंडियन हाइलैंड्स में प्रभावित लोगों को कम से कम दो टन खाद्य आपूर्ति वितरित की गयी है और सुरक्षा बल तथा वालंटियर सहायता प्रदान करने के लिए पहुंचे गए हैं।

### पाकिस्तान : आतंकी हमलों में पांच की मौत

**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में आतंकवाद की दो घटनाओं में दो सुरक्षाकर्मियों और शांति समिति के तीन सदस्यों सहित पांच लोग मारे गए। दोनों घटनाएं ख़ैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अशांत लक्की मरवात जिले में हुईं। पहली घटना में रविवार सुबह एक गश्ती वाहन को निशाना बनाकर किए गए बम विस्फोट में दो सैनिकों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने बताया कि शाहब खेल क्षेत्र में एक अन्य घटना में अज्ञात बंदूकधारियों ने तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

# असीम मुनीर के फिर जहरीले बोल कश्मीर में आतंकवाद वैध संघर्ष

## पड़ोसी देश फिर बेनकाब, सेना प्रमुख ने कहा- साथ देता रहेगा पाकिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। फील्ड मार्शल मुनीर ने भारत को भविष्य में किसी भी हमले की स्थिति में करारा जवाब देने की चेतावनी भी दी।

मुनीर ने शनिवार को कराची स्थित पाकिस्तान नौसेना अकादमी में पासिंग आउट समारोह को संबोधित करते हुए कहा, भारत जिसे आतंकवाद कहता है, वह वास्तव में स्वतंत्रता के लिए एक वैध और कानूनी संघर्ष है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून द्वारा मान्यता प्राप्त है। मुनीर ने दावा किया, जिन लोगों ने कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं को दबाने और समाधान के बजाय संघर्ष को खत्म करने की कोशिश की, उन्होंने अपने कृत्यों से इस आंदोलन को और अधिक प्रासंगिक बना दिया है। पाकिस्तान हमेशा कश्मीर के लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार के संघर्ष में उनके साथ खड़ा रहेगा।

मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार कश्मीर मुद्दे के न्यायोचित समाधान का प्रबल समर्थक है। इससे पहले पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख हमेशा उसके अभिन्न अंग थे, हैं और रहेंगे। भारत सरकार के पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद-370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने और राज्य को दो-केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास बढ़ गई।

### अफगानिस्तान से लगने वाली प्रमुख सीमा बंद की

**पेशावर।** पाकिस्तान ने सुरक्षा खतरों के कारण अफगानिस्तान से लगने वाली एक प्रमुख सीमा को अस्थायी रूप से अगले आदेश तक बंद कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने रविवार को बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को हुए आत्मघाती हमले और अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत में झड़पों के बाद गुलाम खान सीमा को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा, हमले के बाद उत्तरी वजीरिस्तान में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और सीमा (गुलाम खान) को अनिर्दिष्ट अवधि के लिए बंद कर दिया गया है।

### दक्षेस की जगह नया क्षेत्रीय संगठन बनाने में जुटे चीन-पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और चीन एक नए क्षेत्रीय संगठन की स्थापना के प्रस्ताव पर काम कर रहे हैं, जो लगभग निष्क्रिय पड़े दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) की जगह ले सकता है। सोमवार को एक खबर में यह दावा किया गया।

राजनयिक सूत्रों के हवाले से 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने लिखा कि इस्लामाबाद और बीजिंग के बीच बातचीत अब आगे के चरण में है, क्योंकि दोनों पक्ष इस बात से आश्वस्त हैं कि क्षेत्रीय एकीकरण और संपर्क के लिए एक नया संगठन आवश्यक है। यह नया संगठन संभावित रूप से क्षेत्रीय संगठन दक्षेस की जगह ले सकता है। दक्षेस में भारत, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। उन्होंने कहा कि चीन के कुनमिंग में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की हाल में हुई त्रिपक्षीय बैठक इन कूटनीतिक प्रयासों का हिस्सा थी। सूत्रों के अनुसार, इसका लक्ष्य अन्य दक्षिण एशियाई देशों को, जो दक्षेस (सार्क) का हिस्सा थे, नए समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करना है। हालांकि, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ढाका, बीजिंग और इस्लामाबाद के बीच किसी भी उभरते गठबंधन के विचार को खारिज कर दिया और कहा कि बैठक राजनीतिक नहीं थी।

# गाजा में इजराइली सेना के हमले में 22 फलस्तीनी मारे गए

**काहिरा।** दक्षिणी गाजा में सोमवार को इजराइली सेना के हमले में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गयी एवं 20 अन्य घायल हो गये। हताहत लोगों में से कई आवश्यक खाद्य सहायता लेने का प्रयास कर रहे थे। चश्मदीदों, अस्पतालों एवं गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

- राशन लेने आए लोगों पर फिर की गोलीबारी

खान यूनिस स्थित नासेर अस्पताल ने बताया कि उसके यहां 11 लोगों के शव लाये गये जिन्हें दक्षिणी गाजा में इजराइली और अमेरिका समर्थित गाजा मानवीय कोष (जीएचएफ) से जुड़े सहायता स्थल से लौटते समय गोली मार दी गई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी गाजा में संयुक्त राष्ट्र सहायता गोदाम पर हमले में दस अन्य लोग मारे गए।

दक्षिणी गाजा में यह हमला खान यूनिस शहर में जीएचएफ स्थल से लगभग तीन किलोमीटर (1.8 मील) दूर हुआ। यूसुफ महमूद मोखाइमर दर्जनों अन्य लोगों के साथ चल रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि वाहनों और टैंकों में सवार सैनिक तेजी से उनकी ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले तो सैनिकों ने चेतावनी के तौर पर हवा में गोलियां चलाईं, फिर भीड़ पर गोलियां चलाईं।

# ईरान जल्द ही फिर शुरू कर सकता है यूरेनियम संवर्धन

वियना, एजेंसी

- आईएईए प्रमुख ने जताई आशंका, कहा- अमेरिकी हमले में पूरी तरह नष्ट नहीं हुए परमाणु ठिकाने

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा है कि अमेरिकी हमलों ने ईरानी परमाणु ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाया है मगर वे पूरी तरह से नष्ट नहीं हुए हैं और इसी वजह से ईरान कुछ ही महीनों में यूरेनियम संवर्धन शुरू कर सकता है।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार ग्रॉसी का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस दावे के विपरीत है जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान की परमाणु परियोजना को दशकों पीछे धकेल दिया गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी कहा था कि अमेरिकी हमलों में फोर्डो, नतांज़ और इस्फ़हान परमाणु ठिकानों के सेंट्रीफ्यूज को काफी नुकसान पहुंचने से ईरान का परमाणु कार्यक्रम कई वर्षों के लिए टल गया है।

'फेस द नेशन विद मार्गरेट ब्रेनन' के साथ साक्षात्कार में उन्होंने अलग-अलग आकलन पर अपना रुख बताते हुए कहा, सामूहिक विनाश के हथियारों में यह दृष्टिकोण ठीक नहीं है। उनके पास जो क्षमताएं हैं, वे मौजूद हैं। आप जानते हैं कि वे कुछ ही महीनों में सेंट्रीफ्यूज के कुछ कैस्केड घुमाकर यूरेनियम संवर्धन कर सकते हैं। स्पष्ट रूप से कहें तो, कोई यह दावा नहीं कर सकता कि सब कुछ गायब हो गया है और अब वहां कुछ भी नहीं है। ग्रॉसी ने कहा कि निगरानी समूह की जांच में परमाणु हथियार कार्यक्रम का संकेत नहीं मिला, लेकिन यूरेनियम संवर्धन नागरिक उपयोग की आवश्यकता से कहीं अधिक है। ईरान की ओर से कुछ बहुत महत्वपूर्ण सवालों का जवाब देने से इनकार करने से स्थिति और जटिल हो गई है।

### अमेरिका ने ग्रॉसी का दावा बकवास बताया

अमेरिका के एक अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि जैसा कि ग्रॉसी ने कुछ दिन पहले कहा था कि ऑपरेशन मिडनाइट हैमर से पहले और बाद में ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बीच का अंतर 'रात और दिन' जैसा है और उसे 'काफी नुकसान' हुआ है। उन्होंने कहा, "ईरान के पास कोई हवाई सुरक्षा नहीं है, इसलिए यह विचार कि, वे परमाणु हथियार कार्यक्रम फिर शुरू कर सकते हैं, बकवास है।

# भारत के साथ सीमा विवाद जटिल सुलझाने में समय लगेगा : चीन

बीजिंग, एजेंसी

- भारत के साथ बातचीत जारी रखने और शांति रखने की इच्छा जताई

चीन ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ सीमा विवाद जटिल है और इसे सुलझाने में समय लगेगा लेकिन इसके साथ ही उसने सरहदों के निर्धारण पर चर्चा करने तथा हालात शांतिपूर्ण बनाए रखने की अपनी इच्छा भी व्यक्त की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 26 जून को चिंगदाओ में चीनी समकक्ष दोंग जून के साथ बैठक में प्रस्ताव दिया था कि भारत और चीन को सीमाओं पर तनाव कम करने तथा सरहदों के निर्धारण की मौजूदा व्यवस्था को पुनर्जीवित करने के कदम उठाकर जटिल मुद्दों को सुलझाना चाहिए। सिंह और दोंग ने चिंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन के इतर द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें एलएसी पर शांति व स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया। सिंह की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, चीन और भारत ने सीमा से जुड़े विषय पर विशेष प्रतिनिधि तंत्र की स्थापना की है तथा चीन-भारत सीमा संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए राजनीतिक मापदंडों एवं मार्गदर्शक सिद्धांतों पर सहमति बनाई है।

### संवाद के तंत्र स्थापित होने से बातचीत में मिलेगी मदद

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, चीन भारत के साथ सरहदों के निर्धारण और सीमा प्रबंधन सहित अन्य मुद्दों पर संवाद बनाए रखने, सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने तथा सीमा पार आदान-प्रदान एवं सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, सकारात्मक पक्ष यह है कि दोनों देशों ने पहले ही गहन संवाद के लिए विभिन्न स्तर पर तंत्र स्थापित कर लिए हैं। हमें उम्मीद है कि भारत चीन के साथ इसी दिशा में काम करेगा, प्रासंगिक मुद्दों पर संवाद जारी रखेगा।

# चीन ने जापान से सीफूड के आयात पर प्रतिबंध हटाया

**बीजिंग।** चीन ने सुनामी से नष्ट हुए फुकुशिमा परमाणु ऊर्जा संयंत्र से थोड़ी मात्रा में रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल छोड़े जाने को लेकर लगभग दो साल के प्रतिबंध के बाद जापान से सीफूड के आयात पर प्रतिबंध हटा लिया है।

सीमा शुल्क एजेंसी की ओर से जारी एक नोटिस में कहा गया है कि जापान के अधिकतर हिस्सों से आयात फिर शुरू हो जाएगा। अगस्त 2023 में लगाया गया प्रतिबंध जापान के मत्स्य उद्योग के लिए बड़ा झटका था। जापानी सीफूड के लिए सबसे बड़ा विदेशी बाजार चीन का है। फुकुशिमा स्थित परमाणु संयंत्र 2011 में भीषण सुनामी से क्षतिग्रस्त हो गया था। कई वर्षों बहस के बाद परमाणु ऊर्जा संयंत्र कंपनी को सरकार से यह अनुमति मिल गई कि वह इस अपशिष्ट जल को समुद्र में धीरे-धीरे छोड़े।

## आजादी के संघर्ष की यादें



बीरभूम जिले के बोलपुर के बाहरी इलाके में संथाल विद्रोह की याद में आयोजित हुल दिवस समारोह के दौरान प्रदर्शन करते आदिवासी। हूल दिवस ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदानों को श्रद्धांजलि देने का दिन है जो 30 जून 1855 को शुरू हुआ था एजेंसी

### सीपीसी सदस्यता 10 करोड़ के पार

**बीजिंग।** चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के सदस्यों की संख्या 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। सीपीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 1921 में स्थापित सीपीसी के 2024 के अंत तक 10.027 करोड़ से अधिक सदस्य थे, जो 2023 से लगभग 10.9 लाख अधिक है।

### मालवाहक जहाज में लगी आग, नौसेना ने अपना पोत भेजा

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने द्वीपीय देश पलाऊ के ध्वज वाले एक जहाज के इंजन कक्ष में भीषण आग लगने के बाद मदद के लिए अपने स्टील्थ फ्रिगेट पोत को तैनात किया है। पलाऊ के इस संकटग्रस्त जहाज में भारतीय मूल के चालक दल के 14 सदस्य सवार थे। यह जहाज गुजरात के कांडला से ओमान के शिनास जा रहा था। नौसेना के अनुसार, स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तबर ने एमटी यी चेंग 6 की सहायता के लिए आए संदेश पर कार्रवाई की।

# जम्मू-कश्मीर में पकड़ा गया आतंकवादियों का गाइड

राजौरी/जम्मू, एजेंसी

- चार आतंकवादियों के साथ घुसपैठ की कोशिश करते हुए किया गया गिरफ्तार

जम्मू-कश्मीर के पूंछ और राजौरी जिलों की सीमा पर नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश के दौरान गिरफ्तार एक पाकिस्तानी नागरिक की पहचान आतंकवादियों के गाइड के रूप में हुई है।

अधिकारियों के अनुसार, मोहम्मद आरिफ जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों के एक समूह का नेतृत्व करते हुए भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था, जब रविवार दोपहर को सेना के जवानों ने उसे पकड़ लिया। उसके साथ मौजूद आतंकवादी एक खड़ी चट्टान से कूद गए और घायल अवस्था में पाकिस्तानी सीमा में लौट गए। आरिफ पीओके के दातोटे गांव का निवासी है और उसे सेना के 'ऐस ऑफ स्पेड्स' डिवीजन के तहत गंभीर इलाके में स्थित हजूरा चौकी के पास से गिरफ्तार किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों ने दुर्गम इलाके और घने जंगलों में संदिग्ध गतिविधि देखी, जहां से कुछ आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। आरिफ को पकड़ लिया गया, जबकि चार अन्य आतंकवादी भारतीय सेना को देख भाग निकले और 'नो मैन्स लैंड' से होते हुए दुर्गम रास्तों और खराब मौसम का फायदा उठा कर पाकिस्तानी सीमा में लौट गए। नो मैन्स लैंड किसी के स्वामित्व या नियंत्रण में नहीं होता है। यह आमतौर पर दो विरोधी पक्षों या सेनाओं के बीच की एक खाली भूमि होती है।

# अमेरिका में घात लगाकर दो दमकल कर्मियों की हत्या की

**बोइस (अमेरिका)।** अमेरिका में उत्तरी इडाहो के एक पर्वतीय इलाके में रविवार को एक बंदूकधारी ने पहले जंगल में आग लगा दी, फिर वहां पहुंचे दमकलकर्मियों पर घातकर हमला कर दिया जिसमें दो कर्मचारियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि बाद में बंदूकधारी भी मृत पाया गया। हालांकि अधिकारियों ने उसकी पहचान जारी नहीं की है। इडाहो के गर्वनर ब्रैड लिटिल ने इसे जघन्य हमला बताया। कूटेनई काउंटी के शेरिफ बॉब नॉरिस ने रविवार रात संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारा अनुमान है कि संदिग्ध ने ही आग लगाई और यह एक साजिश के तहत किया गया हमला था। इसके कारण दमकलकर्मियों को संभलने का कोई मौका ही नहीं मिला।

## यादों की टीस

### यूनियन कार्बाइड कारखाने का सारा 337 टन कचरा हुआ खाक

# 40 साल बाद खत्म हुआ भोपाल गैस त्रासदी का काला अध्याय

- सन् 1984 में हुआ था हादसा पांच मई को शुरू हुई थी कचरे को भस्म करने की प्रक्रिया

इंदौर, एजेंसी





मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश पर पीथमपुर के एक अपशिष्ट निपटान संयंत्र में भोपाल के यूनियन कार्बाइड कारखाने का बचा 307 टन कचरा खाक हो गया है। इसके साथ ही, भोपाल गैस त्रासदी के लिए जिम्मेदार कारखाने का कुल 337 टन कचरा भस्म हो गया है।

राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि धार जिले के संयंत्र में तीन परीक्षणों के दौरान यूनियन कार्बाइड कारखाने का 30 टन कचरा पहले ही जलाया जा चुका है। पीथमपुर में एक निजी कंपनी द्वारा संचालित अपशिष्ट निपटान संयंत्र में यूनियन कार्बाइड कारखाने के बचे 307 टन कचरे को भस्म किए जाने की प्रक्रिया पांच मई को देर शाम सात बजकर 45 मिनट के आस-पास शुरू हुई थी जो रविवार (29 जून) और सोमवार (30 जून) की दरमियानी रात 01:00 बजे समाप्त हो गई। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय के 27 मार्च को जारी निर्देश के मुताबिक यूनियन कार्बाइड के बचे कचरे को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में पीथमपुर के संयंत्र में 270 किलोग्राम प्रति घंटे की अधिकतम दर से जलाया गया।

द्विवेदी ने बताया कि इस कचरे को भस्म किए जाने के दौरान पीथमपुर के संयंत्र से अलग-अलग गैसों और कणों के उत्सर्जन की एक ऑनलाइन तंत्र द्वारा वास्तविक समय में निगरानी की गई। उन्होंने दावा किया, इस संयंत्र में यूनियन कार्बाइड कारखाने का कचरा जलाए जाने के दौरान तमाम उत्सर्जन मानक सीमा के भीतर पाए गए। कचरा भस्म किए जाने के दौरान आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर किसी विपरीत असर के बारे में हमारे पास कोई सूचना नहीं है। द्विवेदी के मुताबिक, यूनियन कार्बाइड कारखाने का कुल 337 टन कचरा जलने के बाद निकली राख और अन्य अवशेषों को बोरों में सुरक्षित तरीके से भरकर संयंत्र के 'लीक-प्रूफ स्टोरेज शेड' में रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन अवशेषों को जमीन में दफनाने के लिए तय वैज्ञानिक प्रक्रिया के तहत विशेष सुविधा (लैंडफिल सेल) का निर्माण कराया जा रहा है और यह काम नवंबर तक पूरा होने की उम्मीद है।

### हादसे में मारे गए थे करीब साढ़े पांच हजार लोग

भोपाल में दो और तीन दिसंबर 1984 की दरमियानी रात यूनियन कार्बाइड कारखाने से अत्यधिक जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ था। इससे कम से कम 5,479 लोग मारे गए थे और हजारों लोग अपंग हो गए थे। इसे दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक आपदाओं में गिना जाता है। वर्ष 2006 में सरकार के एक शपथ पत्र में माना गया था कि करीब 558,125 सीधे तौर पर प्रभावित हुए, आंशिक तौर पर प्रभावित होने वालों की संख्या लगभग 38,478 थी। 3900 पूरी तरह अपंगता के शिकार हो गए। 1993 में भोपाल-अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को इस त्रासदी के पर्यावरण और मानव समुदाय पर होने वाले दीर्घकालिक प्रभावों को जानने का काम सौंपा गया था।